TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 217
मंगलवार 3 जून, 2025
तापमान अधिकतम 34°C न्यूनतम 28°C
मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## नक्सल मुक्त राज्य की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़, 50 हजार की मिली सहायता

**सुकमा, 2 जून।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा।

सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की 'नियद नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है।

### कामयाबी
- सरकार ने शुरू की 'एलवद पंचायत योजना'
- नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान




अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ–आठ लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लेकम लखमा (28) पर तीन लाख रुपये तथा तीन अन्य नक्सलियों के सर पर दो–दो लाख रुपए इनाम था।

अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से नौ केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद, यह ग्राम पंचायत नक्सल मुक्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना के अनुसार, गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की नई नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत राज्य सरकार ने 'एलवद पंचायत योजना' शुरू की है, जिसमें उन ग्राम पंचायतों के लिए एक करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करने का प्रावधान है, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में मदद करेंगे तथा खुद को माओवाद मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित करेंगे।

राज्य सरकार द्वारा हाल ही में प्रोत्साहन योजना शुरू किए जाने के बाद जिले में यह दूसरी ऐसी ग्राम पंचायत है, जो इस समस्या से मुक्त हुई है। इस वर्ष अप्रैल माह में बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया गया था, जब वहां के सभी नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है तथा सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। पिछले वर्ष बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। बस्तर में सुकमा सहित सात जिले शामिल हैं।

# जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

- दूसरे स्थान पर सक्षम जिंदल ने बनाई जगह
- लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक
- टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा का ने वर्चस्व कायम

**नई दिल्ली, 2 जून।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है। कोटा से राजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। राजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वही टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा का ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी।

रजित गुप्ता के पिता दीपक गुप्ता बीएसएनल में अभियंता हैं। वहीं उनकी मां डॉक्टर श्रुति अग्रवाल जेडीबी कॉलेज में प्रोफेसर हैं। रजित के टॉपर आने के बाद पूरे परिवार में खुशियों की लहर है। वहीं दूसरी रैंक हासिल करने वाले स्टूडेंट सक्षम जिंदल ने बताया कि जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी निश्चित ही चुनौतीपूर्ण होती है, लेकिन जब समर्पण, स्पष्ट उद्देश्य और सशक्त मार्गदर्शन साथ हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। सक्षम ने जेईई मेन जनवरी में 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किए थे एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 10 हासिल की थी। सक्षम ने इससे पहले 10वीं कक्षा 98 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश की छुट्टी, एक जुलाई को कोर्ट खुलेगी

**प्रयागराज, 2 जून।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश की छुट्टी हो गई है। आज के सिविल मामलों की अर्जेंट सुनवाई के लिए केवल दो ही अदालतें बैठी थीं। एक दो जजों की पीठ बैठी, दूसरी एक जज की पीठ बैठी रही। ग्रीष्मावकाश में केवल अर्जेंट केस ही सुने जाते हैं। इन दिनों उन्हीं केस की सुनवाई कोर्ट करती है, जिसकी सुनवाई जुलाई में रेगुलर कोर्ट के सामने तक नहीं टाला जा सकता है। इसी प्रकार हाईकोर्ट में कुछ कोर्ट क्रिमिनल केसों की सुनवाई के लिए बैठी है। सिविल मामलों से क्रिमिनल केसों का दाखिला ज्यादा रहता है। इस कारण क्रिमिनल साइड में केसों की सुनवाई के लिए ज्यादा जज बैठे हैं। हाईकोर्ट में अवकाश के चलते अधिकांश न्यायाधीश छुट्टियां मनाने बाहर चले जाते हैं।

### दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता परिवार के साथ पहुंचीं केदारनाथ धाम

**केदारनाथ धाम, 2 जून।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सपरिवार आज सुबह सात बजे केदारनाथ धाम पहुंचीं और दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने के बाद अपने परिवार के साथ उत्तराखंड के दौरे पर हैं। केदारनाथ धाम में हेलीपैड पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और केदार सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का स्वागत किया।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली, 2 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई और सफलता व समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य ने राष्ट्रीय प्रगति में अनेकों योगदान दिए हैं। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! इस युवा राज्य में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक तथा तकनीकी विकास का जीवंत आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र है। मेरी कामना है कि तेलंगाना के लोग प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ें।

### असम में विदेशियों के निर्वासन से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली, 2 जून।** असम में विदेशियों के निर्वासन से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता गौहाटी हाईकोर्ट जाएं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन या कानूनी उपाय समाप्त होने के बिना संदिग्ध विदेशियों को हिरासत में लेने और निर्वासन के लिए अभियान शुरू किया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को गौहाटी हाईकोर्ट जाने के लिए कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा कि आप गौहाटी उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं? इस पर वकील ने कहा कि यह याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेश पर आधारित है।

# संगठित अपराध के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई : डीजीपी

महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम पर रहेगा विशेष जोर




**लखनऊ, 2 जून (तरुणमित्र)।** यूपी के नए डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी।

हम हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखेंगे। राज्य के हर हिस्से में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। हम अपराध और अपराधियों के खिलाफ एक अडिग रुख बनाए रखेंगे। संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। यह नीति हमारी कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान हमारी ■ शेष पेज 11 पर

# भाजपा सरकार ने असम को धोखा दिया : खरगे

**नई दिल्ली, 2 जून।** भारत के उत्तर पूर्वी राज्य इन दिनों बाढ़ और भारी बारिश से जूझ रहे हैं। इसके चलते उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ और भारी तबाही को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी पीएम केयर फंड के दरवाजे खोलेंगे।

खरगे ने दावा किया कि पीएम केयर फंड में करोड़ों रुपये बिना ऑडिट के रखे हुए हैं। खरगे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने साल 2016 में असम को बाढ़ मुक्त प्रदेश बनाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने असम को धोखा दिया है।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा कि उत्तर पूर्वी राज्य भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, सिक्किम और मेघालय सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य हैं। बाढ़ और भूस्खलन के चलते लाखों लोगों प्रभावित हुए हैं। खरगे ने कांग्रेस कार्यकताओं से इस मुश्किल घड़ी में लोगों की मदद करने की अपील की। खरगे ने लिखा कि 'साल 2016 में भाजपा ने बाढ़ मुक्त असम बनाने का वादा किया था। 2022 में अमित शाह ने भी इस वादे को दोहराया।

### निशाना
- कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर लगाए वादा तोड़ने के आरोप
- पीएम केयर फंड से धन आवंटित करने की मांग
- प्रियंका गांधी ने भी पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ के हालात पर चिंता जताई



अब कथित स्मार्ट शहर गुवाहाटी की तस्वीरें देखकर लगता है कि मोदी जी और उनकी डबल इंजन की सरकार ने असम के साथ धोखा किया।

'कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 'मोदी सरकार को सभी उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए फंड जारी करना चाहिए और खासकर असम के लिए ताकि बाढ़ के हालात से निपटा जा सके।

मोदी जी पीएम केयर फंड से भी फंड आवंटित कर सकते हैं, जिसमें बिना ऑडिट के करोड़ों रुपये पड़े हैं।' असम में बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इससे चार लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ■ शेष पेज 11 पर

# राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में दायर की अपील

**रांची, 2 जून।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को क्रिमिनल रिट याचिका दायर की है। उन्होंने चाईबासा के एमपी एमएलए की विशेष अदालत की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि वह पहले से ही उपस्थिति से छूट के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं, जो लंबित है। वैसी स्थिति में चाईबासा कोर्ट की ओर से गैर जमानती वारंट जारी करना सही नहीं है।

राहुल गांधी ने वारंट को निरस्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें 26 जून को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। हालांकि, अदालत में पेशी से छूट के लिए राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में अर्जी दायर की थी। लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज करते हुए सांसद को अदालत में पेश होने को कहा है।

# हम आतंकवाद के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े: पीएम

**नई दिल्ली, 2 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है।

मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि मार्ग प्रशस्त करेंगे। 'प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। इसके अलावा भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ■ शेष पेज 11 पर

### बैठक
- पैराग्वे के राष्ट्रपति से बोले पीएम मोदी
- कहा– भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग'
- 'करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी'



# सिक्किम में आर्मी कैंप पर भूस्खलन से तीन जवानों की मौत

**कोलकाता, 2 जून।** सिक्किम में भारतीय सेना के कैंप पर भूस्खलन हुआ है, जिससे तीन जवानों के मौत हो गई है। भूस्खलन के बाद से छह अन्य अभी भी लापता हैं। सेना ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान के प्रवक्ता विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने सोमवार दोपहर को जानकारी दी कि भारी बारिश के चलते रविवार की रात लगभग सात बजे लाचेन जिले के चेटन स्थित भारतीय सेना के कैंप पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ, जिसमें तीन जवानों की जान चली गई। इस हादसे में चार जवानों को मामूली चोटों के साथ सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जिन तीन जवानों के पार्थिव शरीर बरामद हुए हैं, उनमें हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और एक पोर्टर अभिषेक लखड़ा हैं। सेना की राहत टीमें अत्यंत विषम भू-भाग और खराब मौसम की चुनौतियों के बावजूद लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं, ताकि लापता छह कर्मियों को जल्द से जल्द खोजा जा सके।



लखनऊ में बदला मौसम छाए रहे बादल नहीं बरसे मेघा। - छाया तरुणमित्र

# कोरोना के मामलों ने बढ़ाई चिन्ता, 24 घंटे में चार की मौत

**नई दिल्ली, 2 जून।** देशभर में कोरोना के नए मरीजों की बढ़ती संख्या से वायरस को लेकर एक बार फिर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। कोरोना की नई लहर में जनवरी से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना से चार लोगों की मौत हो चुकी है। देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या की 3961 हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि कोरोना के मामलों में सबसे पहला स्थान केरल का है, जहां 1435 एक्टिव मामले सामने आए हैं। उसके बाद महाराष्ट्र है जहां 506 और दिल्ली में 483 एक्टिव मामले हैं।

पश्चिम बंगाल में 331, गुजरात में 338 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 3961 है और पिछले 24 घंटों में कुल चार मौतें हुई हैं। इसके साथ जनवरी से अब तक कोरोना से मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना से चार मरीजों की मौत हो गई है।

## इंडिया गठबंधन ने खत्म किया 'आप' से अपना नाता

# बिहार विस की सभी सीटें अकेले लड़ेगी पार्टी

तरुणमित्र

**नई दिल्ली, 2 जून।** आम आदमी पार्टी ने बिहार और इसके बाद आने वाले राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन से अपने अलग रास्ते अख्तियार कर लिए हैं। पार्टी इस साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी।

पार्टी हाल में दिल्ली विधानसभा चुनाव में बुरी हार झेल चुकी है। पार्टी दिल्ली की हार के बाद अब पंजाब और अन्य राज्यों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

पार्टी के केंद्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेता बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर अभियान के लिए रणनीति बना रहे हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि अब आप पार्टी किसी गठबंधन में नहीं है। हमारे पास अपनी ताकत है। हम इस पर आगे बढ़ रहे हैं। बिहार चुनाव अकेले लड़ने के मामले में पार्टी ने स्पष्ट मन बना लिया है क्योंकि पार्टी ने ये मान लिया है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हम किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं।

पार्टी बिहार में बूथ स्तर पर अपना संगठन बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। केजरीवाल जल्द बिहार में लोगों से जुड़ने के लिए सात चरणों की यात्रा कर रहे है। पार्टी बिहार में सभी 243 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। यहीं नहीं, पार्टी ने अगले दो साल के लिए अपने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली है। केजरीवाल बिहार के साथ अगले साल असम में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भी जोरदार अभियान चलाएंगे। इसके अलावा आप का लक्ष्य 2027 तक उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और गुजरात में चुनाव लड़ना है। ■ शेष पेज 11 पर

### रणनीति
- असम, गुजरात, गोवा आदि राज्यों के लिए भी पार्टी उड़ान को तैयार
- दिल्ली की हार के सदमे से उबरे केजरीवाल अब पार्टी को करेंगे मजबूत
- चुनावी तैयारियों के लिए राज्यों को दो श्रेणियों में बाँटा पार्टी ने

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार की मौत

मरने वाले सभी एक ही परिवार से

**बाराबंकी, 2 जून (तरुणमित्र)।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकट चंचल आंचल ढाबे के पास सुबह हुए ट्रक व आर्टिगा कार की टक्कर में कार सवार मृतकों की पहचान हो गई है। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है। जबकि दो बच्चों समेत एक अन्य महिला गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को कार से बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया। हादसा सोमवार सुबह 5:30 बजे लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग चंचल आंचल ढाबे के पास हुआ था। ट्रक व कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस की 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। कार सवार मृतकों में सुधीर मौर्या (35), उनकी पत्नी शांति मौर्या (33), रमाशंकर मौर्या( 38) और ड्राइवर अयान कुरैशी शामिल है।

वहीं घायलों में पूजा कुशवाहा (32), अक्ष (9) व अनवी (5), गंभीर घायल हैं। ये सभी एक ही कार से कानपुर अपने रिश्तेदार की रिसेप्शन समारोह में गए थे। वहां से लौटते समय यह हादसा रामनगर थाना क्षेत्र में हुआ।

कोतवाल अनिल पांडे ने बताया कि मृतकों के घर वालों को सूचित कर लाशों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया है।

# युवक को बंधक बनाकर वसूली करने वाले चार गिरफ्तार



कौशाम्बी, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के युवकों ने हरियाणा से लौटे एक युवक को बंधक बनाकर उनके परिजनों से फिरौती मांगी, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने चार युवकों को पिस्टल, कारतूस और एक बिना नंबर की कार के साथ अरेस्ट कर लिया, पुलिस ने लिखापढ़ी कर स्वयं आरोपियों को न्यायालय पेश किया, जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का है जहा रविवार को थाना मंझनपुर पर आदर्श त्रिपाठी पुत्र स्व० अजय त्रिपाठी निवासी आनापुर मंसूराबाद थाना नवाबगंज प्रयागराज ने पुलिस को सूचना दी कि मैं हरियाणा में स्वीगी डिलीवरी ब्वाय का काम करता हूँ, मैं 30 मई को रात्रि में 9.30 बजे प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर उतरा, रात होने के कारण मैं घर नहीं जा सकता था। सोशल मीडिया के माध्यम से मेरी आयुष शुक्ला से दोस्ती हुयी थी मैंने रात में आयूष से फोन पर बात की तो आयुष शुक्ला ने बोला कि तुम मुण्डेरा मण्डी गेट नं0 01 प्रयागराज पर आ जाओ, हम तुम्हे घर पहुंचा देंगे।

आयुष के कहने पर मैं मुण्डेरा मण्डी गेट नं0 01 पर आ गया जहां आयुष शुक्ला ने अपने 03 साथियों के साथ गाड़ी में बैठा लिया उसके बाद पेट्रोल पंप पर मुझसे गाड़ी में तेल भरवाये, उसके बाद करीब 12 बजे संगम ले जाकर नहलाए फिर रात भर इधर उधर घुमाते रहे।

सुबह 6 बजे एक घर पर ले गये जहाँ पर मुझे सुलाया दो लडके मेरे साथ रुके थे जिसमें आयुष और एक लडका और था, वहां से अगले दिन 12 बजे आयुष के साथ 3 लोग मुझे गाड़ी में बैठा कर कौशाम्बी की तरफ ले गये एवं दिन भर इधर-उधर घुमाते रहे तथा मेरा फोन स्विच आफ करा दिये, मेरा पास जो पैसे थे उसे खर्च करा दिये और बोले कि 20 हजार और कही से मंगवाओ तभी तुम्हे जाने देंगे और मुझे पिस्टल दिखा कर आयुष ने कहा कि भागने की कोशिश मत करना, भागे तो तुम्हे जान से मार देंगे। इसके बाद मुझे सिगरेट में कुछ पिला दिया जिससे मैं बेहोश हो गया और जब मैं होश में आया तो गाड़ी महाराजा होटल मंझनपुर के पास खड़ी थी। उसके बाद मुझे होटल में लेकर गये और 2 कमरों में रुके।

होटल में भोर में 3 से 4 बजे के करीब पहुँचे थे, मेरे साथ रूम में रूके दोनो लोग जब सो गये तब मैं सुबह करीब 6 बजे मौका पाकर जान बचाने के लिये होटल रूम की खिडकी से नीचे कूदकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर आयुष शुक्ला पुत्र महेश चन्द्र शुक्ला निवासी मकान नम्बर 273ए/8ए/बी न्याय बिहार कालोनी सुलेम सराय थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज व 03 अन्य के नाम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया,एसपी राजेश कुमार ने कई टीमों का गठन कर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया, जिसके बाद मंझनपुर थाना की पुलिस टीम ने 04 आरोपियों आयुष शुक्ला पुत्र महेश चन्द्र शुक्ला निवासी मकान नम्बर 273ए/8ए/ बी न्याय बिहार कालोनी सुलेम सराय थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, लक्ष्य सोनी पुत्र स्व० सुनील कुमार सोनी निवासी निवासी एहर 16/5 घूंघट गली प्रीतम नगर धूमनगंज प्रयागराज, हिमांशु तिवारी पुत्र अनिलेश तिवारी निवासी कादीपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी वर्तमान पता 213बी 4 गंगा बिहारी कालोनी टीपी नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज और विभम मिश्र पुत्र कपिल देव मिश्र निवासी डहिया अमिरसा थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी उम्र हाल पता 43 बी प्रीतम नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को सिराथू रोड़ महराजा होटल मंझनपुर से अरेस्ट कर लिया।

# नपाप अध्यक्ष ने कई वार्डों में इन्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



रायबरेली, 02 जून (तरुणमित्र)। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र के भिन्न भिन्न वार्डों के मोहल्लो में नागरिक समस्याओं को दृष्टि गत रखते हुए इन्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य का सिलान्याश किया, इसी क्रम में आज वार्ड नं चार के मोहल्ला अंबेडकर नगर में वार्ड सभासद श्रीमती सविस्तार ब्रजेश और वार्ड नं सात के मोहल्ला कृष्णा नगर, गल्ला मंडी में इन्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य का स्थानीय सभासद के साथ सिलान्याश किया।

इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष शत्रोहन शोनकर ने कहा कि हमें जिस आशा और विस्वास के साथ हमारे नगर की सम्मानित जनता ने हमें ऐतिहासिक जीत दिलाकर इस नगर के विकास की जिम्मेदारी सौपी है, उसे मै हर कीमत पर पूरा करुंगा, अध्यक्ष ने कहा कि यद्यपि हर अच्छे कार्य में बाधाएं बहुत आती है पर मैं बिचलित होने वाला नहीं, जनहित के कार्यो के लिए मै सदैव तत्पर रहूगा, इस अवसर पर सभासद श्रीमती सबिस्ता ब्रजेश, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शशिकांत शर्मा, ब्रजेश श्रीवास्तव सभासद वीरेंद्र रावत, सभासद परमजीत सिंह गांधीजी, दीनदयाल निर्मल, मो. आसिफ, कपिल शोनकर सहित स्थानीय सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे और स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष शत्रोहन शोनकर और स्थानीय सभासद का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर युवक की मौत

कौशाम्बी, 02 जून (तरुणमित्र)। कोखराज थाना क्षेत्र के करेंटी गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का घर के अंदर पड़ा हुआ शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा करेंटी निवासी राकेश ने पुलिस को सूचना दिया कि उसका चचेरा भाई शिव पूजन पटेल घर के अंदर गमछा से गले में फांसी फंदा डालकर छत के चुल्ला के लटक गया जिसमें उसकी मृत्यु हो गई है शव दरवाजे पर रखा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस मौके में पहुंच कर शव कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार शिवपूजन पर देस में रह कर अपनी रोजी-रोटी चलता था कुछ दिन पहले घर आया था मृतक अविवाहित था उसकी शादी भी पक्की हो चुकी थी सूत्रों के अनुसार शिवापूजन अपने पिता की इकलौती संतान था उसके हिस्सेमे दो मकानव तीन बीघा जमीन है। आज संदिग्ध स्थितियों में शिव पूजन की मृत्यु हो गई।

### तीन अन्तर्जनपदीय बदमाशों के खिलाफ हुई गैंगसस्टर की कार्रवाई

लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। सांगीपुर पुलिस ने सोमवार को तीन अन्तर्जनपदीय बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भैंसना गांव निवासी गैंग लीडर अंसार उर्फ चितऊ पुत्र नासिर अली के साथ ही उनके साथियों बाबी उर्फ साकिर पुत्र इजराइल निवासी कुरैशी का पुरवा उदयपुर तथा इसी गांव के मोनू कुरैशी उर्फ साकिर पुत्र सुंदी अली के खिलाफ जनपद समेत रायबरेली व अमेठी आदि जनपदों में भी हत्या के प्रयास, पशु क्रूरता, लूट, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त गैंग लीडर अंसार उर्फ चितऊ के खिलाफ कुल चौदह मुकदमें व बाबी उर्फ साकिर के खिलाफ कुल छब्बीस मुकदमें तथा मोनू कुरैशी उर्फ साकिल के खिलाफ तैतालिस मुकदमें दर्ज हैं। अपराधियों के आपराधिक कार्यो से समाज में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया था। उक्त तीनों बदमाशों के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई की गयी है।

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। युवती के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस मई की सुबह करीब नौ बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री घर से परीक्षा देने निकली थी। आरोप है कि इसी दौरान देवसढ़ा पूरे शिवा रेहुआ लालगंज निवासी निखिल यादव पुत्र विजय बहादुर यादव शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण कर लिया। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक की सफर के दौरान मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। घर के लिए हंसी खुशी परदेश से निकले युवक की रास्ते में मौत हो जाने से यहां परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर निवासी वीरेन्द्र गुप्ता 35 मुम्बई में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता था। बीती पहली जून को वह टेज्न से घर आ रहा था। झांसी पहुंचने पर टेज्न में ही युवक की अचानक सांसे थम गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में मातम छा गया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक युवक का शव झांसी नगर थाने में रखा गया है। यहां महराजपुर में मृतक के बच्चे व पत्नी रहा करते हैं। युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तब पत्नी व बच्चे बिलखने लगे।

### सड़क परियोजना की आज सौगात सौंपेगे राजा भइया

प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले की कुण्डा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आज मंगलवार को राजा भइया की ओर से सड़क परियोजना की बडी सौगात मिलेगी। विधायक एवं पूर्व मंत्री राजा भइया के प्रयास से ग्यारह करोड़ सत्ताईस लाख की लागत से कन्हैया नगर त्रिलोकपुर राम वनगमन मार्ग का चौडीकरण का शुभारंभ होगा। क्षेत्र के भाव साहू की चरही में सायं चार बजे आयोजित समारोह को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी विशिष्ट अतिथि होंगे। वहीं बुधवार चार जून को पूर्व मंत्री राजा भइया कुण्डा से मनगढ़ मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के तहत दस करोड़ छिहत्तर लाख की लागत से बनने वाले हाइवे का समारोहपूर्वक शिलान्यास करेगे। इसके तहत मनगढ़ रोड फरदेपुर कृष्ण पैलेस में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री राजा भइया व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी शामिल होंगे।

# जून माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

रायबरेली, 02 जून (तरुणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जून 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जन समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 6 जून को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि. अभि. विकास खण्ड छतोह में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकास खण्ड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

इसी प्रकार 13 जून को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. सेरनी में, जिला विकास अधिकारी हरचन्दपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सतांव में। 20 जून को परियोजना निदेशक, जि.ग्रा.वि.अभि. दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार खीरों एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार अमावां में।

# मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की बैठक में समस्या पर हुई चर्चा



रायबरेली, 02 जून (तरुणमित्र)। रेनू यादव स्वास्थ्य कार्यकर्ता (संविदा) के पद पर सीएचसी हरचन्दपुर में कार्यरत है। वहां पर आरती सिंह बीपीएम जो कि विगत 15 वर्षों से तैनात हैं, उनके द्वारा नर्सिंग होम रायबरेली में चलाया जा रहा है। इनके द्वारा श्रीमती रेनू यादव पर अनैतिक दबाव बनाया जाता है कि तुम मेरे यहां मरीजों को भेजो या तुम्ही भर्ती हो जाओ तथा रिश्वत की मांग करती है, रिश्वत नहीं देने पर ये श्रीमती रेनू यादव के साथ अभद्रता करते हैं तथा संविदा समाप्त करने की धमकी देती है। उक्त संविदा कर्मी को मानसिक व आर्थिक रूप से आरती सिंह बीपीएम द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है तथा आत्महत्या करने के लिये उकसाया जा रहा है। उक्त संविदाकर्मी कभी भी आत्महत्या कर सकती है, जिसकी जिम्मेदार आरती सिंह बीपीएम व इनके सहयोग में सम्मिलित कर्मचारी/अधिकारों की होगी। पूर्व में भी कई भ्रष्टाचार के मामलों में आरती सिंह बीपीएम० लिप्त पायी गयी।

जांच होने पर बीसीपीएम देवेन्द्र विक्रम सिंह व संगिनी मंगेश की सेवायें समाप्त कर दी गयीं, किन्तु आरती सिंह बीपीएम अपनी ऊँची पहुंच व अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ करके अपने आपको बचा लिया। यदि उपरोक्त आरती सिंह बीपीएम के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार व इसकी सांठ-गांठ में शामिल लोगों की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये तो सत्यता स्वतः परिलक्षित हो जायेगी, कि इनके द्वारा पूर्व में कितने भ्रष्टाचार किये गये हैं। आपके संज्ञान में यह भी लाना अति आवश्यक है कि श्रीमती रेनू यादव स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा 31.05.2025 को एक प्रार्थना पत्र संगठन को दिया है, जो आपके साथ-साथ अन्य को पृष्ठांकित है, जिसमें अंकित है कि उपरोक्त रेनू यादव स्वास्थ्य कार्यकर्ता काफी परेशान व मानसिक रूप से पीडित है और आत्महत्या करने की बात भी अंकित है।

संगठन द्वारा उपरोक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता को काफी समझाया-बुझाया गया कि वह इस प्रकार का कृत्य न करें, हम सभी मिलकर आरती सिंह बी०पी०एम० के विरूद्ध कार्यवाही करवाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र देकर उसकी सेवायें अवश्य समाप्त करवायेंगे। कृपया प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए आरती सिंह बीपीएम के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करवाये जाने की कृपा की जाये, जिससे श्रीमती रेनू सिंह स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ-साथ अन्य पीड़ितों को भी न्याय मिल सके।

# चौड़ीकरण के नाम पर ठेकेदारों ने खोद दी पटरी, खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क की दुर्दशा पर नाराजगी



रायबरेली, 02 जून (तरुणमित्र)। जनपद की सड़कों पर जलभराव और गड्ढों की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों और यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अहियापुर रायपुर के प्रसिद्ध मंदिरों जैसे शीतला माता मंदिर और खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क की दुर्दशा विशेष रूप से चिंताजनक है।

सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पिछले साल खोदी गई सड़क अभी तक नहीं बन पाई है, जिससे गड्ढों में गंदा पानी जमा हो रहा है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। सड़क पर जलभराव और गड्ढे यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं।

गंदे पानी में मच्छरों के पनपने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। सड़क बनाने वाली कंपनी और ठेकेदार समस्या के प्रति उदासीन दिखाई दे रहे हैं। मुहल्ले वासियों ने सड़क का निर्माण कार्य तत्काल पूरा किये जाने की मांग की है।

# अज्ञात बाइक चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी गांव निवासी रहीम पुत्र सलीम खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस मई को दोपहर करीब सवा एक बजे उसका अड़तीस वर्षीय पुत्र इमरान पुत्र रहीम संगम चौराहे के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात बाइक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान बीती इक्तीस मई को इमरान की मौत हो गयी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निकली तिरंगा शोभायात्रा देशभक्ति के रंग में रंगा माहौल

सुल्तानपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। अखंडनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कलान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के पास से सोमवार को एक भव्य तिरंगा शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कलान चौराहे से शुरू हुई यात्रा में लोगों ने बैंड-बाजों की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए पूरे क्षेत्र को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की भी भागीदारी रही। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. वेद प्रकाश सिंह उर्फ राजू भैया ने कहा, यह शोभायात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का प्रतीक है।

तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में पिरोता है और देश के लिए मर-मिटने का संकल्प देता है।यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। अखंडनगर थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह की अगुवाई में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। तिरंगा यात्रा शिव धाम बेलवाई पहुंचकर संपन्न हुई,जहां स्थानीय शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की अखंडता और शांति की कामना की गई।

# डीह पुलिस ने नहीं लिखी छेड़खानी की रिपोर्ट, एसपी से शिकायत

रायबरेली, 02 जून (तरुणमित्र)। युवती के साथ छेड़खानी व मारपीट के मामले में डीह पलिस ने पीड़िता की शिकायत नहीं दर्जी की। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता शमीर्ली के अनुसार डीह थाना क्षेत्र के गुलाबगंज मजरे खुरेहटी में दूध के व्यापारी संत राम की पुत्री के साथ गांव के ही राजेश ने रविवार को मेरे पिता डेयरी दूध देने गए थे और घर पर मै और मेरी पुत्री सुनाली थी तभी राजा राम पुत्र रामसुमेर व राजेश पुत्र श्रीराम तथा राजा राम की पत्नी शांती मेरे दरवाजे आय और मुझे बुरी-बुरी गालिया देने लगे तब मै अपने घर के अन्दर चली गयी और अपने पति को बुलाने डेयरी पर चली गयी तब राजेश व राजाराम मेरे घर के अन्दर घुस गय और मेरी पुत्री के साथ राजाराम व राजेश बुरी नियत से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगे और उसके साथ मारपीट की, और उसके कपड़े फाड़ने का प्रयास करने लगे उसके शोर मचाने पर उसे बचाया जा सका।

सुबह थाना पहुची तो मेरे साथ थाना पुलिस द्वारा बहुत ही बुरा व्यवहार किया गया और मेरी मोबाइल भी छीन लिया तथा मुझे 2 बजे तक थाने बैठाय रखा और पति को बन्द कर दिया। सोमवार को एसपी रायबरेली को पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# तत्सत मिश्र के जेईई एडवांस में चयन से खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। स्थानीय तहसील के पूरे मातादीन, जेवई निवासी भारतीय रेल में वरिष्ठ अधिकारी आलोक मिश्रा के बेटे तत्सत मिश्रा ने जेईई एडवांस की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। तत्सत ने लखनऊ में रहकर तैयारी की। उनकी शानदार सफलता पर परिवार के लोगों ने खुशी जताई। तत्सत ने अपनी सफलता का श्रेय पिता आलोक मिश्रा के साथ परिवार के लोगों को दिया है। तत्सत सिविल सेवा में जाना चाहते हैं। उनकी सफलता पर भारतीय डाक में कर्मचारी बाबा रामनरेश मिश्र, शिक्षक चाचा अनिल मिश्र, अजय मिश्र व सुनील द्विवेदी ने खुशी जताई और इसे परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

# ज्ञान परम्परा की विरासत है योग : प्रो . विश्वकर्मा



प्रयागराज, 02 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर विरासत से विकास : योग की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो ईश्वर शरण विश्वकर्मा, पूर्व आचार्य, प्राचीन इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने कहा कि आज सारी दुनिया योग के महत्व को जानने लगी है। मन एवं शरीर के शुद्धिकरण से किया गया वह कार्य जो सामाजिक जीवन में प्रगति उत्पन्न करता है, वह योग है। यह हमारी ज्ञान परम्परा की विरासत है, उसकी सफलता है। ज्ञान के रूप में देखें तो योग एक महत्वपूर्ण अभिलेख प्रतिबिंबित होता है।

प्रोफेसर विश्वकर्मा ने आगे कहा कि मानव जीवन के सर्वोत्तम जगहों पर योग उपस्थित है। उसका भाव हमें समझना होगा। प्राचीन ग्रन्थों के अभिलेख में योग का उल्लेख मिलता है। मुख्य वक्ता ने कहा कि प्राण त्यागने की क्षमता या प्रक्रिया योग के ही माध्यम से की जा सकती है। कई ऋषि मुनियों ने योग साधना के द्वारा अपने शरीर को त्याग दिया। कपिलवस्तु में योग की साधना शिक्षा कराई जाती है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि योग ही जीवन में विद्या, ईश्वर, अध्यात्म, ज्ञान एवं कौशल है।

योग को मनयोग से करने से पढ़ाई मे मन लगने लगता है और सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को योग अवश्य करना चाहिए। योग की भूमिका का जीवन में बड़ा महत्व है। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रतिदिन चल रहे योग कार्यक्रम को काफी लाभदायक बताया। कुलपति ने कहा योग एक मूल अवधारणा, एक जीवन एवं साधन है। योग को हम जीवन से अलग नहीं कर सकते। हमारी नई पीढ़ी योग से दूर होती जा रही है। इसीलिए परिवार में योग न करने से विघटन पैदा हो रहा है। आज के बच्चे योग का महत्व नहीं समझते हैं।

# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित



प्रयागराज, 02 जून (तरुणमित्र)। नगर निगम के कार्यकारिणी चुनाव में सोमवार को भाजपा के सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विजयी प्रत्याशियों में राजू शुक्ला, रुद्रसेन जायसवाल, संजय कुमार पासी, रिया केसरवानी, शिव नारायण यादव रहे। सभी प्रत्याशियों का भाजपा कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया।

महापौर गणेश केसरवानी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने भाजपा कार्यालय में सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को मिठाई खिलाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के इतिहास में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजयी हुई है और यह जीत भाजपा की विचारधारा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और भाजपा के सभी पार्षदों की एकता व सूझबूझ की जीत है। महापौर ने कहा कि जनता ने भाजपा को जिस विश्वास के साथ नगर निगम के चुनाव में पूर्ण बहुमत देकर विजयी बनाया था उस विश्वास को हमें प्रयागराज के चहुंमुखी विकास के माध्यम से सूत समेत जनता को सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि चुनाव की पर्यवेक्षक कुंज बिहारी मिश्रा, रवि केसरवानी एवं सहायक आनंद सोनकर रहे। इस अवसर पर सभी निर्विरोध नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को पार्षद किरन जायसवाल, सुनीता चोपड़ा, शैलेंद्र मौर्य, कुसुमलता गुप्ता, दीपिका सिंह, अनुपमा पांडे, उमेश मिश्रा एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं पार्षदों ने बधाई दी।

# साइकिल चलाकर दुनिया को जलवायु संरक्षण का संदेश दे रहे अजय क्रांतिकारी



प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)। बिगड़ते पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी विगत दो दशकों से अधिक समय से लोगों को पेट्रोलियम की बचत, जलवायु संरक्षण, प्रदूषण से मुक्ति के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी का कहना है कि साइकिल चलाने से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण और शारीरिक व्यायाम होता है वहीं दूसरी ओर ईंधन की बचत और वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को रोकने में कारगर है साइकिल की सवारी। साइकिल चलाने से शरीर का पूर्ण व्यायाम होता है, फिट रहने के लिए साइकिल चलाना सर्वोत्तम उपाय है। साइकिल एक सस्ता, सरल और सर्व सुलभ व्यायाम पद्धति है। साइकिल चलाकर हम पेट्रोलियम की बचत कर राष्ट्र के विकास में योगदान देने के साथ ही ग्रीन हाउस गैसों को और कार्बन उत्सर्जन को कम कर जलवायु संरक्षण में धरती को बेहतर बनाने में दुनिया की मदद कर सकते हैं। इन्हीं सब मुद्दों को ध्यान में रखकर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में लगातार साइकिल चलाओ अभियान चलाकर लोगों को हरित परिवहन अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

अजय क्रांतिकारी के अनुसार साइकिल एक प्रकृति यंत्र है जिसके उपयोग से प्रकृति चक्र को प्रभावित किए बिना पर्यावरण की सुरक्षा का कार्य किया जा सकता है। पर्यावरण सेना लगातार साइकिल चलाओ अभियान चलाकर पूरी दुनिया को जलवायु संरक्षण का संदेश दे रही है और इसका असर भी सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे रहा है। अजय क्रांतिकारी द्वारा शहर से लेकर गांव तक ग्रीन ट्रांसपोर्टिंग क्लब का गठन कर लोगों को साइकिल चलाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी द्वारा शादी विवाह में भी भारी भरकम गाड़ियों के स्थान पर साइकिल से बारात निकाल कर दूल्हे ने साइकिल चलाने का संदेश दिया है और उसे हरित विवाह आंदोलन का नाम दिया गया।

साइकिल चलाने हेतु अजय क्रांतिकारी द्वारा सई (प्रतापगढ़) से संगम (इलाहाबाद) साइकिल यात्रा सहित प्रदेश और प्रदेश के बाहर महाराष्ट्र,दिल्ली,बिहार और मध्य प्रदेश आदि राज्यों में भी लंबी दूरी की यात्रा साइकिल से तय कर लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा का संदेश देने का अभियान जारी है। आज विश्व साइकिल दिवस पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी का कहना है कि धरती को प्रदूषण से बचाने और अपने स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज से ही अधिकतम दूरी के लिए साइकिल का प्रयोग करें जिससे शरीर को आधे से अधिक बीमारियां दूर होगी और हमारी धरती स्वच्छ और पर्यावरण बेहतर बनेगा।

# तीर्थ स्थल धोपाप में कथा सुनने के लिए उमड़ रही भीड़

सुलतानपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। लंभुआ तहसील अंतर्गत तीर्थ स्थल धोपाप में श्रीराम कथा महायज्ञ में मंगलवार को कथा व्यास दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने कथा सुनाई। कहा कि दशरथ के यहां राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जब उनके आंगन में खेल रहे थे तो दशरथ सहित तीनों रानियां हर्षित हो रहीं थीं। जंगल में राक्षस विश्वामित्र को यज्ञ नहीं करने दे रहे थे। ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेने के लिए अयोध्या में राजा दशरथ के यहां पहुंच गए। कहा कि यज्ञ की रक्षा के लिए राम व लक्ष्मण को मांगने आया हूं। इतना सुनते ही राजा भड़क गए व अपने पुत्रों को देने से मना कर दिया। बाद में गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा ने अनुमति दी।

दिलीप कृष्ण महाराज ने कहा कि यज्ञ संपन्न होने के बाद दोनों भाई उनसे शिक्षा ग्रहण करने लगे। इसी बीच विश्वामित्र को राजा जनक के सीता स्वयंवर का आमंत्रण मिला। वे राम और लक्ष्मण के साथ जनकपुर की ओर प्रस्थान कर दिए। चलते-चलते वहां पहुंचे जहां पर अहिल्या पत्थर की शिला बनकर पड़ी थीं। जैसे ही भगवान राम ने उस शिला पर अपना पैर लगाया अहिल्या प्रकट होकर प्रभु की वंदना कर स्वर्ग को चली गईं। कथा प्रारम्भ होने के पूर्व कथा के आयोजन रविंद्र त्रिपाठी उनकी पत्नी श्रीमती शशि बाला त्रिपाठी चौथे दिन के मुख्य जवान फूलचंद अग्रहरि अश्वनी बरनवाल अवधेश सिंह राकेश अग्रहरी संजय सिंह तथा उनकी पत्नी स्नेह लता सिंह ने व्यास पीठ तथा बजरंगबली की पूजा अर्चना कर आरती किया।

# राज्यपाल ने महिला बंदियों व माध्यमिक विद्यालयों की बच्चियों से किया संवाद

## आनंदी बेन पटेल ने महिला बैरक का किया निरीक्षण व आँगनबाड़ी केंद्रों को किया किट वितरण

**हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सोमवार को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी हरदोई पहुँचीं। लखनऊ से वह हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन ग्राउंड पहुँचीं जहाँ राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, विधायक सवायजपुर श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, विधायक संडीला श्रीमती अलका सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। यहाँ से राज्यपाल जिला कारागार पहुँचीं। यहाँ उन्होंने नव स्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला कैदियों से खाने की गुणवत्ता व अन्यथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि वाटर कूलर से ठंडा पानी पियें। पानी को बिल्कुल बर्बाद न करें। उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र में सिलाई प्रशिक्षण को देखा। उन्होंने बैरक के अस्पताल को देखा। इसके पश्चात उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों की शिक्षा हेतु स्मार्ट क्लास की व्यवस्था देखी। तत्पश्चात उन्होंने परिसर में महिला बंदियों व माध्यमिक विद्यालयों की बच्चियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनुशासन सीखना चाहिए। उन्होंने जेल में आधुनिक व जैविक खेती की सराहना की। उन्होंने बच्चियों से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन प्रेषित करने को कहा। उन्होंने बंदियों से कहा कि मन में बदले का भाव न रखें। आगे एक अच्छा जीवन बिताएं। विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने महिला कैदियों व उनके बच्चों को उपहार दिए। राज्यपाल महोदया द्वारा जेल अधीक्षक को कुछ पुस्तकें भेंट की गयीं। जिलाधिकारी अनुनय झा ने राज्यपाल महोदया का आभार जताते हुए कहा कि सभी लोग विकसित भारत के संकल्प के



साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद 9 से 14 वर्ष तक की सभी बच्चियों का एचपीवी टीकाकरण करा लिया जाएगा। जिला कारागार से राज्यपाल महोदया स्टेटस क्लब पहुँचीं। यहाँ उन्होंने विभिन्न विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्टेटस क्लब हॉल के अंदर कार्यक्रम के प्रारम्भ से पूर्व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, विधायक सवायजपुर श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, विधायक संडीला अलका सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन व अन्य जन प्रतिनिधियों ने राज्यपाल महोदया का पुष्प देकर स्वागत किया।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद के आँगनबाड़ी केंद्रों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिशुओं, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जनपद के आँगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर एक वीडियो क्लिप भी दिखाई गयी।कार्यक्रम की शुरूआत आँगनबाड़ी केन्द्र फदर्पुर की बच्चियों ने सरस्वती वंदना के साथ की। इस बाद पाँच वर्ष के धैर्य ने शिवतांडव स्त्रोत सुनाकर राज्यपाल महोदया को प्रभावित किया। राधा नगर आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने देश भक्ति आधारित गीत पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय सनफरा के बच्चों का प्रदर्शन देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। प्राथमिक विद्यालय फिरोजापुर की बच्चियों ने जिस प्रकार गाने के माध्यम से व्याकरण समझाई उससे सभी को प्रभावित किया। राज्यपाल महोदया ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने बच्चों को गिफ्ट पैक भेंट किया। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एक छात्रा निष्ठा शुक्ला ने विकसित भारत पर आधारित ओजपूर्ण भाषण देकर सभी को बांधे रखा।अपने सम्बोधन में राज्यपाल महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए।

महिला किसानो को सम्मान निधि व घरौनी वितरित की। युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी अनुनय झा ने ओडीओपी किट राज्यपाल महोदया को भेंट की। हरिजन सेवक संघ की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने राज्यपाल महोदया को पुष्पगुच्छ भेंट किया। रेडियो जागो के प्रबंध निदेशक अभय शंकर गौड़ ने रेडियो की एक प्रतिकृति भेंट की। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सक्षम व सूर्यांश ने जनपद का बढ़ाया मान





**हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** शहर के निवासी अमित त्रिवेदी और दीपाली त्रिवेदी के पुत्र सक्षम त्रिवेदी ने । I T परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का मान बढ़ाया जिस पर सभी शहर वासियो ने उनको शुभकामनायें दी सक्षम त्रिवेदी ने अपनी पढ़ाई शहर के सेंट जेवियर्स से की है प्रियम मिश्रा कहते है सक्षम त्रिवेदी और सूर्यांश पाण्डेय शुरुआत से ही पढ़ाई मे बहुत अच्छा था जिसका परिणाम आज दिख रहा है उनके परिवार की मेहनत सफल हुई।

नगर के एक प्रतिभा शाली युवक ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा क्वालिफाई कर जिले का नाम रोशन किया है शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी आशीष पांडेय और मनीषा पांडेय के सुपुत्र सूर्यांश पांडेय ने जेईई एडवांस परीक्षा पास कर जिले का गौरव बढ़ाया है सूर्यांश की इंटर तक की पढ़ाई सेंट जेवियर स्कूल में हुई पिता आशीष पांडे की नगर पालिका परिषद प्रांगण स्थित शक्ति प्रिंटर्स की दुकान है।

सूर्यांश शुरू से ही प्रखर बुद्धिमान छात्र रहा है कक्षा 1 से लेकर इंटर तक का सफर सेंट जेम्स स्कूल में ही पूरा किया इसके बाद जेईई मेंस क्वालीफाई किया इस बार जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई कर जिले का गौरव बढ़ाया है इस मौके पर प्रदीप पाठक भगवान शरण गुप्ता आलोक गुप्ता अजीत आशा मोनू त्रिवेदी गोल्डी गुप्ता सुशील गुप्ता आशीष गुप्ता गौरव शुक्ला आकाश पाठक मोनू दिवाकर मनु अवस्थी आदि लोगों ने शुभकामनायें दी।

# उप मुख्यमंत्री आवास पर हुई रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक

**शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सभापति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उत्तर प्रदेश ने रेड क्रॉस की एक अनौपचारिक बैठक लखनऊ स्थित राज भवन कॉलोनी में अपने सरकारी आवास पर देर शाम आयोजित की जिसमें जनपद शाहजहांपुर से रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने प्रतिभाग किया।। उप मुख्यमंत्री ने जनपद शाहजहांपुर में प्रस्तावित रक्त बैंक एवं रेड क्रॉस की संपति पर विस्तृत चर्चा की और शीघ्र ही जिलाधिकारी से उक्त के संदर्भ मै दिशा निर्देश निर्गत करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त संचालित रेड क्रॉस के कार्यालय एवं जनपद स्तर पर रेड क्रॉस द्वारा की गई गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली और जनहित में महामारी और आपदा प्रबंधन पर रेड क्रॉस से सहयोगी भूमिका निर्वाह करने का दिशा निर्देश दिया बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों से उत्तर प्रदेश रेड क्रॉस प्रबंधन समिति के गठन पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधन समिति सदस्य अनुज जौहरी भी उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सम्पन्न

**हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई की एक बैठक कार्यालय परिषर हरदोई में दिनांक 1 जून रविवार को आहूत की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री अजय टंडन ने की जिसमें जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित के द्वारा बैठक के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

बैठक नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता के द्वारा नगर के सभी सक्रिय एवं निष्क्रिय सदस्यों एवं पदाधिकारी को लेकर की गई। जिसमें नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने जिला अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री के सम्मुख नगर कार्यकारिणी के परिवर्तन में विचार विमर्श करने हेतु प्रस्ताव रखा।उन्होंने बताया की नगर के कुछ पदाधिकारी जो की सक्रिय हैं उनकी पदोन्नति और निष्क्रिय पदाधिकारी की निष्क्रियता के संबंध में कार्यप्रणाली तय कर उनके कार्यों को सुचारू ढंग से मंडल के प्रति कार्य करने को लेकर कहा। जिसमें प्रदेश युवाअध्यक्ष विभु गुप्ता एवं जिला महामंत्री आईटी मंच के अपूर्व महेश्वरी ने अपनी सहमति प्रदान की। उक्त बैठक में अजय टंडन जी के द्वारा मुख्यालय पर हो रहे कार्यक्रम का दायित्व नगर कमेटी को सौंपा और जिला अध्यक्ष ने आए हुए सभी नगर पदाधिकारी व सदस्यों से यह अपील की की मंडल के साथ जुड़ने एवं व्यापारी एकता और उनके कार्यों को करने के लिए वह सदैव उनके साथ हैं और हर वक्त व्यापारियों के हित की बात करेंगे। सभा की कार्य प्रणाली में नगर अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में उपाध्यक्ष के पद हेतु रोहित बंसल एवं दिलीपकुमार वैश्य को मनोनीत कराया । कोषाध्यक्ष के निर्वाहन हेतु सुशील गुप्ता फूकहा को जिम्मेदारी दी गई , और निष्क्रिय पड़ी सदस्य एवं समस्त पदाधिकारी से समन्वय बनाने एवं नगर के सभी महत्वपूर्ण कार्यों की , व्यापारियों के हित की एवं उनके साथ चलने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नवनियुक्त महामंत्री समीर गुप्ता को मनोनीत कर दी गई और सभी मनोनीत पदाधिकारी का माला पहनाकर सम्मान किया गया। जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारी ने अपनी सहमति जताई । मनोनीत महामंत्री समीर गुप्ता ने प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष के सम्मुख यह विश्वास दिलाया कि वह नगर के व्यापारियों की हित की बात और उनकी किसी भी कार्य को करने के लिए मंडल के साथ तन मन धन से हमेशा समर्पित रहेंगे।

उपस्थित पदाधिकारी में उदय खत्री, मुकेश गुप्ता, विशाल अग्रवाल, संजय कपूर, मनीष अग्निहोत्री, होरीलाल गुप्ता, गिरीश चंद गुप्ता, सुशील कुमार सिंह,सत्य प्रकाश गुप्ता,राममिलन गुप्ता आदि काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो पलटने से महिला समेत चार घायल

**कलान/शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** कलान से सोमवार करीब 3:30 बजे नगर से एक ऑटो म्याऊं (बदायूं) के लिए मुरादाबाद फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे से होता हुआ जा रहा था जिस पर कई सवारियां थी बताया जाता है कि जैसे ही स्टेट हाईवे पर स्थित सेठा गांव के पास ऑटो पहुंचा ही था कि उसका पहिया अचानक निकल गया जिससे ऑटो पलट गया और उसमें सवार कलान थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया छवि का मजरा पुन्नी नगला निवासी ओबेंद्र की पत्नी सबूरबती 32 वर्ष एवं उनकी पुत्री वंदना 5 वर्ष पुत्र दिलकेश 4 वर्ष एवं सीताराम 35 वर्ष निवासी जखिया आदि सवार थे वह हादसे में घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेजा गया है वही जखिया निवासी सीताराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला उपचार बदायूं रेफर किया गया है।

### 18 वर्षीय किशोरी लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

**बिलग्राम हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति की 18 वर्षीय बेटी 27 मई 2025 को दोपहर करीब 2 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों के अनुसार, किशोरी अपने साथ मोबाइल फोन ले गई है। घटना के बाद परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परेशान पिता ने बिलग्राम कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी की गुमशुदगी की जानकारी दी और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। बिलग्राम कोतवाली के प्रभारी राकेश यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने किशोरी की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही किशोरी को ढूंढकर सुरक्षित परिवार को सौंप दिया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता बनी हुई है। पुलिस ने आम लोगों से भी किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करने की अपील की है।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष सरोज गुप्ता के निधन पर शोक

**शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** श्रीमती सरोज गुप्ता तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर के आज आकस्मिक निधन पर नगर निगम परिवार द्वारा शोक संन्तृप्त है तथा नगर निगम परिवार की ओर से आज नगर निगम प्रांगण में स्व0 श्रीमती सरोज गुप्ता की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट मौन रहकर परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई व ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वह उनके शोक संन्तृप्त परिवार को इस अपार क्षति के वहन करने की शक्ति एवं सामर्थ्य प्रदान करें। इस मौके पर नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलकल प्रेमचन्द्र आर्य व लेखा विभाग से सुभाष मिश्रा व नगर निगम के वरिष्ठ कर्मचारियों के रूप में सतीश मिश्रा, रमाकांत दीक्षित, रिजवान खां, अशोक कुमार व अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बच्ची को छोड़ नगदी व जेवरात ले प्रेमी के साथ भागी महिला

**राठ, 02 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वहगांव में बीते दिन एक महिला अपनी 4 वर्षीय बच्ची को छोड़ घर में रखी नगदी व जेवरात लेकर प्रेमी के साथ भाग गई। आज पीड़ित पति ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में की है। ग्राम बहगांव निवासी हल्कू रैकवार ने बताया कि बीती रविवार की दोपहर उसकी पत्नी भागवली (29) महोबा जनपद के कुलपहाड़ थाना के ग्राम रगौली निवासी धीरू रैकवार पत्र बाबू के साथ भाग गई। उसकी पत्नी अपने साथ घर में रखे 90 हजार रुपये तथा बहन की सोने की झुमकी, बिंदिया मंगलसूत्र व पायल इत्यादि भी अपने साथ लेकर चली गई। मां के जाने पर पुत्री पलक (4) का रो-रो कर बुरा हाल है। पीड़ित पति ने पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले जाने की तहरीर कोतवाली में दी है।

# कौशल विकास के अंतर्गत बहादुर बेटियां फाउंडेशन का समर कैंप शुरू

**हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** कौशल विकास के अंतर्गत बालिकाओं में जागरूकता, आत्मरक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था बहादुर बेटियां फाउंडेशन के समर कैंप के आयोजन की शुरूआत ,फाउंडेशन की संरक्षिका डॉक्टर चित्रा मिश्रा और संस्थापिका कुसुम लता गुप्ता 'रेशमा गुप्ता' तथा भारती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर की गई।





छात्रों में कौशल विकास को निखारने हेतु बहादुर बेटियां फाउंडेशन सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में बराबर काम करती चली आ रही है, प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 1 जून से 15 जून तक 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन आरआर इंटर कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। इस समर कैंप में नृत्य कला के

प्रशिक्षक अंकित मिश्रा, ब्यूटीशियन की रचना गुप्ता ,मेहंदी की चेतना महेश्वरी , स्पिरिट ऑफ मार्शल आर्ट के कोच मनिक बंसल, मंडाला आर्ट की प्रशिक्षिका शबे नूर, क्राफ्ट की नमिता गुप्ता और स्कूटी ड्राइविंग के केशव होंडा के प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। फाउंडेशन की संरक्षिका डॉक्टर चित्रा मिश्रा ने बताया कि फाउंडेशन की गतिविधियां वर्ष भर चलती रहती हैं बालिकाओं में आत्म रक्षार्थ, जागरूकता हेतु कार्यक्रम अनवरत चलाए जाते हैं। संस्थापिका कुसुम गुप्ता लता रेशमा गुप्ता ने बताया कि नारी सशक्तिकरण की भूमिका का निर्वाहन, बालिकाओं में आत्म रक्षा और आत्मनिर्भरता के संबंधी कार्यक्रम होते रहते हैं समर कैंप में बालिकाएं सीख कर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाउंडेशन की ममता गुप्ता, नीतू गुप्ता,शैलेन्द्री पाल ,आभा श्रीवास्तव, आशा वाजपेई ,स्नेह लता गुप्ता, अलका गुप्ता, नीलम गुप्ता ,योगिता गुप्ता, गीता गुप्ता, सरिता गुप्ता समेत प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# निगम व बीओबी ने चलाया 'पॉलिथीन बैन' कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** पर्यावरण दिवस से पूर्व नगर निगम, व बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' चलाया गया। जिसमें नगर आयुक्त व बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से जनता को प्लास्टिक न प्रयोग करने का आवाहन किया, साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा निर्मित कराये गये कपड़े के बैग को जनता को वितरित किये गए।

उक्त कार्यक्रम में नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सैफ सिद्दीकी के अतिरिक्त बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबन्धक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र द्वारा वार्ड सं0-08 बृज विहार कॉलोनी में पार्षद रामबरन सिंह चंदेल के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जिसमें सफाई व्यवस्था अत्यन्त दुरूस्त पायी गयी। इस मौके पर नगर आयुक्त द्वारा जनता के सहयोग व पार्षद की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने की पहल के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

### खेत में पड़ा मिला किसान का शव

**राठ, 02 जून (तरूणमित्र)।** जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव में स्थित खेत में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 56 वर्षीय एक किसान का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक किसान के शव के पास जहर की पुड़िया और मोबाइल फोन के अलावा पानी की बोतल भी पड़ी हुई मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा सोमवार की शाम को मृतक किसान के शव का पंचनामा भरक10र पोस्टमार्टम कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सरीला तहसील में जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव का निवासी 56 वर्षीय किसान अशोक कुमार पुत्र लाखन राजपूत जो कि आज सोमवार को अपने खेत पर मृत अवस्था में पढ़ा हुआ मिला है। खेड़ा शिलाजीत गांव के ही निवासी ग्रामीण बरातीलाल ने बताया कि आज सोमवार को वह अपने ट्यूबवेल की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में अपने देखा कि गांव का निवासी अशोक कुमार अपने खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मृतक अशोक कुमार के शव के पास जहर की पुड़िया पानी की बोतल और मोबाइल फोन भी पड़ा हुआ था।उसने मृतक के पुत्र शिवम को फोन के द्वारा घटना की जानकारी से अवगत कराया। वहीं अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसान अशोक कुमार ने स्वयं ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या की है।

# त्योहारों के मद्देनजर शांति व सौहार्द बनाए रखें : डीएम

**शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** सोमवा को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक नगर समेत शहर के सम्मानित नागरिकों एवं प्रमुख धर्मगुरुओं ने सहभागिता की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक रणनीति पर चर्चा करना था। जिलाधिकारी द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्थाः महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का सहयोगः सभी समुदायों से संवाद स्थापित कर शांति एवं भाईचारे का संदेश प्रसारित किया जाएगा। यातायात प्रबंधनः त्योहार के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे। साइबर मॉनिटरिंगः अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर निगरानी रखने के लिए तकनीकी संसाधनों का प्रयोग किया जाएगा।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी नागरिकों से आपसी सौहार्द बनाए रखने एवं प्रशासन को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार हम सभी के लिए आनंद और उल्लास का अवसर होते हैं, अतः हम सभी को मिलकर इन्हें शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। उक्त मीटिंग मे क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर , क्षेत्राधिकारी पुवायां व क्षेत्राधिकारी क्राइम व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।


### आपसी समझौता कराकर दम्पत्ति को किया विदा

**शाहजहांपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया आज 08 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दम्पति को विदा किया गया । थाना निगोही के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 01 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से घरेलू बातों व घर के काम करने को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया जहां दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र मा0उ0नि0 श्रीमती मधु यादव, म0मु0आ0 पूनम मिश्रा, म0आ0 मोनिका रानी, म0आ0 करुणा, म0आ0 मोनिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने शशि थरूर का किया बचाव

## बोले विदेश में जाकर देश का रख रहे हैं पक्ष, बीजेपी की सरकार ने सीधे-सीधे संविधान पर किया है हमला

**हरदोई, 02 जून (तरूणमित्र)।** जिले में आज बाराबंकी जिले से कांग्रेस के सांसद और कांग्रेस की उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के चैयरमैन तनुज पुनिया ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर का बचाव करते हुए कहा कि उनको विदेश में सारे देशों के सामने अपना पक्ष रखने के लिए भेजा गया है वहां पर जाकर वह देश का पक्ष ले रहे हैं और जो तय हुआ था वो वह बोल रहे हैं इससे कांग्रेस की कोई भी एकजुटता प्रभावित नहीं होती है।



उन्होंने बसपा को इंडिया गठबंधन में शामिल होने का ओपन इनविटेशन भी दिया श्री पुनिया संविधान बचाओ रैली में शामिल होने हरदोई पहुंचे थे यहां पर उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सीधे-सीधे संविधान पर हमला किया है और विपक्ष के नेताओं की आवाज लगातार दबाने का प्रयास किया गया है।गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया से सवाल किया गया कि शशि थरूर आपकी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं अनुच्छेद 370 और हिंदू राष्ट्र पर कांग्रेस की नीति से अलग बयान बाजी करते हैं क्या इससे कांग्रेस की एकजुटता प्रभावित होती है इसको लेकर तनुज पुनिया ने कहा कि कोई एक जुटता प्रभावित नहीं हो रही है विदेश जाकर के सारे देशों के सामने अपना पक्ष रखने के लिए उनको भेजा गया है वहां पर जाकर के वह अपना पक्ष रख रहे हैं देश का पक्ष रख रहे हैं वो वहां पर वो बोल रहे हैं।आपकी पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा विरोध कर रहे हैं आप कह रहे हैं एक जुटता प्रभावित नहीं हो रही है उन्होंने कहा इसको लेकर उन्होंने कहा उनका अपना व्यक्तिगत मामला होगा लेकिन जहां तक देश की बात आती है तो एकजुट होकर के सर्वदलीय वहां डेलिगेशन गया है देश के लिए वहां पर बात करना है तो वह वहां पर अपना पक्ष रख रहे हैं।बसपा से क्या संबंध बन रहा है कांग्रेस का इस पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि बसपा को हम ओपन इनविटेशन देते हैं कि आप इंडिया गठबंधन में आएं आपने काशीराम जी के जमाने में जो सामाजिक लड़ाई लड़ी है जिस तरह से अपने समाज के लिए लड़ाई लड़ी है उसे लड़ाई को आज भी जनता याद रखती है लेकिन कहीं न कहीं आप सामाजिक लड़ाई से भटक गए हैं तो आपको हम लोग इनवाइट करते हैं कि जिस तरह से सामाजिक न्याय की लड़ाई राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय की लड़ाई हमारे नेता लड़ रहे हैं इंडिया गठबंधन के विशेष कर राहुल गांधी जी विशेष कर जाति का जनगणना को लेकर के न्याय की बात कर रहे हैं उस मुहिम में मिशन में शामिल हो जो कहीं ना कहीं बाबा साहब का मिशन था काशीराम जी भी उस मिशन का हिस्सा थे और अब राहुल गांधी जी उसको लेकर के आगे चल रहे हैं।उत्तर प्रदेश में क्या तैयारी है समाजवादी पार्टी और बसपा में गतिरोध है इन दलों को लेकर क्या तैयारी है इस पर उन्होंने कहा कि देखिए अभी तो निमंत्रण दिया है अखिलेश यादव जी ने स्वयं मीडिया के माध्यम से आमंत्रित किया था मायावती जी को कि वह आएं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने उसका कोई रिस्पांस नहीं आया, कांग्रेस पार्टी ने भी निमंत्रण दिया है कि लेकिन रिस्पांस अभी नहीं है लेकिन हम लोग प्रयासरत हैं कि कि वह भी आ जाएं हमारे इस गठबंधन में शामिल हो।महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है इस सवाल के जवाब में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि हम सालों से चिल्ला रहे हैं 11 साल हो गए सरकार को, महंगाई आपने इतनी कर दी बेरोजगारी इस स्तर पर आ गई है कि हमने सोचा भी नहीं था 30 ,40 ,45 साल पुराना जो स्तर है बेरोजगारी का सरकारी नौकरियां निकल नहीं रही हैं निकल रहीं है तो अपॉइंटमेंट नहीं हो रहे हैं, सालों साल डिले हो रहा है पेपर लीक हो रहे हैं तो कहां तक युवा लड़ाई लड़ेगा, युवा की कमर तोड़ने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है नौकरियां कहीं नहीं है और निजीकरण की वजह से आरक्षण एससी एसटी ओबीसी का जो युवा है उसको विशेष कर सरकार द्वारा दबाया जा रहा है।


## निविदा कोटेशन

कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के स्वीकृति आदेश No. S - 12012 / ITDP/30/2025-26/CR/SC दिनांक 11.04.2025 के क्रम में एन०एच०डी०पी० - एस०डी०एच०एस० योजनान्तर्गत जनपद- संत कबीर नगर उ0प्र0 में 50 अनुसूचित जाति के शिल्पियों हेतु जरी शिल्प के निम्न उन्नत औजार क्रमशः - 1 - स्टिचिंग मशीन 1 पीस, (फुट पैडल, पावर आपरेटेड मशीन आई०एस०आई० एप्रूव्ड), 2- इम्ब्राईडरी फेम अड्डा 30''या 36'' 1पीस, 3- इम्ब्राईडरी फेम गोल छोटा, मध्यम एवं बड़ा ( 8 ''10''12'' ) 2 पीस, 4- ट्रेसिंग पेपर शीट 5 पीस, 5- जरी निडील कसब हेतु ( 1तार, 2तार, 8तार ) 2 पीस प्रति, 6- पेन्सिल एचबी0 एवं बी0 10 पीस, 7- ट्रेसिंग पाउडर 250 ग्रा0, 8- स्टील स्केल (1 फीट एवं 2 फीट) 1 पीस प्रति, 9- मेजरिंग टेप 2 पीस, 10 - कारपेट सीजर 1 पीस, 11 थ्रेड टरिमर 2 पीस, 12-सिम रिप्पर 4 पीस, 13- जरदोजी नीडिल 9,10, 11 एवं 12 नं0 पैक, 14- स्माल सीजर 1 पीस, 15-हैण्ड चिमटी स्माल 1 पीस, 16- फटीला 7'' या 10'', 17- पैटर्न क्लॉथ 2 पीस, 18- अड्डा निडिल 05 पीस, 19- फिंगर थिम्बल 05 पीस की आपूर्ति / क्रय किये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म अपना निविदा कोटेशन पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से सील बन्द लिफाफा में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिवस के अन्दर कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय- संत कबीर मानव विकास सेवा संस्थान, काजीपुर, मगहर जनपद - संत कबीर नगर उ०प्र० मो- 8756092177 पर प्रेषित करें ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 3 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- अष्टमी

# अर्थव्यवस्था का संतुलन

नीति आयोग के दावों के मुताबिक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन इसके साथ ही यह भी प्रसन्नता की बात है कि ने अनुमान जताया है कि 2025-26 में भी भारत की आर्थिक विकास दर 6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी तक रह सकती है। भारत की आर्थिक शक्ति और भी बढ़ेगी और सरकार निर्धारित आर्थिक विकास दर का लक्ष्य हासिल कर सकेगी। भारत की आर्थिक विकास दर 2024-25 वित्त वर्ष की चौथी, अंतिम तिमाही यानी जनवरी-मार्च में 7.4 फीसदी बताई जा रही है। बेशक यह अपेक्षाओं और अनुमानों से परे है, लेकिन अभूतपूर्व नहीं है। भारत की पिछले वर्ष कुल वित्त वर्ष की विकास दर 6.5 फीसदी रही है। यदि वस्तुओं, सेवाओं और वेल्यू एडिड के तौर पर लगाए गए करों को हटा लिया जाए, तो चौथी तिमाही की घोषित विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी। विकास की गति दूसरी छमाही के दौरान तेजी से बढ़ी, पर दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर 2024 में विकास दर 5.6 फीसदी तक लुढक गई थी। यानी भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 2024-25 के दौरान धीमी ही रही है, अतः चौथी तिमाही के आंकड़ों को लेकर अधिक उत्साहित नहीं होना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व की आर्थिक एजेंसियों ने 2024-25 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर 6.2 फीसदी से 6.4 फीसदी तक ही आंकी थी। हालांकि यह दर भी विश्व में सबसे तेज अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। पर औद्योगिक उत्पादन, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग में तेजी से गिरावट दर्ज हुई, 2024-25 के दौरान मार्च तिमाही में इस क्षेत्र में 4.8 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह वृद्धि 3.6 फीसदी थी, जबकि एक साल पहले यह दर 12.3 फीसदी थी। यह चिंताजनक फासला माना जा सकता है। यह तब है जब बीते वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किए। मौसम माकूल रहा, जलाशयों में पानी भरा रहा, किसानों को उनकी फसलों के दाम अच्छे और ज्यादा मिले, किसानों ने फसलों की ज्यादा बुआई की, नतीजा यह रहा कि चौथी तिमाही में कृषि विकास दर 5.4 फीसदी रही। पूरे वित्त वर्ष की कृषि विकास दर 4.6 फीसदी रही। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुखद व्याख्या करती है, लेकिन भारत के ज्यादातर किसान आज भी गरीब और कर्जदार हैं। हालांकि एक साल पहले इस क्षेत्र की विकास दर 8.7 फीसदी थी। खनन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र और सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास दर्ज किया गया है। दरअसल 2023-24 में जीडीपी 9.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। बहरहाल, सामान्य निर्यात में गिरावट और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती का असर कुल अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है। बहरहाल, मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि घरेलू मांग, निवेश, बचत आदि में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में 26,632 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह किसी एक माह में सबसे बड़ा निवेश है। रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत 5.1 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल 4.9 फीसदी थी। यह आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत के लिए सकारात्मक संकेत है।

## रहे उसी पर ध्यान !

जो मिला है काम ।
रहे उसी पर ध्यान ।।
इधर उधर भटकाने से ।
है गिरता सम्मान ।।
बन रहा समूह लगता ।
भ्रम का मायाजाल ।।
चेते ना अभी अगर ।
होगा बुरा हाल ।।
देखें अपना क्षेत्र जरा ।
कैसा पड़ा अकाल ।।
हर तरफ से आप पर ।
उठते हैं सवाल ।।
साथ साथ इस जोश के ।
होश को ठुकराया ।।
गुणा भाग ना कर जाए ।
पूरा ही सफाया ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7449

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7448 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# आम आदमी की सवारी है साइकिल



रमेश सर्राफ धमोरा

**साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं।**

साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम सातवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है।

आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।

बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी।

देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है।

अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी।

2020 में विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निमार्ता कम्पनी एटलस बंद हो गयी थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्ट्री बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गये। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निमार्ता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है।

भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# राजनीति के फलते-फूलते और दरकते सियासी परिवार



बाल मुकुन्द ओझा

लालू यादव के परिवार और पार्टी से बड़े बेटे तेजप्रताप के निष्कासन के बाद देश में एकबार फिर परिवारवाद की सियासत हिलोरे लेने लगी है। बिहार विधानसभा के चुनाव शीघ्र होने जा रहे है। इसी के मधे नजर तरह तरह के तमाशाई सवाल हवा में तैर रहे है। बिहार में परिवारवाद कोई नया मुद्दा नहीं है मगर सबसे शक्तिशाली परिवार में अंदरूनी झगड़ा खुलकर सामने आ गया है। लालू परिवार में जयचंदों को लेकर भी सियासत गर्म हो रही है। देश में ऐसे कई सियासी परिवार है जहां बेटों को लेकर जंग छिड़ती रही है। तमिलनाडु में करूणानिधि ने बड़े बेटे अलागिरी को पार्टी से अलग कर स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। पिता के इस एक्शन से बड़ा बेटा राजनीति के बियावान में खो गया। महाराष्ट्र में बाल ठाकरे ने अपने भतीजे राज ठाकरे के स्थान पर अपने बेटे उद्धव को पार्टी की सत्ता सौंप दी थी। शरद पवार का उदहारण भी हमारे सामने है। उन्होंने अपने भाई के स्थान पर बेटी को तरजीह दी थी। ऐसे और भी उदहारण हमें मिल जायेंगे। ताजा तरीन मामला लालू परिवार का है जिसे लेकर मीडिया में बहस छिड़ी हुई है।

एक पक्ष का कहना है परिवार की लड़ाई लालू कुनबे के सियासी भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है और यह विवाद बिहार विधान सभा चुनाव में लालू की पार्टी को ले डूबेगा। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है करूणानिधि परिवार की तरह लालू परिवार भी यह झटका सहन कर लेगा और तेजस्वी असली उत्तराधिकारी साबित होगा।

आजादी के बाद से ही देश की सियासत में परिवारवाद का डंका बजता रहा है। इनमें सबसे बड़ा सियासी परिवार नेहरू-गांधी का है जिसकी पांचवीं छठी पीढ़ी राजनीति में सक्रीय है। कहने का मतलब है मोतीलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक सियासी समर में सक्रीय है। देश में अनेक सियासी परिवार जहां फले फुले है वहां अनेक परिवार टूट फुट का शिकार होकर दरकते भी गए है। इस समय देश में डेढ़ दर्जन परिवार राजनीति में सक्रीय है। इनमें अनेक बड़े परिवार समय के साथ फलते फूलते और बिखरते रहे। राजनीति के चाणक्य समझे जाने वाले शरद पवार के भतीजे अजीत ने अपने चाचा को पटकनी देकर भाजपा सरकार में उप मुख्यमंत्री का पद संभाल लिया है।

देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित नेहरू गांधी परिवार में भी स्वण संजय गांधी की पत्नी मेनका और बेटे वरुण गांधी ने परिवार से अलग राह पकड़कर भाजपा का दामन थाम रखा है। दूसरा बड़ा परिवार पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का है जिसकी चौथी पीढ़ी इस समय सियासी समर में संघर्षरत है। देवीलाल के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला के दोनों बेटों ने सियासत की अलग अलग पगडंडियां पकड़ रखी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान के निधन के बाद उनका परिवार भी बिखर गया है। बेटे और भाई ने अलग अलग राह पकड़ रखी है। इसी भांति यूपी में सोने लाल पटेल के परिवार के सदस्यों की राह भी जुदा जुदा है। इनमें एक सदस्य मोदी मंत्री मंडल में शामिल है तो दूसरा मोदी विरोधी धड़े के साथ है। कल तक मुलायम सिंह यादव का परिवार भी अलग थलग था। भाई शिवपाल और बेटे अखिलेश की राह अलग अलग थी मगर शिवपाल फिर अपने भतीजे के साथ हो गए है मगर परिवार के एक बहू अपर्णा आज भी भाजपा खेमे से जुडी है। आंध्र में पूर्व मुख्यमंत्री रामाराव का परिवार भी बिखरा हुआ है। महाराष्ट्र में बाल ठाकरे का परिवार भी एकजुट नहीं रहा। भतीजे राज ने अपने चाचा से बगावत कर अलग पार्टी बना ली थी और आज भी उद्धव और राज की राहें अलग अलग है।

भारतीय राजनीति में पंचायत से संसद तक परिवारवाद हावी है। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक राजनीति में परिवारवाद ने अपनी जड़ इतनी ज्यादा मजबूत कर ली है कि उसे हटाना अब नामुमकिन हो गया है। हमारे लोकतान्त्रिक देश में एक दर्जन राज्यों में परिवारवाद की चिंगारी अभी सुलग रही है। यूँ देखा जाये तो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा में वंशवादी राजनीति न के बराबर है जबकि कांग्रेस, सपा, डीएमके, आरजेडी, एनसीपी, लोकदल के नाम से विभिन्न दलए नेशनल कॉन्फ्रेंस, लोक जनशक्ति पार्टी, देवेगौड़ा की पार्टी, अकाली दल जैसे दलों का संगठन और सत्ता एक परिवार विशेष के लिए समर्पित है। कई राजनीतिक विश्लेषक परिवारवाद और वंशवाद की परिभाषा अलग अलग बताते है। इन लोगों की मान्यता के अनुसार यदि संघर्ष के रास्ते कोई भाई अपनी जगह सियासत में बनाकर आता है तो उसे परिवारवाद का दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। वहीं दूसरे पक्ष के विश्लेषक मानते है कि परिवार के सहारे आगे बढ़ना अनुचित है। भारत के लोकतंत्र को समझने वाले लोगो का एक दृष्टिकोण ये भी है की इस देश में वंशवाद और राजशाही को लोकतंत्र का जामा ओढ़ाया गया है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा को समझें



ललित गर्ग

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है?

बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? ये प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है।

संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरूआत 1982 में की थी, जब फिलिस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनिया भर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन, हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है।

निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनिया भर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नयी बन रही विश्व संरचना के लिये गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं।

हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिये जागरुकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पायी गयी। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण।

2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हँसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

**वृष** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मिथुन** : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कर्क** : अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**कन्या** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनु** : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं।

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुम्भ** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# बकरीद पर कुर्बानी की फोटो या वीडियो बनाकर ना करें वायरल

❑ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में पीस कमेटी बैठक आयोजित

❑ त्योहार पर बिजली और पानी की आपूर्ति रखें दुरुस्त : डीएम



बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ईद-उल-जुहा (बकरीद) के पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि ईद-उल-जुहा को आमतौर पर तीन दिन कुबार्नी होती है अतः तीनो दिन साफ-सफाई, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था तीन दिन रहे। बैठक में निर्देश दिए कि कुबार्नी खुले में ना दी जाए और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी ना दी जाए तथा बच्चों को समझाएं कि कुबार्नी की वीडियो ना बनाए और ना वायरल करें। बैठक में निर्देश दिए कि कुबार्नी अवशेष को एकत्र करने हेतु नगर निगम की ट्राली एक बार क्षेत्र में जाने के बाद दोबारा भी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चिन्हित स्थानों पर ही कुबार्नी हो, प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी ना हो, कुबार्नी की फोटो वीडियो ना बनायी जाए और ना ही वायरल की जाए। बैठक में निर्देश दिए कि पशुओं के अवशेषों को खुले में ना फेंके, जमीन में दफन करें, कुबार्नी का एक हिस्सा गरीबो में तकसीम करें, ट्रालियो में नीचे की तरफ और ऊपर दोनों ओर त्रिपाल लगाया जाए, जिससे रक्त आदि मार्ग में ना फैले। बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारु रुप से बनी रहे। जिलाधिकारी ने पीस कमेटी के सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी सद्भावना के सिपाही है यह हमारी और आपकी जिम्मेदारी है कि सभी त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो। जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रुम को सक्रिय किये जाने के निर्देश दिए।

जिससे किसी की कोई समस्या हो तो लोग परेशानी स्थिति में फोन कर जानकारी दे सकें। बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य ने निर्देश दिए कि ईद-उल-जुहा के पर्व पर जिन स्थानों पर परम्परागत रुप से जहां नमाज पढ़ते आये हैं, वहीं नमाज अदा करें तथा सामूहिक कुबार्नी स्थल जो पहले से चिन्हित हैं, उन्हीं स्थानों पर कुबार्नी हो और पर्दा आदि लगा कर करें। एसएसपी ने कहा की ऐसा सौहार्द बनाये कि झगड़े की मठिया का नाम अब सद्धावना की मठिया हो जाए। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि ईद-उल-जुहा के पर्व पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहेगी और पानी की आपूर्ति पूरे दिन रखी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक देहात, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी, पीस कमेटी के सदस्य सहित सर्म्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों के नहर में डूबने से परिवार में मचा कोहराम

❑ पिता के सामने तीन बच्चे डूबे, दो को सकुशल निकाला और एक बेटी डूबी

❑ सात घंटे बाद घटना स्थल से दो किलो मीटर दूर बंबे से शव बरामद

फिरोजाबाद, 02 जून (तरूणमित्र)। शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला बिलोटिया निवासी सुनील कुमार पर चार बच्चे है। जिनमें दो बेटा और दो बेटियां हैं। रविवार को चारो बच्चे एक साथ नहर पर आ गये और नहाने लगे सबसे छोटी बच्ची किनारे पर थी, जबकि उससे तीन बड़े भाई-बहिन थोड़े अंदर चले गये। बच्चों को डूबता देख सुनील दौड़ा और उसने दो बच्चों को निकाल लिया, लेकिन एक बेटी को वह अपनी आंखों के सामने पानी में डूबता देखता रह गया। सूचना पर थाना प्रभारी अनुज राणा भी फोर्स और फायर ब्रिगेड के साथ पहुंच गये। पुलिस और स्वजनों के साथ ग्रामीणों ने सात घंटे के बाद शव को घटना स्थल से दो किलो मीटर दूर बंबे से बरामद कर लिया। सुनील बेलदारी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उस पर चार बच्चे हैं। जिसमे आदित्य (12), चिराग (9), वंशिका (8) और अंशिका (6) शामिल हैं। रविवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे के करीब वह अपने चारों बच्चों के साथ नगर के समीप खड़े खजूर खिलाने को लेकर असुआ पुल के समीप आया था।

जब वह खजूर तोड़ रहा था, तभी उसके चारो बच्चे नहर में नहाने के लिए चले गये। बड़े भाइयों को पानी में नहाता देख छोटी बहिनें भी घुसने लगीं। इसी दौरान सुनील की नजर उन पर गई। वह दौड़ कर नहर पर आया, तब तक चिराग,अंशिका और वंशिका डूबने लगे। चीख पुकार सुन कर उसने नहर में छलांग लगा दी। और डूबते हुए बेटा चिराग और बेटी अंशिका को बचा लिया, लेकिन वंशिका उसकी आंखों के सामने नहर के गहरे पानी में समा गई। बेटी को नहर में डूबता देख वह हैरान हो गया और घटना की जानकारी गांव के लोगों को दी।

सूचना मिलते ही उसके परिवार के लोग और ग्रामीण महिला-पुरुष नहर पर आ गये। स्थानीय गोताखोरों ने वंशिका की काफी तलाश की। घटना स्थल से दो किलो मीटर दूर बंबा से बच्ची के शव को बरामद कर लिया। शव मिलते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भिजवाया है।

# चाढ़पुर में मिरेकल सिटी वाटर पार्क का शुभारंभ

बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। चाढ़पुर गांव में सोमवार को अनिल कुमार गुप्ता और सोनू गुप्ता प्रदीप सिंह ने वाटर पार्क 'मिरेकल सिटी वाटर पार्क' का उद्घाटन किया। दो जून से आम लोग इस वाटर पार्क का आनंद उठा सकेंगे।

इस वाटर पार्क के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के चाढ़पुर में वाटर पार्क का शुभारंभ कराया, जो एक अच्छी पहल है। क्षेत्रीय लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ रोजगार सृजन का अवसर है। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हरियाली प्राकृतिक वातावरण में वाटर पार्क के आनंद के साथ-साथ व्यवहारिक पार्टी कार्यक्रम के लिए उपयुक्त स्थान है। अब महानगरों की तर्ज पर वॉटर पार्क की सुविधा गांव में भी मिलेगी। बरेली से बदायूं मार्ग पर बरेली शहर से मात्र 10 किलोमीटर दूरी पर चढ़पुर में वॉटर पार्क के उद्घाटन से लोगों को अब स्थानीय स्तर पर वॉटर पार्क झूलो की सुविधा मिलेगी।

वाटर पार्क में वेव पुल, हाइट राइड, फ्लोट राइड, किड्स प्ले जोन, फूड कार्ट, थेंडर लूप, हट हाउस की सुविधाएं यहां आने वाले लोगों को मिलेगी। इस दौरान अमरीश गुप्ता, रिंकू गुप्ता, पुष्पेन्द्र शर्मा, अमित शर्मा, जसवीर मौर्य, ग्राम प्रधान भाई नरेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डब्लू यादव, प्रधान राहुल पाण्डेय, मिरेकल सिटी वाटर पार्क के निदेशक अनिल कुमार गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# कॉग्रेस ही दिला सकती देश को स्वाभिमान और हमें सम्मान - रामनिवास



फिरोजाबाद, 02 जून (तरूणमित्र)। भाजपा की नफरती और लुटेरी नीतियों से परेशान होकर जनता अब कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है क्योंकि कांग्रेस ही दिला सकती है देश को स्वाभिमान और हमें सम्मान

उक्त विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने ग्राम मोहम्मदपुर (नारखी) में आयोजित संगठन सृजन बैठक में व्यक्त करते हुये कहा कि आज भाजपा द्वारा झूठ फैलाकर लोगो को गुमराह किया जा रहा है , सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिये जो अब ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जननायक राहुल गाँधी द्वारा भाजपा के झूठ को बेनकाब किया जा रहा है, जिसे जनता समझ भी रही है ,और आने वाले समय में भाजपा देश प्रदेश की सत्ता से बाहर होगी। बैठक के दौरान राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , शैलेन्द्र शुक्ला, संजय यादव , अजय यादव, विराट दिवाकर , उमाशंकर गर्ग , राकेश कुमार , विकास कुमार , भीकम पाल , रामवीर सिंह , मुकेश कुमार , कपिल कुमार , प्रदीप कुमार , गौरव कुमार , गोपाल गर्ग , महाराज सिंह , नंदराम उमेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे अध्यक्षता प्रीतमसिंह ने की तथा संचालन राजवीर सिंह ने किया।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

फिरोजाबाद, 02 जून (तरूणमित्र)। थाना मटसेना के गांव दोकेली के समीप एक बगिया में पेड़ पर लटक कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है दोकेली निवासी 30 वर्षीय शिवप्रसाद पुत्र मंगल सिंह ने गांव के समीप एक भट्टे के पास बनी बगिया में पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ,सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया , इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है।

# ड्यूटी से वापस घर जा रहे सिपाही की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत



पीलीभीत, 02 जून (तरूणमित्र)। ड्यूटी से वापस अपने मित्र के साथ घर जा रहे सुनगढ़ी में तैनात सिपाही की बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही समेत दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों के शवों को पोस्ट मार्टम के लिया भेज दिया। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार भी पहुंच गए। दोनों के शवो को देख परिवार वाले भी बदहवास हो गए। पुलिस हादसा करने वाले ट्रक की तलाश कर रही है। थाना सुनगढ़ी में तैनात सिपाही 30 वर्षीय शिवम बालियान रविवार रात को ड्यूटी खत्म करने के बाद देर रात 12.30 बजे अपने मित्र कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी 25 वर्षीय बॉबी चौधरी पुत्र नन्हें बाबू के साथ अपने घर पुलिस लाइन जा रहे थे। वह जैसे ही बाइक से गौहानिया चौराहा के पास पहुंचे तो हाईवे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिपाही और युवक दोनों उछलकर गिर पड़े। इसके बाद ट्रक दोनों को कुचलता हुआ भाग गया। हादसे में दोनों के शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हो गए। घटना स्थल पर दोनों के शव पहचान में भी नहीं आ रहे थे। सूचना मिलते ही सीओ सिटी दीपक चतुवेर्दी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल को येलो टेप से सील कर शवों को एकत्र कर उन्हें पोस्टमार्टम को भिजवाया गया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक सिपाही और युवक के परिवार वालों को दी गई। बताया जा रहा है मृतक सिपाही बुलंदशहर का रहने वाला है। उसकी पत्नी गर्भवती है। देर रात पहुंचे परिवार वाले शव देखकर बेहोश हो गए।

इधर मृतक बॉबी चौधरी इकलौता पुत्र था। उसकी मां का देहांत कई वर्ष पहले ही हो चुका है। बेटे की मौत के बाद पिता भी पूरी तरह से टूट गए। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक सिपाही के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में सलामी और श्रद्धांजलि देने के बाद उसके पैतृक गांव बुलंदशहर भेजा जाएगा।

# अपर जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



बिजनौर, 02 जून (तरूणमित्र)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रेय शुक्ला जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में और सुधार कर करने के लिए कारागार अधिकारियों को अपर जिला जज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डॉक्टर अदिति श्रीवास्तव उपकारागार पाल अरविंद कुमार लक्ष्मी देवी अन्य कलाकार के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दिल्ली पौड़ी नैशनल हाई-वे पर घटिया सामग्री से बनने वाला पुल गिरा

बिजनौर, 02 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली से पौड़ी पर बनने वाले माउंट लिट्रा स्कूल के पास पुल का लिंटर अचानक गिर जाने की घटना की जांच उप जिलाधिकारी सदर अवनीश कुमार त्यागी द्वारा कराई गई। श्री त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया नैशनल हाइवे पर बनने वालापुल अचनक गिर गया है अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को उक्त प्रकरण एवं पुल के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री सहित संपूर्ण जांच करने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जांच में निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप न पाए जाने अथवा लापरवाही सिद्ध होने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहीं की जायेगी

# डीएम ने किया पेयजल योजना नगरीय के कार्यों का निरीक्षण



बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को पेयजल योजना नगरीय अंतर्गत पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों का बदायूं व उझानी में निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बदायूं नगर के जलकल कैंपस के पास तथा उझानी में काशीराम कॉलोनी के नजदीक कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बदायूँ नगर में कोलतार से बने रोड, घरों में कराए जा रहे पानी के कनेक्शन व ओवरहेड टैंक के कार्यों का भी निरीक्षण किया। डीएम ने उझानी में ओवरहेड टैंक के कार्यों, हाइड्रो टेस्टिंग के कार्यों, रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का तथा घरों में कराई जा रहे पानी के कनेक्शन को भी चेक किया। डीएम ने पाइप लाइन बिछाने के लिए किए सड़क पर किए गड्ढों को ठीक प्रकार से भरा गया है अथवा नहीं, यह भी चेक किया।

# अलर्ट : सरकारी अस्पतालों में जल्द शुरू होगी कोविड-19 की जांच

## डीएम की अध्यक्षता में कोविड-19 की आगामी सम्भावित लहर पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बंध में संवेदीकरण की हुई बैठक




बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कोविड-19 की आगामी सम्भावित लहर पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बंध में संवेदीकरण की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि देश के कुछ भागों में कोविड-19 रोगियों की संख्या में मामूली वृद्धि परिलक्षित हुई है। इसके दृष्टिगत उचित होगा कि प्रदेश में कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण किए जाने हेतु सर्विलांस गतिविधियों को सुदृढ़ीकृत किए जाने हेतु महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निर्देशों के क्रम में बैठक बुलायी गयी है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एंटीजन किट आ गयी है शीघ्र ही सरकारी चिकित्सालयों में कोविड की जांच आरम्भ कर दी जाएगी। ऐसे कोविड-19 धनात्मक रोगी जिनका आरटीपीसीआर जांच में सीटी वैल्यू 25 से कम हो, के नमूने हेतु डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ प्रेषित किए जाएंगे ताकि कोविड-19 वायरस के प्रदेश में संचरित स्ट्रेन की जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद बरेली में अभी तक कोविड-19 को कोई भी केस नहीं पाया गया है।

19 मई 2023 को जनपद में अंतिम केस मिला था। यदि जनपद में कोविड-19 रोगियों की संख्या में असामान्य वृद्धि परिलक्षित होती है तो चिकित्सालय में कोविड-19 से बचाव हेतु आवश्यक उपायों यथा मास्क का प्रयोग एवं हैंड हाइजीन तथा कप एटिकेट्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों यथा कैंसर का उपचार करा रहे अथवा ऑर्गन ट्रांसप्लांट वाले रोगी तथा गंभीर रोगियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोविड-19 की जांच रिपोर्ट हेत यूडीएसपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने का प्राविधान का प्रयोग करते हुए प्रयोगशालाओं द्वारा दैनिक स्तर पर रिपोर्ट अपलोड की जाए। जनपद बरेली में पांच राजकीय कोविड चिकित्सालयों में 460 बेड व 19 प्राइवेट चिकित्सालयों में 2531 बेड कोविड पेशेंट हेतु आरक्षित हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, आईएमए/ रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज/ एसआरएमएस/राजश्री चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधि व एमओआईसी गण उपस्थित रहे।

# खुले में न करें जानवरों की कुर्बानी: अहसन मियां

बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि ईद-ए-कुरबॉ हजरत इब्राहीम अलैहअस्सलाम की सुन्नत है। मुसलमान इस सुन्नत को बिना किसी को तकलीफ पहुंचाए खुशदिली के साथ अदा करे। कुबार्नी का मकसद शोहरत हासिल करना या दिखावा हरगिज नहीं होना चाहिए। बल्कि इसका मकसद परहेजगारी और नेकोकारी का जज्बा अपने दिल में पैदा कर नियत सिर्फ अपने अल्लाह को राजी करना हो। रियाकारी (दिखावा) अल्लाह को पसंद नहीं। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आज दरगाह कार्यालय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने मुल्क भर के मुसलमानों को एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि मुल्क भर में ये त्यौहार 07 जून से 09 जून तक मनाया जायेगा। इन तीनों दिन (07 जून सूर्यदय से 09 जून सूर्यस्त से पहले तक) मुसलमान जानवरों की कुबार्नी देगें। शरई मालदार मर्द औरत मुसलमान पर कुबार्नी वाजिब है। कुबार्नी करते समय अपने हम वतन भाइयों का ख्याल रखें। जानवरों की तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर न करें। वही जानवरो की कुबार्नी खुली जगह में न करे। कही बंद जगह में इसका इंतजाम किया जाए। मजहब-ए-इस्लाम में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। जानवरों का खून नालियों में न बहाए व कुबार्नी के बाद उसके अपशिष्ट पदार्थ किसी गड्ढे दफन कर दे। कोई ऐसा कार्य नही करे जिससे किसी की भावनाएं आहत हो। सभी त्यौहार आपसी इत्तेहाद और भाईचारे का पैगाम देते है। कुबार्नी के हिस्से में गरीबों का खास ख्याल रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरों की क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से की गई चर्चा

बिजनौर बरूकी, 02 जून (तरूणमित्र)। भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) की क्षेत्रीय इकाई की मासिक बैठक में किसानों एवं मजदूरों की क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण समय से नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत)संबंधित अधिकारियों के खिलाफ धरना एवं प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। मासिक बैठक की अध्यक्षता चौधरी नैन सिंह एवं संचालन बृजेश कुमारने किया। बैठक में चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी सुखबीर सिंह, नरपाल सिंह, धूम सिंह, तिलक राम, बेगराज सिंह, कर्मेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, वतन सिंह त्यागी, मोमिन खान आदि उपस्थित रहें मासिक बैठक में पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा के नवागत मैनेजर द्वारा बैंक ग्राहको से की जा रही अभद्रता एवं हठधर्मिता की शिकायत पर बैंक मैनेजर को व्यवहार सुधारने तथा किसानों,मजदूरो एवं बैंक ग्राहको के बैंक कार्यों का बिना सुविधा शुल्क लिए समय से निस्तारण करने तहसील बिजनौर द्वारा नई आबादी में मकानो एवं दुकानों की घरौनी तत्काल प्रभाव से बनाने, बहुउद्देश्य सहकारी समितियों द्वारा किसानों से तीन प्रतिशत के बजाय सात प्रतिशत ब्याज ना लेने, ग्राम बरुकी क्षेत्र में छुट्टा एवं आवारा पशुओं को पकड़वाने, विद्युत विभाग द्वारा बिजली मीटरों से प्रतिमाह बिल निकलवाने, पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरुकी बस स्टैंड के दोनो ओर के पहुंच मार्गो को पक्का कराने, आदि की मांग की गई।

### प्रेमिका के परिजनों ने घर बुलाकर युवक को पिलाया तेजाब

फिरोजाबाद, 02 जून (तरूणमित्र)। थाना सिरसागंज की गांव हुसैनपुर बेजुआ मैं प्रेमिका के परिजनों ने घर बुलाकर युवक को मारपीट कर तेजाब पिला दिया पुलिस ने उसे सिरसागंज सामुदायिक केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया है जहां से उसे सरकारी ट्रामा सेंटर रेफर किया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दशा नाजुक देख आगरा रेफर कर दिया है थाना दक्षिण के मोहल्ला कर्बला निवासी 22 वर्षीय अंकित राठौर पुत्र महेश चंद्र थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव हुसैनपुर बेजुआ गया था जहां उसकी हालत बिगड़ गई उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसागंज भर्ती कराया गया जहां से उसे सरकारी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया इधर सूचना मिलती ही युवक के पिता महेश चंद्र सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गए उन्होंने बताया उनके पुत्र अंकित के 2 साल से सिरसागंज निवासी एक युवती से प्रेम संबंध चल रहे हैं युवती के परिजनों ने अंकित को बुलाया और उसके साथ मारपीट कर तेजाब पिला दिया दिया इसके फल स्वरुप उसकी हालत बिगड़ गई इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुन विशेन ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस को एक युवक को युवती के परिजनों द्वारा तेजाब पिलाने का मामला संज्ञान में आया है पुलिस ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया है युवती के पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है उससे पूछताछ की जा रही है।

### घर में ही फंदे पर लटका मिला कपड़ा व्यवसाई का शव

फिरोजाबाद, 02 जून (तरूणमित्र)। थाना दक्षिण क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को एक कपड़ा व्यवसाई का शव उसके ही घर में फंदे पर लटका मिला है। मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर आयी है और घटना की जांच में जुट गई है।थाना दक्षिण क्षेत्र के हिमायूंपुर निवासी मनोज कुमार अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता था। उसकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके गई थी। रविवार को मनोज का शव उसके ही घर में फंदे पर लोगों ने लटका देखा तो वह हैरान रह गये। शोर होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। सूचना मिलते ही परिजन भी आ गये। परिजनों ने बताया कि मृतक कपड़े का काम करता था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह का कहना है , कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# मिशन वात्सल्य की स्पॉन्सरशिप स्कीम से नहीं छूटेगी गरीब बच्चों की पढ़ाई

## महिला कल्याण विभाग से संचालित वात्सल्य योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चे



बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। महिला कल्याण विभाग द्वारा सरकार की वात्सल्य योजना के तहत स्पॉन्सरशिप स्कीम में गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए चार हजार रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। जिससे पढ़ाई के शौकीन बच्चों की पैसे ना होने की स्थिति में पढ़ाई ना छूट सके।

डीपीओ मोनिका राणा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 649 बच्चों की पढ़ाई का पैसा दिया गया है और इस वर्ष भी योजना में पात्र बच्चों को लाभ दिया जाएगा, केस नं0-1. बालिका राधा (काल्पनिक नाम) जो कि पूर्णतः दृष्टिहीन है। बालिका राधा के माता-पिता मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। बालिका राधा बचपन डे केयर सेंटर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में अध्यनरत है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत (स्पॉन्सरशिप स्कीम) प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिका राधा को 4000/- रुपए प्रति माह की दर से लाभान्वित किया जायेगा। जिससे वह अपनी पढ़ाई एवं ट्यूशन कर सकती है, केस नं0-2. राहुल (काल्पनिक नाम) के पिता की मृत्यु वर्ष 2019 में कैंसर जैसी घातक बीमारी के कारण हो गयी थी। पिता की मृत्यु के पश्चात बालक राहुल पर गहरा प्रभाव पड़ा। साथ ही पिता के न रहने पर आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हुई। बालक राहुल वर्तमान में हार्टमैन कालेज में अध्यनरत है। जिसकी फीस हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत राहुल को 4000/- रुपए प्रति माह की दर से लाभान्वित किया जायेगा, केस नं0-3. बालक मो0 असलम (काल्पनिक नाम) जो कि पूर्णतः दृष्टिहीन है। बालिका राधा के माता-पिता मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। असलम बचपन डे केयर सेंटर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में अध्यनरत है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत असलम को 4000/- रुपए प्रति माह की दर से लाभान्वित किया जायेगा, केस नं0-4. बालिका शिफा (काल्पनिक नाम) जो दोनों पैरो से विकलांग है वह अपने पैरो पर खड़े होकर चलने में असमर्थ है ऐसी स्थिति होने पर भी बालिका शिफा की पढ़ाई में रूचि है। बालिका शिफा की पढ़ाई बेहतर ढंग से संचालित रहे जिससे वह अपनी कमी को कमी न समझकर पूरे आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई कर सके जिसके लिये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शिफा को 4000/- रुपए प्रति माह की दर से लाभान्वित किया जायेगा, केस नं0-5. बालक मोनू (काल्पनिक नाम) जिसके जन्म से ही दाहिने हाथ में हड्डी न होने के कारण एक हाथ काम नहीं करता है जो कोहनी से अन्दर की ओर मुड़ा हुआ है। बालक मोनू के पिता की मृत्यु वर्ष 2025 में कैंसर जैसी घातक बीमारी से हो गयी है। ऐसी विषम परिस्थिति में बालक मोनू ने अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ी और वह स्वदेश भूषण इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। पिता के इलाज पर अत्याधिक धनराशि खर्च होने के कारण परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिसके लिये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मोनू को 4000/- रुपए प्रति माह की दर से लाभान्वित किया जायेगा।

# कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या

● अमेठी में हत्या की बड़ी वारदात
● आरोपी पति कुल्हाड़ी समेत हिरासत में

अमेठी, 02 जून (तरुणमित्र)। पत्नी के लगातार मोबाइल से बात करने से नाराज पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से गर्दन काट कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी पति मौके पर ही मौजूद रहा जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने उसे कुल्हाड़ी समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला रामगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर मवैया गांव का है जहां के रहने वाले ऋषि वर्मा ने इसी गांव के एक दूसरे पुरवे की रहने वाली प्रतिभा बनवासी उर्फ प्रिया से चार साल पहले प्रेम विवाह किया था। मृतका की एक 3 साल की बेटी भी है। आज दोपहर प्रतिभा घर के बाहर छप्पर के नीचे लेटी थी तभी पति ऋषि कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और पत्नी की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी पति मौके पर ही खड़ा रहा। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। दिनदहाड़े हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात की जानकारी मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुँची और घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है की मृतक प्रतिभा अपने मोबाइल फोन से अक्सर किसी से बात करती थी। इसी बात को लेकर अक्सर दोनों पति-पत्नी में तू तू मैं हुआ करती थी। घटना के दौरान भी पत्नी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी तभी मौके पर पति पहुंचा और पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के बाद दोनों में तू तू मैं मैं होने लगी जिसके बाद पति ने घर के अंदर रखी कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी को मौत की नींद सुला दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शादी में आये युवक की सड़क हादसे में मौत

एटा, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के जसरथपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा नगला मोहन गांव के पास हुआ। मृतक विनय मध्य प्रदेश से अपनी मौसी की शादी में शामिल होने एटा आया था। रविवार को वह अपने एक रिश्तेदार के साथ सरौठ बाजार में खरीदारी के लिए गया था। रास्ते में स्विफ्ट डिजायर कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विनय को अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। विनय के रिश्तेदार श्याम ने बताया कि घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं और दावत का इंतजाम हो चुका था।

# पटवा समाज के हित के लिए संजीव पटवा पीएम मोदी से मिले



चंदौली, 02 जून (तरुणमित्र)। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज के बिहार प्रदेश प्रभारी संजीव पटवा बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पटना एयरपोर्ट पर एक शिष्टमंडल के साथ मुलाकात किया। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दिया।

इस दौरान पटवा समाज की सामाजिक और राजनैतिक और शैक्षणिक विकास पर संक्षेप में चर्चा किया। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी और राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा सहित राष्ट्रीय संगठन मंत्री अरविंद पटवा राष्ट्रीय टीम के साथ बिहार प्रदेश प्रभारी संजीव पटवा को बधाई दिया। बिहार में पटवा समाज को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार में एक जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे हुए थे। पटना एयरपोर्ट पर अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज के प्रदेश प्रभारी संजीव पटवा शिष्टमंडल के साथ प्रधानमंत्री के स्वागत के लिये खड़े थे। अपने पंक्ति में मुलाकात के दौरान बिहार प्रदेश प्रभारी संजीव पटवा ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देते हुए संक्षेप में पटवा समाज के सामाजिक संरचना पर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि पटवा समाज सदियों से सनातन धर्म का अनुयाई है। इसके बाद भी समाज की मुख्यधारा से वंचित है। प्रधानमंत्री ने पटवा समाज को मुख्यधारा में लाने वाली बात को सुनकर मंत्र मुग्ध कर देने वाली मुस्कान के साथ स्नेहित आर्शिवाद प्रदान किया। शीघ्र ही अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज का राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री से मुलाकात कर विस्तार से बात करने की बात कही। अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा, राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय पटवा, मुख्य सचेतक विजय बहादुर पटवा, राष्ट्रीय समन्वय एवं बौद्धिक प्रमुख सीताराम पटवा, डा.विद्यासागर ईश्वरचंद पटवा, प्रधान संरक्षक अरके सिंह देववंशी, राष्ट्रीय समन्वयक टीएन पटवा, राष्ट्रीय मंत्री चंदन पटवा, रविबाबू पाटकर, प्रमोद देववंशी, बिहार प्रदेश प्रभारी और प्रदेश संयोजक भाजपा बुनकर प्रकोष्ट संजीव पटवा के सतत प्रयास का सराहना करते हुए बधाई दिया। पटवा समाज को आगे ले जाने का आवाहन किया। इस मौके पर रवि पटवा, जतिन पटवा, उमेश पटवा, विनोद पटवा प्रधान, सोनाली पटवा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा शोभा गुप्ता पटवा, राष्ट्रीय संरक्षिका किरन देववंशी, हरिकृष्ण पटवा, पुरुषोत्तम पटवा, मनोज पटवा, प्रदीप पटवा, जंत्री प्रसाद पटवा, स्वतंत्र देवल सहित अन्य सैकड़ों ने बधाई दिया है।

# जालसाजी करके जमीन का बैनामा कराए जाने का आरोप

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम आलीमऊ मजरे मऊपारा में जालसाजी करके जमीन का बैनामा करा लिए जाने से आहत भूमि स्वामी की मृत्यु हो जाने के बाद पीड़ित पुत्र ने सोमवार को एसपी की चैखट पर दस्तक दी। एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर जमीन बैनामा वापस कराए जाने की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में तेजपाल सिंह पुत्र स्व0 अवधेश सिंह ने बताया कि उन्नीस मई 2025 को ग्राम बिधौरपुर मजरे इरादतपुर चतुर्भुजपुर थाना खागा परगना हथगाम निवासी सविता देवी पत्नी भोला सिंह यादव ने उसके पिता अवधेश सिंह को खागा तहसील ले जाकर जमीन गाटा संख्या 1286 क्षेत्रफल 0.1620 हे0 का बैनामा करवा लिया। बैनामा में जमीन का विक्रय मूल्य 650000 दिखाया गया है। जिसमें बीस हजार नगद व शेष इण्डियन बैंक शाखा हरिहरगंज चेक संख्या 544047 से दो लाख पचास हजार व चेक संख्या 544048 से एक लाख व चेक संख्या 544045से तीस हजार रूपए देने का दावा किया है जबकि पिताजी के किसी बैंक खाते में कोई चेक नहीं लगी है। पिता द्वारा बैनामा कराने के बाद मात्र बीस हजार रूपए देकर चेके वापस ले ली गई। इसी सदमे के चलते 21 मई को पिता की मृत्यु हो गई। पीड़ित ने एसी से गुहार लगाई कि सविता देवी पत्नी भोला सिंह यादव को तलब करके चेक का ब्योरा मांगा जाए।

## बकरी योजना में 12 इकाईयों का लक्ष्य

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद व्रत गंगवार ने बताया कि जनपद में रूरल बैकयार्ड बकरी योजना के अंतर्गत बारह इकाईयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए चयन प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुसार की जाएगी। पत्र के साथ संलग्न दिशा-निर्देशों के अनुसार समस्त जाति वर्ग के भूमिहीन महिला, पुरुष विधवा, निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवार एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांग जन हेतु आवंटित आरक्षण आदि को सम्मिलित करते नवीन चयन की सूची/विवरण शीघ्र अतिशीघ्र संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। जिससे लाभार्थियों की सूची निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग लखनऊ को प्रेषित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# अब टीबी अस्पताल में रोगियों को मिलेगा शीतल जल



फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। जल अमूल्य है और इसके बिना एक पल भी रहना मुश्किल है इसी भाव से अनवरत सेवा के लिए प्रयासरत इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा टीबी अस्पताल परिसर में क्षय रोगियों के सेवार्थ वाटर कूलर व आरओ लगवाया गया।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शीतल जल व्यवस्था का शुभारंभ फीता काटकर किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. निशात शहाबुद्दीन ने डॉ. अनुराग को पुष्पगुच्छ भेंटकर यह सेवा प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. निशात शहाबुद्दीन ने बताया कि अभी पूर्व में भी डॉ. अनुराग ने एक सप्ताह तक अनवरत शीतल जल के डिब्बे भिजवाए थे। इस शीतल जल व्यवस्था से सभी क्षय रोगी व विभाग के कर्मचारी बहुत खुश थे। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य व टीबी ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अजीत सिंह, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अशोक गुप्ता, टीबी विभाग से पुनीत वीर विक्रम, भक्तदास, प्रवीण, जितेंद्र, प्रशांत चतुर्वेदी, विष्णु श्रीवास्तव, नसीम, अशोक सहित प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ व अभिनव श्रीवास्तव संयोजक होम्योपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों की रक्षा में जान लगा दूंगा: कंछल



खागा, फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। नगर में उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का सोमवार को आगमन हुआ। नगर पंचायत सभागार में प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक शुरू होने के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला की अगुवाई में जिला व्यापार मंडल, खागा, हथगाम, प्रेमनगर, खखरेरू के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को प्रतीक चिन्ह भेंटकर व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करवाया कि व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के हित व आम जनहित में कार्य किए जाते हैं। जिलाध्यक्ष ने जिला पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारियों से लेने वाले कर को न देने का आवाहन किया। प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि जनपद के व्यापारियों की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम होगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के मंत्री से समय लेकर जिलाध्यक्ष को अवगत करवा दूंगा। जहां मंत्री से मिलकर किशनपुर के दादों पुल को बनवाने के लिए जोर लगाया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर खखरेरू नगर में राष्ट्रीयकृत बैंक को खोले जाने की मांग को भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो अभी मोदी सरकार द्वारा श्रम विभाग से व्यापारियों के लिए मासिक पेंशन योजना में तीन हजार रुपए दिए जा रहे हैं, अब हमारा व्यापार मंडल इसको तीस हजार करवाने की मांग कर रहा है। किसी भी सूरत में व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महामंत्री जनार्दन त्रिपाठी, महिला जिलाध्यक्ष माया शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष राजेश चैधरी, अनिल साहू, गगन अग्रवाल, जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, तौफीक अहमद, खागा नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, मनोज शुक्ल, धीरज मोदनवाल, रामप्रकाश केसरवानी उर्फ बब्लू सभासद, विकास केशरवानी, मंसूर आलम, अतुल सिंह, दिनेश सिंह राजपूत, संरक्षक कमलेश बाजपेई, अब्दुल हफीज हाफिज, जावेद हाफिज, राजेन्द्र सिंह, रामू सिंह, परिवेश जायसवाल सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत से गिरकर महिला घायल

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ में सोमवार की सुबह छत से उतरते समय 35 वर्षीय महिला गिरकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बहुआ निवासी संतोष की पत्नी सुमित्रा देवी सुबह छत से उतर रही थी तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंभीपुर मजरे इरादतपुर में सोमवार की सुबह मानसिक तनाव के चलते 40 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कुंभीपुर मजरे इरादतपुर गांव निवासी केशव प्रसाद के पुत्र सुनील कुमार ने आज सुबह मानसिक तनाव के चलते जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

### रोड पर भरा गंदा पानी, बजबजा रहीं नालियां

हथगाम, फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। हथगाम ब्लाक के ग्राम बड़ी संझिया में छह महीने से सफाई कर्मी नहीं है। गांव में गंदगी का अंबार लगा है, नालियां बज बजा रहीं हैं। जिससे संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रधान से जलभराव से निजात दिलाकर साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है। बजबजा रहीं नालियों में कीड़े बजबजा रहे हैं। बदबू से जीना मुहाल हैं। कई महीनों से सफाई कर्मी के न आने से गंदगी का ढेर लगा है। नालियां जाम हो चुकी है। गंदा पानी सड़क पर जमा है। गांव के ऊदल का कहना है कि गांव में सफाई नहीं होने से गंदगी से हम परेशान हैं। आने-जाने में पुरूष एवं महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जलभराव के बीच कभी-कभी बच्चे गिरकर चुटहिल भी हो जाते हैं। कई बार इसकी शिकायत प्रधान से की गई लेकिन समस्या का हल नहीं किया गया। उन्होने कहा कि यदि अब भी जलभराव से निजात दिलाकर साफ-सफाई न कराई गई तो नाराज ग्रामीण शिकायत के लिए विवश हो जाएंगे।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में करें आवेदन

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, एवं धोबी ट्रेड के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। योजनान्तर्गत 10 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षणोपरान्त आरपीएल उर्त्तीण करने वाले प्रशिक्षार्थियों को निःशुल्क टूलकिट वितरण किया जाना है। उपरोक्त ट्रेडों से संबंधित हस्तशिल्पी/कारीगर योजना के अंतर्गत वेबसाइट पर आवेदन 30 जून तक कर सकते है। आवेदन के समय आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ हस्ताक्षर, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (सम्बन्धित जाति से अन्य होने वाले पर वार्ड के सभासद अथवा ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र) तथा बैंक पास बुक की छायाप्रति संलग्न कर अनिवार्य है। न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिये। लक्ष्यानुसार प्रशिक्षार्थियों की चयन की प्रक्रिया स्कोर कार्ड के माध्यम से किया जायेगा।

### जनसमस्याओं को ले किया प्रदर्शन

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। युवाओं, किसानों समेत जनमानस की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को दस सूत्रीय ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। राष्ट्रवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकिशोर सिंह की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आए और हाथों में बैनर लेकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात डीएम के जरिए सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्राइवेट स्कूलों में मनमानी की जा रही है। जिससे अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। फीस को पांच साल में एक बार ही बढ़ाया जाना सुनिश्चित किया जाए, प्रदेश का तमाम युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है। युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाए। प्रदेश में पैदा की जाने वाली फसलों की एमएसपी तय की जाए। सभी फसलों की सरकारी खरीददारी शुरू की जाए। प्रदेश में सभी मुख्य चैराहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति कई सालों से विकराल रूप धारण किए है। प्रतिदिन समस्या और भी बिगड़ रही है। हर बड़े चैराहे पर अर्द्ध गोलाकार पुल बनाकर ट्रैफिक जाम की समस्या से तत्काल निजात दिलाई जाए। प्रदेश में चैबीस घंटे बिजली मुहैया कराई जाए। सभी बड़े चैराहों पर भीषण गर्मी के बीच वाटर कूलर की व्यवस्था कराई जाए। मानसून दस्तक देने वाला है। इसलिए जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व से ही व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराकर साफ-सफाई कराई जाए। इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल रहीं।

# डीएम व एसपी ने की बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर बैठक



● शहर व गांव में साफ सफाई का रखे विशेष ध्यान: पांडे
● डीएम व एसपी ने मीटिंग के बाद ब्रजघाट का निरीक्षण किया

हापुड़, 02 जून (तरुणमित्र)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में ज्येष्ठ गंगा दशहरा एवं बकरीद को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज के वक्त ईदगाह व मस्जिद की साफ-सफाई पर अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी एवं पंचायती राज अधिकारी साफ सफाई सुनिश्चित कराएंगे।

उन्होंने कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी रूट पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि कुर्बानी स्थल परंपरागत रहे किसी नये व खुले स्थानों पर कुर्बानी ना दी जाए उसके उपरांत अवशेष को खुले में ना रखें उसको सही प्रकार से डिस्पोज किया जाये। उन्होंने मिश्रित आबादी में खास तौर से ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना दी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत निर्देश दिए कि इन त्योहारों पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पर्व को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान आने वाले किसी भी श्रद्धालु को गंगा स्नान के दौरान कोई समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए पहले से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए उन्होंने गंगा घाट पर बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए कोई भी श्रद्धालु बेरी गेटिंग के दूसरी ओर जाकर स्नान न करें इसके लिए बार-बार एलाउंसमेंट किया जाए उन्होंने सभी नविको को किराए की रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी नाविक शराब पीकर नाव का संचालन ना करें तथा क्षमता से अधिक यात्रियों को नाव में ना बैठाया जाए। उन्होंने घाट पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। मेले में बनाई गई अस्थाई दुकानों का निरंतर चेकिंग करते रहे तथा फास्ट फूड एवं खाने पीने की जो भी दुकानें लगाई गई है खाद्य सुरक्षा विभाग अपनी टीम के साथ उनके खाने कि जांच समय पर करते रहे। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट ,चेंजिंग रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए उन्होंने मेले के दौरान साफ-सफाई के लिए शिफ्ट वाइस सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित को निर्देश दिए बैठक के उपरांत जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले की तैयारी के संबंध में गढ़ बृजघाट का निरीक्षण किया।

बैठक में अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, मंदिर एवं मस्जिदों के धर्म गुरु सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मांगे पूरी न हुई तो डीएम कार्यालय का घेराव करेगा संगठन: शाहिद

● महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनी नेहा परवीन, अन्य पदों पर भी मनोनयन

फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। आगामी नौ जून तक मांगे पूरी न हुई तो दस जून को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिले में संगठन मजबूती के उद्देश्य से नेहा परवीन को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया है।

यह बात भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष/बुंदेलखण्ड प्रभारी शाहिद शेख ने कही। उन्होंने कहा कि खागा तहसील के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गौंती में भूमाफियाओं द्वारा गरीब, किसान व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किए गए हैं। भूमाफियाओं द्वारा बेशकीमती जमीनों को प्लाटिंग करके बेंचने का काम किया जा रहा है। जिसकी शिकायत उन्नीस मई को ज्ञापन के माध्यम से उप जिलाधिकारी को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। भूमाफियाओं एवं चकबंदी व राजस्व विभाग की मिलीभगत से सरकारी व किसानों की जमीन में अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। अगर नौ जून तक इन सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी दस जून को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेगी। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए नेहा परवीन को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, हुसना खान को महिला प्रकोष्ठ ऐराया ब्लाक प्रभारी, तहसील उपाध्यक्ष खागा सरताज खान को बनाया गया। इस मौके पर कैसर खान, शिव सिंह, अंसार अहमद, वहाज अहमद भी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन व तालाब में हो रही मिट्टी खुदाई

हथगाम, फतेहपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीनों और तालाबों पर बुलडोजर गरज रहा है। रसूलपुर गांव का एक वीडियो सामने आया। जो कि सरकारी तालाब से खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से मिट्टी निकालने का काम किया जा रहा है। हथगाम थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम समाज की जमीनों पर गरज रहे बुलडोजर की आवाज अधिकारियों के कानों तक क्यों नहीं पहुंचती है या काहे की सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से तालाबों से मिट्टी निकलने का काम जोरों पर किया जाता है। ग्राम समाज की जमीनों और तालाबों पर चल रहे बुलडोजर व मिट्टी खनन का मामला आए दिन सामने आता है। सरकारी तालाबों से मिट्टी निकाल रहे ठेकेदारों की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बावजूद भी ठेकेदारों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने से आए दिन सरकारी तालाबों व ग्राम समाज की जमीनों को ठेकेदारों द्वारा छलनी किया जा रहा है।

# बाह्य न्यायालय दुद्धी में अपर सिविल जज की तैनाती से हर्ष




दुद्धी, सोनभद्र, 02 जून (तरुणमित्र)। सोमवार को दुद्धी कचहरी में नवागत मुंसिफ मजिस्ट्रेट धीरेन्द्र कुमार सोनकर का स्वागत समारोह का आयोजन डॉ राजेंद्र प्रसाद हॉल में किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट दुद्धी का अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं तथा अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद सिविल जज जूनियर डिवीजन धीरेन्द्र कुमार सोनकर ने सभी अधिवक्ताओं का परिचय लिया। स्वागत समारोह में दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने दुद्धी तहसील मुख्यालय की न्यायिक व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दुद्धी कचहरी में अब दोनों कोर्ट में नियुक्ति हो गई है, जो दुद्धी के लिए गर्व है। मुख्य अतिथि अपर सिविल जज धीरेन्द्र कुमार सोनकर ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि न्यायिक दायरे में रहकर मैं कोशिश करुंगा कि जरूरतमंदो को न्याय मिले क्योंकि हमारे न्यायपालिका का मुख्य उद्देश्य न्याय चला निर्धन मिलने से हैं। दुद्धी मेरे लिए नया कार्यक्षेत्र है फिर भी मेरी कोशिश होगी कि अधिक से अधिक न्यायिक कार्य हो और जरूरतमंदो को न्याय मिले। बता दें कि धीरेन्द्र कुमार सोनकर 2022 बैच की न्यायिक मजिस्ट्रेट हैं और 2024 में इनकी पहली पोस्टिंग 8 जनवरी 2024 को सोनभद्र जिले में महिला अपराध के पद पर हुई। इसके बाद 8 अप्रैल 2025 से 14वाँ वित्त आयोग के पद पर थी इसके बाद इनका स्थानांतरण सीधे बाह्य न्यायालय दुद्धी में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर हो गया।

अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन मूल रूप से इलाहाबाद (प्रयागराज)के रहने वाले हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि अपर सिविल जज की तैनाती मिलने से कार्य में तेजी आएगी।

स्वागत समारोह में अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कुलभूषण पाण्डेय, रामलोचन तिवारी, विष्णुकांत तिवारी, रामजी पाण्डेय, रामपाल जौहरी, सत्यनारायण यादव, इन्द्रेश सिंह, सुखसागर यादव, महेंद्र जायसवाल, आशीष गुप्ता, राकेश गुप्ता, अभिनाथ यादव, रमेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे। स्वागत समारोह का संचालन आशीष जायसवाल एड ने किया।

# व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



अमेठी, 02 जून (तरुणमित्र)। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत व्यापारियों पर की जा रही करवाई से 14 सूत्री मांगों को लेकर आज व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम संजय चौहान को सौंपा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सौंपे गए इस ज्ञापन में व्यापारियों से संबंधित 14 मांगे थी जिसे सरकार से दूर करने की मांग की गई जिससे कि व्यापारियों की समस्याओं को दूर किया जा सके।

सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने आज व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्ट्रेट पहुँचकर मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सौंपे गए इस ज्ञापन में व्यापारियों की मांग थी कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही से व्यापारियों को आरही परेशानियों को समय से दूर किया जाए इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख तक के टर्न ओवर की सीमा तय की गई है, परन्तु 12 लाख रुपए की सीमा महंगाई के हिसाब से बहुत कम है। अतः आपसे अनुरोध है कि 12 लाख टर्न ओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्न ओवर करने की मांग की गई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्रावधान खत्म किया जाये। जुर्माना अधिकतम रजिस्टेशन व लाइसेंस फीस का दोगुना किया जाये प्रशासनिक अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट आदि को न्याय निर्णयक अधिकारी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किये गये है।

प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे न्याय निर्णय में समय लगता है। समय लगने से व्यापारी उत्पीड़न को बढ़ावा मिलता है तथा तकनीकी जानकार न होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी मात्र अधिकतम जुर्माना वसूल करना चाहते हैं वह वाद को गुण दौषों के आधार पर तय करने की इच्छा नहीं रखते। खा?द्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिये पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके खाद्य पदार्थों की पैकिंग की आईटम में रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या कमी नहीं कर सकता है एवं ना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में दिये गये पैकिंग एण्ड लेवलिंग एक्ट के कानूनों को पूरा करने में रिटेल व थोक के व्यापारी का कोई योगदान नहीं है। पैकिंग कम्पनियों द्वारा तैयार कर भेजी जाती है, जिसमें रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या पैकिंग में कोई संशोधन नहीं कर सकता है। न्याय निर्धारण अधिकारी द्वारा कम्पनियों के साथ-साथ रिटेल व थोक के व्यापारियों को भी दण्डित किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए, होलसेलर व रिटेलर को दण्डित न किया जाये।

# शिक्षक मुकेश को मिलेगा हेमवर्चू अवॉर्ड 2025, मुंबई में होगा सम्मान



एटा, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के शिक्षक मुकेश यादव को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हेमवर्चू अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें बच्चों के साथ प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग और मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जा रहा है।

मुकेश यादव शैक्षिक सत्र 2024-25 में अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ किए गए नवाचारों के लिए उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र दो शिक्षकों में शामिल हैं। उनके साथ बलरामपुर के एक अन्य शिक्षक को यह गौरव प्राप्त हुआ है। देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने वाली हेमा फाउंडेशन द्वारा यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मुंबई में आयोजित 'हिमोत्सव महोत्सव' के दौरान दिया जाता है। इस बार यह कार्यक्रम 28 जून 2025 को योगी सभागार, स्वामीनारायण मंदिर, मुंबई में आयोजित होगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अभिनेता मनोज जोशी सहित कई शिक्षाविद व विशिष्टजन शामिल होंगे। मुकेश यादव के चयन पर बीएसए, दिनेश कुमार, सभी खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# ग्राम पंचायत दुर्गूपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन

**बहराइच (हुजूरपुर), 02 जून (तरूणमित्र)।** ग्राम पंचायत दुर्गूपुर, विकासखंड हुजूरपुर में शनिवार को विकसित कृषि संकल्प अभियानञ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा भूमि एवं जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त कृषि निदेशक श्री अनिल कुमार सागर ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर ही किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं।उप कृषि निदेशक श्री विनय कुमार वर्मा ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी कृषकों को आगे आना चाहिए। उपनिदेशक कृषि ने उपस्थित किसान भाइयों से कहा कि जनपद के 153 ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसी वैज्ञानिकों के साथ गोष्ठियों का आयोजन कराया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक किसान खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व कृषि तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर समय से फसल बुवाई ,बीज का चुनाव आदि कर फसलों की बुवाई कर सकते हैं। डीडी एग्री ने उपस्थित किसानों को विष मुक्त खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से कहा कि रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बिल्कुल कम कर दें इसके स्थान पर प्राकृतिक खेती अपनाएं जिससे विष मुक्त उत्पादन मिलेगा जो मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेगा ' उन्होंने कहा कि अपने भूमि की मिट्टी की जांच कराले।इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी श्री सौरभ वर्मा वर्मा ने बताया कि जनपद में 53 खेत तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। शीघ्र ही इसकी बुकिंग प्रारंभ होने वाली है अधिक से अधिक किसान खेत तालाब योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु बुकिंग कर सकते हैं।उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज श्री शिशिर कुमार वर्मा ने किसानों को कृषक उत्पादक संगठन बनाकर आय वृद्धि के तरीके बताएं।, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच डॉ. संदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार राजभर, तथा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी श्री रवि शुक्ला (हुजूरपुर) ने भी अपने-अपने विषयों पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान श्री राम जस, श्री मुन्ना लाल वर्मा, श्री हंसराम यादव, श्री दिनेश कुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में कृषकगण एवं कृषि विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने किसानों को प्रेरित किया कि वे पारंपरिक कृषि के साथ-साथ प्राकृतिक एवं समेकित कृषि अपनाएं, जिससे लागत घटे और मुनाफा बढ़े।इस अवसर पर किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विभागीय अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं के किए।



# स्वास्थ्य केंद्र में जन्म से कटे होंठ व कटे तालू का लगा नि:शुल्क पंजीकरण शिविर

**गोण्डा , 02 जून (तरूणमित्र)।** जनपद गोण्डा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं कोविड अस्पताल जिला चिकित्सालय गोण्डा में 02 जून से 06 जून 2025 तक जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से संबंधित समस्या वाले मरीजों के इलाज हेतु निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर के अधीक्षक डॉ एस एन सिंह ने बताया कि सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया और शिविर में 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है।पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। अपर मुख्यचिकित्साधिकारी, नोडल आर बी एस के डॉ सी के वर्मा ने जानकारी दी कि इसी क्रम में कल मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज में नवाबगंज, वजीरगंज, बेल्सर एवं तरबगंज ब्लॉक के मरीजों के निःशुल्क पंजीकरण हेतु शिविर लगाया जायेगा और उन्होंने जनता से अपील किया कि आप सभी लोग अपने क्षेत्र में, आस पडोस में कहीं पर भी कटे होंठ व कटे तालू के बच्चे को देखें तो उनको शिविर में पंजीकरण कराने के लिए भेजें। इसी क्रम में क्रमशः कर्नलगंज, हलधरमऊ, कटरा बाजार एवं परसपुर ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में 04 जून को व खरगुपुर, मुझेहना, इटियाथोक, झंझरी, पंडरीकृपाल ब्लॉक के मरीजों का पंजीकरण कोविड अस्पताल जिला चिकित्सालय पुरुष गोण्डा में 05 जून को तथा समस्त ब्लॉक और तहसील के मरीजों का पंजीकरण 06 जून को कोविड अस्पताल जिला चिकित्सालय पुरुष गोण्डा में किया जाएगा।

# आज श्रीबाला जी का चतुर्थ विशाल भंडारा

**उतरौला (बलरामपुर)2 जून (तरुणमित्र )।** नगर क्षेत्र में धर्म और भक्ति का माहौल एक बार फिर जीवंत हो गया है। आगामी 3 जून 2025 (मंगलवार) को श्री बालाजी महाराज का चतुर्थ विशाल भंडारा एवं संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन धूमधाम से होने जा रहा है। यह आयोजन शहर के मोहल्ला गांधी नगर, उतरौला स्थित संतोष कुमार कसौधन के निजी निवास स्थल पर आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के लिए श्री बालाजी सेवा समिति एवं नवयुवक सेवा समिति उतरौला के संयोजन में विशेष तैयारी की गई है।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के अनुसार, सुंदरकांड का पाठ दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसके पश्चात सायंकाल 7:00 बजे से विशाल भंडारे की व्यवस्था की जाएगी, जो प्रभु की इच्छा तक निर्बाध रूप से चलेगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस अवसर पर भक्तगण भक्ति रस से सराबोर होकर भगवान बालाजी महाराज की भव्य आरती और सुंदरकांड पाठ में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के संयोजक संतोष कुमार कसौधन (संरक्षक श्री बालाजी सेवा समिति एवं नवयुवक सेवा समिति उतरौला) ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे इस आयोजन में सपरिवार पधारें और भगवान बालाजी महाराज की कृपा का लाभ उठाएं।शहर में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

नगरवासियों ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से समाज में आपसी सद्भाव और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन न सिर्फ भक्ति का पर्व है, बल्कि इसमें शामिल होकर लोग सेवा भाव और आध्यात्मिक अनुभव का आनंद भी ले सकेंगे।

# पुलिस व अंतर्जनपदीय गैंग के अपराधियों में हुई मुठभेड़

**(फखरपुर) बहराइच , 02 जून (तरूणमित्र)।** फखरपुर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया फखरपुर के कुंडासर चौकी क्षेत्र भकला गाँधी घाट की घटना बताई जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फखरपुर की पुलिस को जरिये मुखबीर सूचना मिली कुंडासर चौकी अंतर्गत ग्राम भकला के गाँधीघाट में 04 चोरो द्वारा बीती रात हुई चोरी के सामान का बटवारा किया जा रहा है औ? पुनः चोरी की योजना बना रहे है । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना फखरपुर मय चौकी प्रभारी कुंडासर सहित स्वाट टीम के साथ ग्राम भकला के गाँधीघाट पर पुलिस बल के साथ पहुचकर ,चारो तरफ से घेरघार कर दबिश दिया गया, तो अभियुक्त गणो ने पुलिस पर फायरिग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जवाबीय कार्यवाही में आत्मरक्षा हेतु की गई फायरिंग से एक अभियुक्त रज्जब अली पुत्र सुबराती निवासी मौसण्डी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के पैर में गोली लग गई । मौके से पुलिस टीम द्वारा दौड़कर तीन और अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है । जिन्होंने पूछताछ पर अपना नाम पता अबरार पुत्र नजर मोहम्मद निवासी मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी व तसव्वुर पुत्र अली हुसैन निवासी कैसरगंज जिला बहराइच व त्रिलोकी पासवान पुत्र रामखेलावन निवासी महमूदाबाद जनपद सीतापुर बताया।मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक सहित सीओ कैसरगंज



घटना का जायजा लिया अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय गैंग के अपराधियों में हुई मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है और उसके तीन साथी अपराधी भी गिरफ्तार हुए हैं जिनके पास से 02 अदद तमंचा 12 बोर,दो अदद फायर शुदा कारतूस 12 बोर,02 अदद जिदा कारतूस 12 बोर और चोरी के सामान,सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व चोरी करने के उपकरण और दो अदद मोटर साईकिल मौके से बरामद किया गया है।अभियुक्त गणो को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया है और घायल अभियुक्त रज्जब अली उपरोक्त को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर रवाना किया गया है अभियुक्त गणो के ऊपर पूर्व से कई मुकदमे पंजीकृत है सभी अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है जिसके संबंध में जानकारी की जा रही है ।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी के चार साल बाद युवक के झांसे में आई विवाहिता

**आजमगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी के पहले किशन कुमार पुत्र रामकेश राम ने उसकी मिलती जुलती हुई फोटो व वीडियो बना लिया। हमारी शादी होने पर उसको कोई ऐतराज नहीं था लेकिन शादी होने के लगभग 4 वर्ष बाद किशन कुमार ने उसी फोटो वीडियो के द्वारा ससुराल रहते हुए वायरल करने लगा तथा ब्लैकमेल करते हुऐ परेशान करने लगा। विवाहिता ने बताया कि इस बीच वह अपने मायके आ गयी तो फिर किशन कुमार ने उसी फोटो व वीडियो को वायरल करने तथा परिवार के लोगों को मारने, मरवाने की धमकी देने लगा। विवाहिता ने तहरीर में आरोप लगाया कि किशन कुमार ने छह माह पूर्व उसे शादी करने की बात कहकर नोएडा लेकर चला गया, उसके बहकावे में आकर मैं अपने गहने, रुपए और अन्य सामान भी साथ लेकर चली गई। किशन कुमार ने उसके गहने वगैरह बेंच दिया और 25 मई की रात बिलरियागंज बाजार छोड़कर फरार हो गया। कुछ भी करने पर मारने पीटने की धमकी दिया। पीड़िता की तहरीर पर बिलरियागंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया। मुकदमे में आरोपी किशन कुमार पुत्र रामकेश निवासी बरोही फत्तेहपुर थाना बिलरियागंज को उ0नि0 लवकुश कुमार ने अभियुक्त को उसके घर से 1 जून को समय करीब 07.15 बजे गिरफ्तार किया गया।

### निजी बस-कार में भीषण टक्कर, मचा हाहाकार

**आजमगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के कोटिला के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार को एक निजी लग्जरी बस और कार की टक्कर में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, गाजीपुर निवासी लाली देवी (65 वर्ष), भरत भूषण (45 वर्ष) और छोटेलाल (70 वर्ष) अपनी कार से वाराणसी से घर लौट रहे थे। कोटिला के पास पहुंचते ही आजमगढ़ से वाराणसी की ओर जा रही एक निजी बस ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क किनारे खड्ड में चली गई, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में सवार यात्री एक-दूसरे पर गिर पड़े, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जेसीबी की मदद से बस को खड्ड से बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नेपाल एपीएफ व यूपीपी के साथ एसएसबी की संयुक्त समन्वय बैठक

**श्रावस्ती, 02 जून (तरुणमित्र)।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सी समवाय सुइया में संयुक्त समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एसएसबी सहायक कमांडेंट राजकुमार, 30वीं वाहिनी एपीएफ नेपाल के पुलिस अधीक्षक शोभा कांत खनल, निरीक्षक सुशील केसी (बी.ओ.पी कटकुइयां, नेपाल) तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक रविन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की गई। आवाजाही वाले रास्तो पर अत्यधिक निगरानी बरतने, सीमा स्तंभों की सुरक्षा और सार्वभौमिकता को बनाए रखने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, सीमा पार से होने वाले अवैध व्यापार, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयासों पर रणनीति बनाई। संबंधित एजेंसियों के बीच समय पर आसूचना के आदान-प्रदान को भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सीमा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय जनता के साथ बेहतर तालमेल स्थापित किया जाएगा।

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन को विकास खण्डो में लगेंगे शिविर -डीएम

**अंबेडकर नगर , 02 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन करने तथा उनका चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और सभी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की दृष्टिगत ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां पर दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजना अंतर्गत आवेदन पत्र भराए जाएंगे। साथ ही शिविरों में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को चिकित्सीय सुविधा, शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु विद्यालयों में प्रवेश एवं सरकार की अन्य योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों पर पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 3:30 बजे तक विभिन्न तिथियां यथा विकासखंड भीटी में 3 जून 2025, कटेहरी में 5 जून, अकबरपुर में 10 जून, टांडा में 12 जून, बसखारी में 17 जून, जलालपुर में 19 जून, भियांव में 24 जून, रामनगर में 26 जून तथा जहांगीरगंज में 28 जून 2025 को दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजन शिविर में पंजीकरण कराने हेतु अपने साथ एक फोटो, दिव्यंगता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा।जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं में समस्त अध्यनरत छात्राओं को शिविर तक लाने, पंजीकरण कराने तथा घर तक ले जाने के साथ ही शिविर में आए और गैर पंजीकृत छात्र/छात्राओं को विद्यालय में नामांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिविर में आए ।

# बकरीद व अन्य त्यौहारों को ले प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक

**गोण्डा , 02 जून (तरूणमित्र)।**आगामी आयोजित होने वाले होली बकरील एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष व सीओ, समस्त एसडीएम, धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।पुलिस अधिकारियों ने की लोगों से अपीलजिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी बकरीद एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस



अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हत्या साक्ष्य छिपाने के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास

**श्रावस्ती 02 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत गंभीर अपराधों में दोषियों को कठोर सजा दिलाने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में महिला एवं जघन्य अपराधों से संबंधित मामलों में प्रभावी पैरवी हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

**बहराइच, 02 जून (तरूणमित्र)।** प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्यतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है की अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते है। इस लिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि कार्यों में विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु संचालित किया गया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त होती रहे। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार थोड़ी सी प्रभावित हो सकती है किन्तु दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरू हो जाएगी।यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (4) प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रुपए एवं अगले 4-5 वर्षों से इसी खेत से वह लगभग 20 हजार रुपए वार्षिक की अतिरिक्त आय केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है।किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रुपए का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है।

### भीषण गर्मी में हैण्ड पम्प बीमार होने से पेय जल संकट गहराया

**सैदनपुर/बाराबंकी, 02 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल निगम विभाग द्वारा पूर्व में लगाए गए अधिकांश टू इंडिया मार्का का हैंड पंपों ने पानी देने से अपना मुंह मोड़ लिया है जिससे राहगीरों व ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट गहराता चला जा रहा है। विकासखंड सिरौली गौसपुर की ग्राम पंचायतों में जल निगम विभाग द्वारा पूर्व में लगाए गए अधिकांश टू इंडियामार्का हैंडपंपों ने पानी देने से अपना मुंह मोड़ लिया है जिससे ग्रामीणों व राजगीरों के सामने पेयजल संकट गहराता चला जा रहा है क्षेत्र के सोधवा मुंशी पुरवा मरकामऊ खजुरिहा दरिगापुर टिकुरी बरदरी कटका राजापुर मधवापुर बाहूपुर अमरा देवी किंतूर बरोलिया श्याम नगर जैसी तमाम ग्राम पंचायतों पूर्व में जल निगम विभाग द्वारा टू इंडियामार्का हैंडपंपो को लगाया गया था जो अब मरम्मत व रिबोर की बाट जोह रहे हैं। इसी समस्या के दृष्टिगत कृष्ण कुमार यादव शिवशरन राजकुमार रामकुमार राम शंकर विजय कुमार आदि ग्रामीणों ने बीमार पड़े टू इंडिया मार्का हैंड पंपों की मरम्मत व रिबोर करने योग्य हैंड पंपों को पुनः रिबोर कराए जाने की शासन से मांग किया है।

# जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू सेवन न करने की दी सलाह



**अंबेडकरनगर , 02 जून (तरूणमित्र)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार शैवाल के निर्देश के क्रम में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा विकास खंड भीटी अंतर्गत रामपुर ग्रांट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया डॉ सर्वेश कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन करना स्वास्थ्य के लिए घातक है जिससे उच्च रक्तचाप,मधुमेह,श्वास संबंधित रोग के साथ कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।वंदना यादव सामाजिक कार्यकत्री द्वारा उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू न सेवन करने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया कार्यक्रम में आशुतोष मौर्या,प्रीति,शिवांगी, अंजली,फूलचंद,अविनाश आदि लोगो ने हिस्सा लिया।

# राज्य अर्थव्यवस्था को डॉलर स्तर पर ले जाने को गठित हुयी टीम

**बहराइच , 02 जून (तरूणमित्र)।** राज्य की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक लाये जाने हेतु प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा निवेश संवर्धन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, पयर्टन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा, विशेष निवेश क्षेत्रों की स्थापना, विनिर्माण, आई.टी., स्टार्टअप और कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं आदि विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा तथा राज्य स्तर अथवा भारत सरकार को प्रेषित किये जाने वाले आकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला ओ.टी.डी. सेल, बहराइच का गठन किया गया है। जिले में गठित जिला ओ.टी.डी. सेल की सदस्य सचिव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी होंगी जबकि इसमें अन्य 45 विभाग के अधिकारी सदस्य नामित किये गये हैं।जिल में गठित ओ.टी.डी. सेल के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि कृषि फसलों/औद्यानिक फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग एवं उद्योगों के लिए भूमि आवंटन और स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा। औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं उनके कार्यशील होने तथा सम्बन्धित इकाईयों का सुसंगत अधिनियमों में पंजीकरण, राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन/टाउनशिप/औद्योगिक क्षेत्र/फ्लेज पार्क आदि अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण की नियमित समीक्षा तथा उनके निर्माण को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना।औद्योगिक विद्युत उपभोग तथा जनपद से सॉफ्टवेयर निर्यात विशेष कर एस.टी.पी.आई. से निर्यात की नियमित समीक्षा। सौर ऊर्जा की प्रगति, नये स्थापित होटल/रेस्टोरेंट, वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण, पी.पी.पी. मोड पर निर्माणधीन बस अड्डे के निर्माण की समीक्षा। कौशल विकास स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढाने के लिए उद्योगों से समन्वय कर उसकी आवश्यकता के अनुरूप कौशल को चिन्हित करना तथा तद्नुसार कौशल प्रदान किये जाने की व्यवस्था तथा जनपद में आये घरेलू एवं विदेशी पर्यटको की संख्या एवं पर्यटकों की संख्या एवं पर्यटक स्थल पर विकसित किये जा रहे वे साइड एमेनिटीज के प्रगति की समीक्षा। जनपद के पेट्रोल डीजल और सी.एन.जी. की कुल बिक्री, जिला घरेलू उत्पाद अनुमान तैयार किये जाने हेतु प्रयोग में लाये गये संकेताकों तथा जिला अर्थव्यवस्था रिपोर्ट तैयार किये जाने के कार्यों की समीक्षा शामिल है।

# फिट इंडिया मिशन के तहत साइकिल रेस आयोजित

**श्रावस्ती। 02 जून, (तरुणमित्र)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया था। विश्व साइकिल दिवस का संकल्प साइकिल की विशिष्टता दीघार्यु और बहुमुखी प्रतिभा को मान्यता देता है, जो दो शताब्दियों से उपयोग में है, और यह परिवहन का एक सरल, सस्ता, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ साधन है। जिसके तहत 01 जून 2025 को स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती परिसर में फिट इंडिया मिशन के तहत साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती परिसर में प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि इस रेस में लगभग 45 से 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह रेस स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती के मुख्य गेट से हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया




गया।फिट इंडिया मिशन के इस इवेंट में क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव समेत स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती के प्रशिक्षक जगेसर सैनी, खो-खो प्रशिक्षक मोहम्मद मुस्लिम, फुटबॉल प्रशिक्षक विवेक कुमार, एथलेटिक्स प्रशिक्षक जितेंद्र यादव, खेलो इंडिया कबड्डी प्रशिक्षक एवं कनिष्ठ सहायक विकास कुमार गिरी भी मौजूद रहे।

### कस्बे में धूमधाम से मनाए दो बड़े उर्स

**मौदहा हमीरपुर 02 जून (तरूणमित्र)।** रविवार को कस्बे में दो उर्स बड़े धूमधाम से मनाए गए जबकि पंछीपीर बाबा के उर्स में दलित समाज के लोगों ने विशाल लंगर कर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की।कस्बे के हुसैनगंज स्थित हजरत इनायत शहीद बाबा रह० का एक दिवसीय सालाना उर्स मुबारक रविवार को बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदो का हुजूम उमड़ा। उर्स में रविवार को सुबह कुरान ख्वानी हुई। दिन में तीसरे पहर लंगर खिलाया गया जो देर शाम तक चलता रहा। बाद नमाज असर चादरपोशी हुई और रात में शानदार मुशायरे का आयोजन हुआ। जबकि कस्बे के पूर्वी तरौस स्थित पंछीपीर बाबा के सालाना उर्स में सुबह मजार पर कुरआन ख्वानी और दिन में ग्यारह बजे से लंगर का आयोजन किया।

### 15 हजार नगदी सहित लाखों के जेवर उठा ले गए चोर,सोता रहा परिवार

**त्रिवेदीगंज/बाराबंकी , 02 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर वारदात को अंजाम दिया है,इस बार 15 हजार नगदी सहित लाखों के जेवरात उठा ले गए शातिर चोर।मामला लोनी कटरा थाना क्षेत्र के तेजवापुर सरैया गांव का है। जहां रणवीर वर्मा के घर में बीती रात चोरी हुई। चोर पीछे की एयर खिड़की तोड़कर घर में दाखिल होकर घटना को अंजाम दिए। रणवीर वर्मा के मुताबिक रात करीब 3 बजे की यह घटना है। चोरों ने कमरे की अलमारी तोड़कर 15 हजार रुपए नगद और करीब 5 लाख रुपए के सोने के जेवरात चुरा लिए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। सुबह जब चोरी का पता चला तो घर की महिलाएं रोने लगीं।थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आपको बताते चले कि इससे पहले भी गांव के राजेश तिवारी के घर से चोर लाखों रुपए के जेवरात चुरा ले गए थे। पुलिस अभी तक पिछली चोरी का खुलासा भी नहीं कर पाई की चोरों ने फिर घटना को अंजाम दे दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में गो-संरक्षण अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित



**संत कबीर नगर, 02 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार अध्यक्षता में बर्ड फ्लू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान पशुचिकित्साधिकारी डा0 सुरेन्द्र द्वारा बर्ड फ्लू के लक्षण, बचाव व रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, पशुचिकित्साधिकारी द्वारा यह बताया गया कि जनपद में विकास खण्ड स्तर पर अंतर्विभागीय 09 रैपिड रिस्पान्स टीम बनायी गयी है, वर्तमान में जनपद से आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली प्रेषित समस्त सैम्पल नेगेटिव पाये गये है। उन्होंने बताया कि जनपद में कोई भी भ्रान्ति पर ध्यान न दिया जाये, जनपद में कही भी बर्ड फ्लू के कोई लक्षण प्रसारित नहीं पाये गये है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि क्षेत्रों में सैम्पल संकलित करने का कार्य अधिक कर दिया जाये और गठित अंतर्विभागीय टीम रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सतर्क/तैयार रहे।बैठक के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तरीय गो-संरक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में स्थापित गो-आश्रय स्थलों एवं उसमे संरक्षित गोवंशो की अद्यतन जानकारी ली गयी। उन्होंने जनपद में स्थापित गो-आश्रय स्थलों में कम गोवंश संरिक्षत वाले आश्रय स्थल के गोवशों को समीप के गो-आश्रय स्थल में स्थानान्तरित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो हेतु दाना/चोकर और भूसा एवं स्वच्छ जल की पर्याप्त उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें और समस्त पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिदिन गो-आश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशो के स्वास्थ्य परीक्षण एवं भौतिक स्थिति से मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अवगत करायें। जिलाधिकारी द्वारा समस्त गो-आश्रय स्थलों की जांच जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। संरक्षित गोवंशो हेतु पौष्टिक आहार के रूप में पूर्व में कराये गये साईलेज टेण्डर के लिये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत से साईलेज आपूर्ति आर्डर शीघ्र ही जारी कराना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, मुख्य पशु ?चिकित्साधिकारी डॉ0 एसके तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अभय मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार यादव, ईओ नगर पालिका अवधेश कुमार भारती, रामस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सगरत पशुचिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी खलीलावाद, सूचना अधिकार सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य हुआ योगाभ्यास



**गोंडा , 02 जून (तरूणमित्र)।** वजीरगंज स्थित अरगा पक्षी विहार में प्रकृति के वास्तविक सौंदर्य के मध्य योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा परिसर में आयोजित शिविर में बच्चों महिलाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य ने बताया उपस्थित समस्त योग साधकों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए, योगाभ्यास करवाया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी भी दी गयी। इसी क्रम में ताड़ासन, भुजंगासन, सूर्य-नमस्कार,पवनमुक्तासन,पश्चिमोत्तानासन,वज्रासन,धनुरासन,मत्स्यासन,पादहस्तासन,सर्वांगासन के साथ-साथ भस्त्रिका-प्राणायाम,कपालभाति-प्राणायाम,अनुलोम-विलोम-प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया कशिविर में योगाचार्य ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है। प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता है इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया योग के साथ-साथ उचित दिनचर्या और आहार-विहार के माध्यम से आप सभी समस्त मानसिक एवं शारीरिक रोगों से बच सकते हैं' साथ ही साथ स्वस्थ रखने के लिए जरूरी टिप्स भी दिए।शिविर में अनिलभट्ट, आशीष गुप्ता,गौरव गुप्ता,वी पी तिवारी, अश्वनी कुमार,डॉ टी पी जयसवाल,डॉ राजेश श्रीवास्तव,महेश,संदीप, मनीषा,नीलम,तृप्ति,सौर्य,रिषित, कृष्णा,शिवांश,गौरी,खुशी,सौम्या,शिया,काव्या,अर्जुन,उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में एक और सफल कदम



**गोरखपुर , 02 जून (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे अपने सम्मानित यात्रियों को उन्नत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, विस्तार एवं उनको सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसीक्रम में बढ़नी रेलवे स्टेशन स्थित कोचिंग कॉम्प्लेक्स के इंटरलॉकिंग का कार्य 31 मई,2025 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कोचिंग कॉम्प्लेक्स, बढ़नी में ट्रेनों के अनुरक्षण और रखरखाव के लिए आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी हैं, जिससे ट्रेनों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता में सुधार हो रहा है।कोचिंग कॉम्प्लेक्स, बढ़नी के इंटरलॉकिंग के दौरान रिले रूम के क्षमता में विस्तार हेतु 700 वायर डाले गए तथा साइडिंग लाइनों के लिए कुल 6 पॉइंट मशीनें नई स्थापित की गईं। वर्तमान में कुल 16 पॉइंट मशीनें स्थापित हैं। इसमें कुल 3 ट्रैक सर्किट नए जोड़े गए, जो वॉशिंग पिट की 3 लाइनों के लिए होंगी। कमीशनिंग के बाद कुल रूट 42 से बढ़कर 50 हो गये।इस इंटरलॉकिंग कार्य के पूरा होने से यात्री गाड़ियों का अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य बढ़नी कोचिंग कॉम्प्लेक्स में और अधिक सुचारू रूप से तथा बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

# आपसी विवाद में डंडे से मारकर उतारा मौत के घाट,गिरफ्तार

**बस्ती (कप्तानगंज) , 02 जून (तरूणमित्र)।** थाना कप्तानगंज पुलिस व एसओजी टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कौड़ीकोल बुजुर्ग निवासी ध्रुवचन्द्र चौधरी पुत्र शिवप्रसाद की हत्या कर लाश को ग्राम रैय्यल के मनोज उपाध्याय पुत्र दीवान उपाध्याय के गन्ने के खेत में फेंकने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 01 अभियुक्त रमई उर्फ रामबहादुर पाठक पुत्र स्व0 चन्द्र प्रकाश उम्र 55 वर्ष ग्राम अहिरौलिया थाना नगर जनपद बस्ती को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।इस सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पर मु0अ0सं0 85/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया, अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।पूछताछ में अभियुक्त रमई द्वारा बताया गया कि आपसी विवाद के कारण ध्रुवचन्द चौधरी को डंडा व लात मुक्का से ध्रुवचन्द के सिर में मारे, जिससे उसका सिर फट गया। मारते समय डण्डा का एक हिस्सा फट गया था हम लोगों नें लगातार मारा जब हमलोगों को इत्मिनान हो गया कि ध्रुवचन्द की मृत्यु हो गयी है तो घर से रस्सी और एक बांस लाया, ।

# पंखे के कुंडी से लटक कर महिला ने दी जान

**गोरखपुर, 02 जून (तरूणमित्र)।** जिले के नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर पांच निवासी राहुल गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता की 29 वर्षीया पत्नी नंदनी उर्फ किरन ने बीते रात परिजनों के अनुसार भोजन करने के पश्चात अपने 3 वर्ष 6 माह के लड़के के साथ अपने बेडरूम में सोने चली गई उसके बाद सुबह 6 बजे उसका लड़का अनिरुद्ध घर में जो साथ में अपने मृतिका मां के साथ सोया था फाटक खोल कर अपने दादा और दादी से बताया कि मेरी मां लटकी हुई है दादा,दादी ने फंसरी लगाकर लटकतीं बहू को देख कर रोना चिल्लाना शुरू कर दिया रोना चिल्लाना सुनकर मुहल्ले और गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए । घटना की सूचना परिजनों ने मृतिका के मायके मगहर मुहल्ला काजीपुर निवासी पिता विष्णु दयाल गुप्ता को दी तथा चौकी प्रभारी उनवल राजीव कुमार तिवारी को भी सूचित किया सूचना पर चौकी प्रभारी मय हमराही घटना स्थल पर पहुंचे और और मृतिका के बेडरूम को अपने कब्जे में लेकर अपने उच्च अधिकारियों को भी घटना की सूचना दिया।सूचना पर मौके पर मृतिका के परिजन पिता, भाई,भाभी,जीजा,बहन के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मृतिका को देखकर दहाड़ मार कर रोना शुरू कर दिए मौके पर उपस्थित लोगों ने समझा बुझाकर शांत कराया तब तक खजनी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अर्चना सिंह,एवं क्षेत्राधिकारी खजनी उदय प्रताप सिंह ,फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और पंचनामा व आवश्यक कार्रवाई कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है मृतिका स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण किया था मृतिका के पिता ने बताया कि इसकी शादी 27-4-2021 को हुआ था ।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासनिक अधिकारियों के कृत्य के विरोध में अधिवक्ताओं का विरोध

**उतरौला( बलरामपुर ),2 जून (तरुणमित्र)।** अधिवक्ता संघ उतरौला की दसवें दिन भी न्यायिक कार्य से बहिष्कार होने के कारण वाद कारियो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा वाद के निस्तारण आश लगाए वादकारियों को वापस लौटना पड़ रहा है अधिवक्ता संघ व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच कोई वार्ता में भी कोई हल नहीं निकल सका है विदित हो वरिष्ठ अधिवक्ता केशी गोपाल व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह व अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमा को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है और इस संबंध में आम सभा की बैठक में फैसला लिया गया कि वकीलों पर दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस नहीं लिया जाता है तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करेंगे अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करने पर न्यायालय पर कार्य ठप है वादकारी असगर अली ने बताया कि उसका मुकदमा उपजिलाधिकारी के यहां लंबित है आज सुनवाई होनी थी लेकिन हड़ताल के चलते वापस लौटना पड़ा दुधरा निवासी श्याम सुंदर दाखिल खारिज के मुकदमे के लिए तहसीलदार न्यायालय के चक्कर लगा रहे है रफीनगर के जमाल अहमद अपने मुकदमे को लेकर तहसीलदार न्यायालय पर पहुंचे और यह जानकारी हासिल कर रहे थे कि वकीलों की हड़ताल कब खत्म होगी इस्माइल,राधेश्याम,अकरम, सोमई,अलखराम,ने बताया कि उमस भरी गर्मी में मुकदमे के पैरवी के लिए आना पड़ता है और वापस अधिवक्ताओं के हड़ताल के चलते वापस लौटना पड़ रहा है ।

### दिव्यांगजनों को मिलेगा योजनाओं का लाभ विकास खण्डों में लगेंगे चिन्हांकन शिविर

**देवरिया , 02 जून (तरूणमित्र)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग योजनाओं के प्रचार-प्रसार और पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनपद के सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि ये शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, ब्रेल किट, एम.आर. किट, कृत्रिम अंग सहित अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही जिन लाभार्थियों को विगत तीन वर्षों से किसी योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका चिन्हांकन कर दिव्यांग पेंशन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन, दुकान निर्माण/संचालन, कॉक्लियर इम्प्लांट, यूडीआईडी कार्ड और फैमिली आईडी जैसी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।जिले के विभिन्न विकास खण्डों में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सबसे पहला शिविर 6 जून को गौरीबाजार विकास खण्ड में आयोजित होगा। इसके बाद 9 जून को बैतालपुर, 11 जून को रुद्रपुर, 13 जून को बरहज, 16 जून को भागलपुर, 18 जून को लार, 20 जून को सलेमपुर, 23 जून को भाटपाररानी, 25 जून को भलुअनी, 27 जून को भटनी, 30 जून को देवरिया सदर, 2 जुलाई को बनकटा, 4 जुलाई को रामपुर कारखाना, 7 जुलाई को देसही देवरिया, 9 जुलाई को तरकुलवा और अंत में 11 जुलाई को पथरदेवा विकास खण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### श्रद्धा पूर्वक मनाया गायत्री जयंती का पावन पर्व - राम प्रसाद

**बस्ती , 02 जून (तरूणमित्र)।** गायत्री शक्तिपीठ परिवार बस्ती के वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया की गायत्री जयंती का पावन पर्व 5 जून 2025 गुरुवार को प्रति वर्ष की भांति गायत्री शक्तिपीठ पर श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा` यह पर्व विवेकशीलता का पर्व है इसमें निम्नांकित कार्यक्रम होंगे -4 जून 2025 बुधवार प्रातः 7:00 बजे गायत्री मंत्र का अखंड जप प्रारंभ होगा, दिन में बहनें रात्रि में भाई लोग जप करेंगे 5 जून 2025 गुरुवार प्रात 7:00 बजे जप का समापन ,प्रात 8:00 बजे गायत्री यज्ञ एवं विविध संस्कार,अपराह्न 3:00 से संगीत, उद्बोधन, पर्व पूजन, दीप यज्ञ, पुष्पांजलि विसर्जन, सामूहिक साहभोज ( भंडारा ) के साथ समापन होगा उन्होंने समस्त जनपदवासियो से अपील किया है की इस पावन पर्व के समस्त कार्यक्रमों में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित जरूर सम्मिलित हो ।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट व तहसील में कार्यरत लिपिक संवर्ग का पटल परिवर्तन

**बलरामपुर ,2 जून (तरुणमित्र )।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा प्रशासनिक कार्यों को और बेहतर एवं चुस्त दुरुस्त रखने हेतु कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में कार्यरत 09 लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के पटल में परिवर्तन किया गया है।कलेक्ट्रेट में कार्यरत इरशाद अली खान को रीडर न्यायालय जिलाधिकारी बलरामपुर के साथ-साथ है विशेष कार्याधिकारी , जिलाधिकारी एवं सामान्य सहायक के पटल की नवीन तैनाती दी गई है।मनोज कुमार को स्टांप सहायक , प्रभारी नाजिर सदर के पटल के नवीन तैनाती , श्री आनंद कुमार को कलेक्ट्रेट से तहसील बलरामपुर में एडब्ल्यूबीएन पटल पर नवीन तैनाती , श्री चौधरी को तहसील बलरामपुर से परिवाद सहायक कलेक्ट्रेट , जनसूचना सहायक एवं ईगवर्नेंस पटल पर नवीन तैनाती, रवि प्रकाश शुक्ला को रीडर सहायक , प्रमाण पत्र सहायक , आईजीआरएस पटल पर नवीन तैनाती, मैराज हैदर को तहसील बलरामपुर से कलेक्ट्रेट में ईआरके , डीएलआरसी पटल पर नवीन तैनाती , रूपनारायण को तहसील उतरौला से कलेक्ट्रेट में रीडर अपर जिलाधिकारी, आशुलिपिक अपर जिलाधिकारी (वि/रा०) पर नवीन तैनाती, पाटेश्वरी प्रसाद को रीडर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) , जनगणना सहायक पटल पर नवीन तैनाती, संजय कुमार श्रीवास्तव को आरआरके / जेआरके , अरेंजर राजस्व अभिलेखागार पटल पर तैनाती की गई हैं।डीएम द्वारा तहसीलों के एसडीएम का फेरबदल भी किया गया हैं।अपर उप जिलाधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर राकेश कुमार जयंत को उप जिलाधिकारी / उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील तुलसीपुर की नवीन तैनाती सौंपी गई है। उप जिलाधिकारी / उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील तुलसीपुर अभय कुमार सिंह को उप जिलाधिकारी ( न्यायिक ) तुलसीपुर बनाया गया है।

# पीड़ित परिजनों के साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धरने पर बैठे



**तमकुहीराज/कुशीनगर, 02 जून (तरूणमित्र)।** पीछले 22तारीख को तमकुहीराज सीएचसी पर लापरवाही से हुई प्रसुता सुप्रिया पटेल की मौत को लेकर सुप्रिया को न्याय दिलाने के लिए सोमवार के दिन तमकुहीराज नगर पंचायत में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के सम्मुख कांग्रेस के पूर्व विधायक,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू पीडित परिजनों के साथ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है की प्रसुता सुप्रिया पटेल की मौत चिकित्सा में लापरवाही के वजह हुआ है।सनद रहें की उक्त घटना में दोषी डाक्टरों पर कारवाई को लेकर परिजनों ने समाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता अमित सिंह के नेतृत्व में सीएमओ कुशीनगर व प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी लेकिन घटना के लगभग दस दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में पीडित परिजनों को न्याय नहीं दे पा रहा है।उक्त घटना से आहत परिजनों ने सौकड़ों लोगों के साथ तमकुही राज सरदार पटेल प्रतिमा के सम्मुख धरना प्रदर्शन शुरू कर दी।पूर्व विधायक ने सीएचसी अधिक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा की परिजनों ने प्रसुता को लेकर स्पताल पहुंचे तो वहां पर मौजूद डाक्टरों ने अपने विश्वास मे ले लिया और कहां की हमारे यहाँ स्वस्थ व नार्मल प्रसव हो जाएगा। घटना घटित होने के बाद डाक्टरों ने आनन फानन में जबरिया आक्सीजन लगाकर जिला अस्पताल रेफर किया था जिला अस्पताल के डाक्टरों ने बताया था कि प्रसव पीडिता की मौत बहुत पहले हो चुका है आगे कहा की इतनी बड़ी घटना के बाद अधिकारी व सरकार मौन है,हम न्याय के लिए पीडित परिजनों के साथ है जबतक अधीक्षक सहीत संलिप्त डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं होती है तबतट धरना प्रदर्शन से हम हटने वाले नहीं है।तो वही प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहें अमित सिंह पटेल ने सीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा की सत्ता दल के दबाव सें जिले के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया अपने डाक्टरों को बचा रहें हैं जबतक प्रसुता मौत के लापरवाही में संलिप्त डाक्टरों को सस्पेंड व कारवाई नहीं होती है तबतट हमारा प्रदर्शन चलता रहेगा।इस दौरान मृतक सुप्रिया की मां सरोज सिंह, पिता अमनदीप पटेल, ससुर राकेश सिंह, पूर्व प्रधान उमेश्वर पटेल, सभासद उपेंद्र चौहान, प्रधान उपेंद्र सिंह, आफताब आलम, विवेक कुशवाहा, एडवोकेट आशिष पटेल, सभासद विक्रांत यादव,अवनीश पटेल,सभासद अजय सिंह, सभासद अरशद, रोहित पटेल, सूरज यादव, पंकज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# मिर्गी जागरुकता अभियान के तहत डॉ अशफाक आलम ने बताये उपचार

**देवरिया, 02 जून (तरूणमित्र)।** मिर्गी से विश्व में करीब पांच करोड़ लोग परेशान हैं। इससे बचाव के लिए सोमवार को नेहरू नगर न्यू कालोनी स्थित न्यूरो हेल्थ केयर के तत्वावधान में एपिलेप्सी यानि मिर्गी जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया।एम्स दिल्ली के डॉ अशफाक आलम डी. एम. न्यूरोलॉजी ने जागरूकता अभियान को सम्बोधित करते हुए बताया कि मिर्गी मस्तिष्क संबंधी विकारों को संदर्भित करता है जो बार-बार दौरे का कारण बन सकता है। यह किसी भी समूह के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन यह आमतौर पर बच्चों या 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में शुरू होता है। लक्षण का जिक्र करते हुए बताया किहाथों और पैरों का अनियंत्रित झटके और कंपन, सामने की ओर देखना, घूरना,शरीर में अकड़न, होश खो देना, अस्थायी भ्रम आदि होता है।इसे औरास भी कहा जाता है और यह आपके मस्तिष्क के एक तरफ के एक विशेष क्षेत्र को प्रभावित करता है लेकिन मस्तिष्क के अन्य भागों में भी फैल सकता है। इस प्रकार के दौरे में, रोगी चेतना नहीं खोता है, लेकिन उन्हें सुनने में समस्या और मतिभ्रम,हृदय की लय या रक्तचाप में परिवर्तन और आंत्र या मूत्राशय की गति में परिवर्तन होता है। इस प्रकार के दौरे में रोगी भ्रमित हो जाता है और उसे प्रश्नों का उत्तर देने, अनियमित आवाजें निकालने, अपनी बाहों को इधर-उधर हिलाने, वस्तुओं से खेलने या होठों को चटकाने में कठिनाई होती है।दौरे के कारण मिर्गी में विद्युत गतिविधि में अचानक वृद्धि होती है, जो दौरे का कारण बनती है। मिर्गी का सटीक कारण अज्ञात है। हालाँकि, यह संभवतः आनुवंशिक कारकों के कारण होता है।

कुछ मामलों में, यह स्ट्रोक , नशीली दवाओं के दुरुपयोग, ब्रेन ट्यूमर , सिर में गंभीर चोट, जन्म के दौरान ऑक्सीजन की कमी या मस्तिष्क में संक्रमण के कारण होने वाली मस्तिष्क क्षति के कारण हो सकता है।उपचार की बात करते हुए कहा कि मरीज को फर्श पर लेटा दें।

# लेखपाल के स्थानान्तरण की मांग : डीएम को सौंपा पत्र


**बस्ती , 02 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार गौतम ने सोमवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि बस्ती सदर तहसील क्षेत्र के मुण्डेरवा के लेखपाल क्षेत्र संख्या 83 में नियम विरूद्ध ढंग से नियुक्ति निरस्त कर उनका स्थानान्तरण कराया जाय।डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि लेखपाल जितेन्द्र सिंह पिछले 5 वर्षो से क्षेत्र संख्या 83 में लेखपाल पद पर कार्यरत थे। शिकायतों के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने उनका स्थानान्तरण हरैया तहसील में कर दिया था किन्तु लेखपाल जितेन्द्र सिंह ने अपने प्रभाव, दबाव का प्रयोग कर पुनः अपनी नियुक्ति मुण्डेरवा में करा लिया। इससे स्थानीय नागरिकों में रोष है। नगर पंचायत मुण्डेरवा के 5 सभासदों और आम जनता ने उप जिलाधिकारी सदर से उक्त लेखपाल के अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग किया था किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। मांग किया कि शासनादेश के अनुरूप लेखपाल जितेन्द्र सिंह का स्थानान्तरण कराया जाय।--

# पालिका अध्यक्ष पडरौना ने सफाई का किया निरीक्षण

**कुशीनगर , 02 जून (तरूणमित्र)।** नगरपालिका परिषद पडरौना क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बड़े नालों की सफाई का निरीक्षण आज पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि समय पूर्व बरसात होने और अनुमान से अधिक मानसून के प्रभावी होने की संभावना के बीच नपाध्यक्ष द्वारा पालिका के सफाई अनुभाग को समय पूर्व सभी छोटे बड़े नालों को तलहटी से साफ करवाने के प्रति निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज चिलचिलाती धूप के बीच ही नपाध्यक्ष अपनी टीम के साथ रामकोला रोड पर हो रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे।

मीडिया से बातचीत के दौरान जानकारी के तहत बताया कि हर वर्ष मानसून के पूर्व सभी छोटे बड़े नालों की तलहटी से सफाई करवाई जाती है ताकि नालों का आयतन बढ़नेसे मानसूनी बारिश के पानी की निकासी आसानी से हो सके। गहरे नालों के लिए पोकलेन या अत्याधुनिक मशीनों की मदद से जमी सिल्ट को निकाला जाता है जिससे बरसाती पानी का बहाव समुचित रूप से हो सके। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई अनुभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को तय समय के भीतर कार्य पूर्ण करवाने के प्रति निर्देशित भी किया। इस दौरान प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल के अलावा सफाई निरीक्षक रियाजुद्दीन, सफाई नायक अरुण सिंह, घनश्याम यादव ,अनिल मौर्य,मनीष सिंह, मनोज जायसवाल,रामु पाण्डेय, संतोष गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।।

# किसानों को दी कृषि उत्पादन बढ़ाने की तकनीकी जानकारी



**बस्ती , 02 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पांचवें दिन विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम चरथी भट्ट , जैतापुर एवं धीरौली बाबू में कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराना है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में जनपद के जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा, कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती के वैज्ञानिक आर. वी. सिंह तथा हरिओम मिश्र ने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक तथा प्राकृतिक खेती की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की स्टेट बैंक के श्री अतुल कुमार सिद्धि परामर्श दाता ने उसी में कैसे हम बैंकों का सहयोग ने उसके बारे में जानकारी दी गई, उद्यान निरीक्षक आशीष कुमार ने उद्यानिक फसलों को बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी सहायक विकास अधिकारी कृषि राकेश वर्मा वर्मा एवं बी टी एम,एटीएम ने कार्यक्रम के आयोजन किया कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्राम प्रधान पंचायत सहायक रोजगार सहायक सफाई कर्मचारी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में किसानों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से खेती संबंधी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# समुचित सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें :अंसारी



**गोरखपुर , 02 जून (तरूणमित्र)।** अपर निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, उ०प्र० असलम अंसारी, की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नगर पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर निदेशक ने स्थानीय निकाय द्वारा वर्षा के मौसम के दृष्टिगत नगर पंचायतों में नाला/नाली की समुचित सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सभी अधिशासी अधिकारीगण को निर्देशित किया। अपर निदेशक द्वारा गौशाला निर्माण के सम्बन्ध में यह निर्देश दिया गया कि जिन नगर पंचायतों में गौशाला निर्माण हेतु गैर विवादित भूमि उपलब्ध हो गयी हो, उसके सम्बन्ध में धनराशि प्राप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें। बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोला बाजार एवं उरुवा बाजार के द्वारा यह अवगत कराया गया कि गौशाला निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु उप जिलाधिकारी, गोला से सम्पर्क स्थापित किया गया किन्तु अभी तक गैर विवादित भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है जिसके कारण गौशाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।अपर निदेशक महोदय द्वारा बैठक में बताया गया कि नगर पंचायत उरूवा बाजार में लगभग 16 करोड़ रुपए की धनराशि अप्रयुक्त पड़ी हुई है जिसका उपयोग नगर पंचायत द्वारा नहीं किया जा पा रहा है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह शासन से विभिन्न मदों/योजनाओं में प्राप्त धनराशि का उपयोग करने हेतु तत्काल नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। नगर पंचायत कार्यालय उरूवा बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि तत्कालीन अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी द्वारा कार्यालय भवन से सम्बन्धित पत्रावली तथा उसकी चाभी अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया है जिसके कारण नवनिर्मित कार्यालय भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल उपरोक्त के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही करके नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय का उपयोग सुनिश्चित करें।एम0आर0एफ0 सेंटर-नगर पंचायत कार्यालयों में एम०आर०एफ० सेन्टर के क्रियाशील होने के सम्बन्ध में अपर निदेशक महोदय द्वारा पूछे जाने पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एस०बी०एम० नगरीय पूजा राय, द्वारा बताया गया कि जनपद की सभी नगर पंचायतों में एम०आर०एफ० सेन्टर क्रियाशील है किन्तु नगर पंचायत बड़हलगंज और घघसरा बाजार के ई०ओ० द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग को धनराशि उपलब्ध करा दिये जाने के बावजूद भी अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं उपलब्ध कराया गया, जिस कारण मैनुअली तौर पर एम०आर०एफ० सेन्टर को क्रियाशील किया गया है। इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता से पत्राचार करके जिन-जिन नगर पंचायतों में विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है उन नगर पंचायतों के एम०आर०एफ० सेन्टर पर विद्युत कनेक्शन जुड़वाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने हेतु टी०ए०सी० को निर्देशित किया गया।बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी (स्था०नि०) पुरूषोत्तम दास गुप्ता द्वारा भी उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए ।

# राया कटरा फाटक बचाने को रेल मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

**मथुरा, 02 जून (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा राया के हृदय स्थल कहे जाने वाले मुख्य मार्केट कटरा बाजार रेलवे फाटक को बंद किये जाने के प्रकरण को लेकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली स्थित रेलवे के डीआईजी शशि कुमार सिंह व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व ओएसडी वेद प्रकाश से मुलाकात की। राया के कटरा बाजार फाटक संख्या 344 सी के बंद होने से बाजार के व्यापारियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए समपार संख्या 344 सी को बंद न करने की मांग की। पदाधिकारियों के मुताबिक जिस पर अधिकारियों ने प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग का भरोसा जताते हुए फाटक को बंद न करने एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# जिलाधिकारी ने किया ग्राम आलमपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण



बांदा, 02 जून (तरूणमित्र)। सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा ने विकासखंड बबेरू के ग्राम आलमपुर में तालाब के जीवन आधार कार्य एवं अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम में स्थित तालाब की खुदाई कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब की खुदाई कार्य को गति प्रदान की जाए ताकि बरसात से पूर्व सभी आवश्यक कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही उन्होंने तालाब के जीवनदायिनी आधारभूत ढांचे को मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुर्वल गांव में स्थापित टीएचआरपी प्लांट का निरीक्षण किया, जहां पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार तैयार किया जाना पाया गया उन्होंने डीसी एनआरएलएम एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए की गुणवत्ता के साथ पोषाहार को तैयार कर आंगनबाड़ी केंद्रो में वितरित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में तैयार किए जा रहे प्यूरित हर एवं मां उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जाने वाले कोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले पोषाहार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कस्बे में हो रही प्लाटिंग को लेकर किया निरीक्षण

बबेरू/बांदा। बड़े बैनमो की मालिया में स्टांप कमी को लेकर लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के कर्मचारियों लेकर मौके पर पहुंचकर नाम नाप करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा की ग्रामीण क्षेत्रों पर भी बड़े पैमाने पर प्लाटिंग का काम हो रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी जे रीभा ने तहसीलदार लखनलाल राजपूत, रजिस्टार मुहम्मद अतहर, सदर लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी को लेकर औगासी रोड स्थित ग्राम मझीवा निवासी अश्वनी कुमार मिश्र, संतोष कुमार मिश्र एवम बांदा रोड नहर पटरी नेता नगर में बांदा के विकास गोयल ने उत्कृष्टिका बिल्डर्स के नाम से करीब ढाई बीघा जमीन खरीद कर प्लाटिंग कर रहे थे।जिलाधिकारी मौके में पहुँच जमीन की नाप करते हुए स्टांप कमी को लेकर जांच के साथ यह भी बताए गया की, बड़ी मालियत के बड़े बनामो की जांच खुद जिलाधिकारी कर रहीं हैं। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिया। नाप करते हुए ब्योरा लिखित रूप से देने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का तत्काल पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# नपा अध्यक्षा के परिजनों पर अनियमितताओं और राजस्व क्षति के आरोप

ललितपुर, 02 जून (तरूणमित्र)। नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और अध्यक्षा के परिजनों के अवैध हस्तक्षेप को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राष्ट्रीय लोक दल नेता ने जिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर कहा कि नपाअध्यक्षा गंभीर रूप से बीमार होने के कारण पिछले दो वर्षों में नगर पालिका में 10 बार भी उपस्थित नहीं हो सकी हैं। उनके परिजन नगर पालिका के कार्यों में निर्णय ले रहे हैं और पत्रावलियों पर फर्जी हस्ताक्षर कर रहे हैं। नियमानुसार प्रति माह बोर्ड मीटिंग होनी चाहिए, लेकिन 24 महीनों में केवल 10 बैठकें ही आयोजित की गई हैं। प्रशासनिक बैठकों (जैसे 15वें वित्त आयोग) में अध्यक्षा के परिजन भाग लेते हैं, जो कानूनन गैर-कानूनी है। आरोप है कि बीती 31 मई 2025 को हुई निविदाओं में अध्यक्षा के परिजनों ने दबाव डालकर पूलिंग कराई। सभी ठेकेदारों ने विभागीय दरों से 50 पैसे कम पर बोली लगाई, जिससे नगर पालिका को भारी राजस्व हानि हुई। फाइनेंसियल बिड खोलने पर पता चला कि एल-1, एल-2 और एल-3 बोली लगाने वाले एक-दूसरे के साथ मिले हुए हैं।

उन्होंने माँग की कि अध्यक्षा के परिजनों को पालिका के कार्यों में परिजनों के हस्तक्षेप को रोका जाए। निविदाओं में हुई धांधली और राजस्व हानि की जाँच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उच्च न्यायालय का रुख करने को मजबूर होंगे।

## बाइक सवार मामा-भांजा की सड़क हादसे में मौत

**दोस्त की शादी में शामिल होने पूना से आये थे**

चित्रकूट, 02 जून (तरूणमित्र)। बारात मे शामिल होने पूना से गांव आये मामा-भांजा की दर्दनाक सड़क हादसे मे जान चली गयी। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने रास्ते से वाहन को हटवाकर मृतको के शवो को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। घटना से पूरे परिवार मे कोहराम मच गया। परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार रैपुरा थानाक्षेत्र के देहरूचमाफी गांव निवासी जगदीश (21) अपने भांजे सुखलाल (22) के साथ दोनों बाइक से देहरुच निवासी शिवबोधन की बारात में शामिल होने के लिए पहाड़ी थाना के परसौजा गांव जा रहे थे। इसी दौरान पहाड़ी सिंहपुर मार्ग स्थित भोले का पुरवा के मोड़ पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। जगदीश और सुखलाल पूना में रहकर शिवबोधन के साथ काम करते थे। वे रविवार को ही पूना से बारात में शामिल होने के लिए आए थे। इस घटना के बाद से गांव मे मातम छा गया।

# मंदाकिनी नदी से निकाली गयी सैकड़ों ट्राली सिल्ट



चित्रकूट, 02 जून (तरूणमित्र)। मध्य प्रदेश के नया गाँव क्षेत्र स्थित रामघाट में मंदाकिनी नदी की खुदाई करके सैकड़ों ट्राली मिट्टी सिल्ट नदी से बाहर निकाली गई। इसी घाट में विगत दिनों सफाई करने आए जलशक्ति मंत्री ने सतना कलेक्टर को बुलाकर सिल्ट सफाई कराने के निर्देश दिए थे बुंदेली सेना ने जलशक्ति मंत्री के प्रति आभार जताया है।

बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कई साल पहले जब मध्य प्रदेश क्षेत्र में घाट बने थे तभी से यह सिल्ट नदी में जमा थी मत्तगजेंन्द्नाथ मंदिर के ठीक सामने नया गाँव क्षेत्र में यहां फाटक खुलने पर टीला बना दिखाई पड़ता था डीआरआई के बुलावे पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह इसी घाट में सफाई करने आए थे इसी दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल और बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष ने जलशक्ति मंत्री से नदी की सिल्ट हटवाने का अनुरोध किया था जलशक्ति मंत्री ने सतना कलेक्टर को उद्यमिता परिसर में बुलाकर मंदाकिनी नदी की सिल्ट खुदाई के निर्देश दिए इस दौरान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे।

जलशक्ति मंत्री के निर्देश पर सतना कलेक्टर ने जेसीबी मशीन लगवाकर नदी की सैकड़ों ट्रैक्टर सिल्ट की खुदाई करवा दी है।

# ग्रामीणों के लिए नासूर बनी नमामि गंगे योजना

## पेयजल की समस्या को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



बांदा, 02 जून (तरूणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महात्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे के तहत पूरे जनपद में पानी की व्यवस्था करने के लिए चलाई जा रही हर घर नल हर नल जल के बड़े बड़े पोस्टर लगाकर जनपद में तीन बार जल शक्ति मंत्री ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर खूब प्रचार प्रसार किया और इस परियोजना में हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के साथ प्रचार प्रसार में भी कई लाख रुपए खर्च कर खूब वाहवाही बटोरी लेकिन आज तक इस परियोजना के दुष्परिणाम ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देते हैं रास्ते खुदे पडे है जगह जगह पाइप लाइन फटी पड़ी है और पानी आजतक नल में कहीं दिखाई नहीं देता जिससे परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर जिला अधिकारी बांदा जे रिभा से पानी दिलाये जाने की गुहार लगाई है। सोमवार को जनपद के अछरौड गांव के आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हर घर नल से हर घर को जल दिलाये जाने की ।ग्रामीणों ने बताया कि अछरौड गांव में पहले से ही पानी की भारी किल्लत रहती थी नदी से लोग पानी लाकर पीते थे लेकिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस बनने के बाद और अवैध खनन से अब नदियों में भी पानी नही बचा लेकिन सरकार की इस योजना से लोगों को विश्वास था कि शायद अब इस गांव में पानी की समस्या सही हो जायेगी। गांव की हर गली मे एल,एन,टी कंपनी ने रोड खोदकर पाइप लाइन डाल दी हर घर के बाहर नल भी लगा दिए गए एक वर्ष से गांव के लोगों को जल्दी ही पानी देने का आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक नल की टोंटी से एक बूंद पानी नहीं आया यह हाल किसी एक गांव का नहीं बल्कि पूरे जनपद का है जहां पानी नही पहुंचा।

लोग दूर दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। इस दौरान घासीराम निषाद के साथ विमल द्विवेदी, रामनारायण शुक्ला, मनोज शुक्ला, शिवबरन सिंह,रामनरेश यादव उर्फ बल्लू, जगप्रसाद खेंगर, लवकुश विश्वकर्मा, रोहित सिंह, होरीलाल, अरविन्द पाल,शिवबदन सोनी, सोहन शर्मा, चन्द्रप्रकाश पाल, विक्रम,अभय कुमार, यज्ञदेव तिवारी, लायक सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# फिट इंडिया मिशन पर निकाली साइकिल रैली

## रिटायर अधिकारी ने रैली को दिखायी हरी झण्डी



चित्रकूट, 02 जून (तरूणमित्र)। क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम में फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई सेवानिवृत्ति अवधेश प्रताप सिंह सहायक लेखाकार कोषागार विभाग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान लगभग एक दर्जन छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत है इस कार्यक्रम से सभी छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य फिट रहेगी साइकिल चलाने से कोई बीमारी नहीं होती सभी लोग स्वस्थ और फिट रहते है। वातावरण भी प्रदूषित नहीं होता स्वच्छ वातावरण भी रहता है साइकिल चलाने से मांसपेशियां मजबूत होती है और मानसिक विकास होता है और इस महंगाई को देखते हुए साइकिल सभी को चलना चाहिए। इस मौके पर वॉलीबॉल एसोसिएषन अध्यक्ष राकेश चैधरी, खिलाड़ी सरबजीत सिंह, क्रिकेट कोच फिरोज अंसारी, खेल शिक्षक श्याम सुंदर यादव, आनंद सिंह आदि रहे।

## सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

चित्रकूट, 02 जून (तरूणमित्र)। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय नेत्र चिकित्सा कार्यशाला सद्गुरु कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में बाल नेत्र रोग, मोतियाबिंद और सामुदायिक नेत्र चिकित्सा पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें देशभर से 500 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ, फैकल्टी और मेडिकल पीजी छात्र हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सदगुरु सर्जिकल स्किल ट्रांसफर सत्र है। इसमें पीजी छात्रों को वेट लैब मशीन और हाई-एंड विट्रियो-रेटिना एवं कैटरैक्ट सिम्युलेटर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आल इण्डिया आफ्थाल्मोलॉजिकल सोसाइटी और मध्यप्रदेश स्टेट ऑफ्थल्मीक सोसाइटी के तत्वावधान में पीजी रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 120 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. आरडी रविंद्रन, डॉ. सुहास हल्दीपुरकर, प्रो. जीवन एस. टिटियाल और डॉ. संतोष होनावर को सदगुरु ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. टिटियाल ने ट्रस्ट के निदेशक डॉ. बीके जैन को पद्मश्री सम्मान के लिए बधाई दी।

# अधिकारियों के साथ जिला जज ने की बैठक

चित्रकूट, 02 जून (तरूणमित्र)। जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय समिति सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन में उक्त स्कीम का परिचय डिजिटली रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया।बैठक में वर्णिका शुक्ला सचिव ने कहा कि कहा कि जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देने की दृष्टि से नालसा (जागृति-जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना, 2025 तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर की आबादी तक पहुँचने के लिए समर्पित एक तंत्र बनाना है ताकि स्थानीय स्वशासन संस्थानों का उपयोग करके कानूनी जागरूकता फैलाई जा सके। इस योजना के माध्यम से, नाल्सा कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देकर और न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करके कानूनी ढांचे और जमीनी स्तर की आबादी के बीच की खाई को खतम करना है। स्कीम का उद्देश्य है आम जनता में नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति गंभीर सामाजिक-आर्थिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का कारण बन रही है। इस खतरे के दुष्परिणाम व्यक्तिगत स्वास्थ्य चिंताओं से कहीं आगे बढ़कर राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सामंजस्य को प्रभावित करते हैं। मादक द्रव्यों का सेवन, विशेष रूप से बच्चों और युवाओं जैसे कमजोर जनसांख्यिकी के बीच, खतरनाक अनुपात तक पहुँच गया है।

# पीएनबी ने ऋण एक्सपो में 20 करोड़ के कर्ज किसानों को किये वितरित



झाँसी, 02 जून (तरूणमित्र)। मोंठ पंजाब नेशनल बैंक में आयोजित ऋण एक्सपो का उद्घाटन मंडल प्रमुख राजकुमार ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी महेंद्र लोधी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख राजकुमार ने कहा कि इस ऋण एक्सपो के जरिये किसान अपनी खेती की जरूरतों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने और कृषि संबंधी व्यापार आरम्भ करने या उसका विस्तार करने के लिए ऋण ले सकते हैं। पंजाब नेशनल बैंक उनकी जरूरतों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। यह ऋण एक्सपो झाँसी के साथ महोबा, ललितपुर, जालौन आदि में भी किया जा रहा है। एक्सपो में 205 किसानों को 20 करोड़ के ऋण स्वीकृत किये गए हैं। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर अजय शर्मा, मोंठ के शाखा मैनेजर अविनाश चौधरी, देवेंद्र गौतम, अवधेश कुमार, भानु गौतम और वरिष्ठ कृषि प्रबंधक अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## बकरीद पर बिजली, पानी व सफाई की मांग

बांदा, 02 जून (तरूणमित्र)। मुस्लिम समुदाय के पवित्र पर्व बकरीद के मौके पर बिजली, पानी व सफाई सहित अन्य कई व्यवस्थाओं में सुधार की मांग एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की है। उन्होंने डीएम को दिये पत्र में बताया है कि मुस्लिम समुदाय का पवित्र पर्व बकरीद 7 जून को है। इस मौके पर ईदगाह सहित अधिकांश मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाती है। नमाज के बाद प्रचलित पशुओं की कुबार्नी दी जाती है। कुबार्नी की रस्म लगातार तीन दिनों तक चलती है। बकरीद के मद्देनजर नमाज स्थलों के आस-पास सफाई की व्यवस्था की जाये। पानी की टैंकरों की उपलब्धता कराई जाये।

# प्रदेश मंत्री पर जमीन कब्जे का आरोप, पीड़ित पक्ष ने लगाई गुहार



ललितपुर, 02 जून (तरूणमित्र)। संपत्ति विवाद को लेकर प्रदेश सरकार में मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगा है। मामले में लक्ष्मीपुरा निवासी कमलेश कुमार साहू, भगवतनारायण साहू, जयनारायण साहू, सत्यनारायण साहू, दीपक साहू, और लक्ष्मी देवी साहू ने आरोप लगाया कि मंत्री और उनके समर्थको ने उन्हें संपत्ति पर निर्माण कार्य के समय निर्माण कार्य रुकवाने का आदेश दिया और धमकाया।

जब उन्होंने इस संबंध में कोर्ट के आदेश और अपनी पुश्तैनी संपत्ति होने का हवाला दिया। मंत्री और उनके लोगों ने उक्त सम्पत्ति को अपनी संपत्ति व स्वामित्व की होना बताया। उक्त संपत्ति को लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन ने पीड़ित पक्ष के फेवर में आदेश पारित करते हुए उनके कब्जे और दखल में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न करने का निर्देश दिया था। पीड़ितों ने मांग की कि सिविल जज सीनियर डिवीजन के 31 मई 2025 के आदेश का पुलिस बल के माध्यम से अनुपालन कराया जाए। उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उक्त लोगों व अन्य नामित व्यक्तियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवमानना और भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की उचित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# संस्कृत साहित्य के अध्ययन से ही होगा विकसित भारत का निर्माण : डॉ. शास्त्री

## नेमवि में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न




ललितपुर, 02 जून (तरूणमित्र)। संस्कृत, संस्कृति संस्थानम उत्तर प्रदेश एवं संस्कृत विभाग नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नेमवि के संस्कृत सभागार में विकसित भारत के निर्माण में संस्कृत साहित्य की भूमिका विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो. बी.बी. त्रिपाठी, मुख्य वक्ता डा.नेहा मिश्रा, सहायक आचार्य महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी, कटनी ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। संगोष्ठी में प्रबधंक ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं वैज्ञानिक भाषा है। जब पूरी दुनिया भाषायी रूप से कमजोर थी उस समय भारत के ऋषियों ने संस्कृत भाषा का सृजन कर वेदों, पुराणों, उपनिषदों आदि की रचना कर विश्व को जीवन जीने की आचार संहिता प्रदान की।

यदि विकसित भारत का निर्माण करना है तो संस्कृत भाषा का प्रत्येक भारतीय को अध्ययन करना आवश्यक है। संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो. बी.बी. त्रिपाठी, चन्द्रयान मिशन के प्रधान वैज्ञानिक एस. सोमनाथ, आचार्य डॉ. नेहा मिश्रा, डा.प्रीति सिरौठिया ने भी विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी में राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी के प्रो. अजय शंकर यादव, डा.दीपक कुमार पाठक, डा.सुभाष जैन, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.संजीव शर्मा, डा.सूबेदार यादव, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.जितेन्द्र सिंह राजपूत, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.रेनू चंदेल, डा.बलराम द्विवेदी, डा.गीरेन्द्र सिंह, विवेक पाराशर, ध्रुव किलेदार, फहीम बख्श, हरीप्रसाद, रमेश पाल, अंकित चौबे, गजेन्द्र यादव, कमलेश, संजय शर्मा, सुरेश आदि उपस्थित रहे। संचालन संस्कृत विभाग के सहायक डा.दीपक पाठक एवं डा.प्रीति सिरौटिया ने आभार व्यक्त किया।

## दो बाइक की आमने-सामने टक्कर से एक वृद्ध की मौत तीन घायल

बबेरू/बांदा, 02 जून (तरूणमित्र)। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत यमुना नदी पुल में दो बाइको की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक में सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं दोनों बाइक में सवार एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव के यमुना नदी पुल पर सोमवार की दोपहर दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक में सवार सुलानी व सुरेश,अखिलेश व दूसरा बाइक सवार धर्मेंद्र घायल हो गए, घायल अवस्था पर डायल 112 पीआरबी पुलिस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद वृद्ध सुलानी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश नारायण सारंग की 91वीं जयन्ती मनाई



झांसी, 02 जून (तरूणमित्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सक्सेना के चेम्बर पर भाजपा के संस्थापक सदस्य तथा पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की 91वीं जयन्ती एवं मातृ-पितृ भक्ति दिवस का आयोजन किया गया। वे अभा कायस्थ सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उक्त अवसर पर कायस्थ सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशान्त सक्सेना,प्रान्तीय मंत्री आनन्द कुमार सक्सेना, प्रवक्ता अजय कुमार सक्सेना, प्रदीप श्रीवास्तव, अविनाश सक्सेना, संजय निगम, सर्वेश सक्सेना, राम बाबू खरे आदि द्वारा कैलाश सारंग के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प भेंट कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संचालन आनन्द सक्सेना एवं अजय सक्सेना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### दो दिवसीय कत्थक कार्यशाला का समापन




झांसी, 02 जून (तरूणमित्र)। शगुफ्ता डांस स्टूडियो के तत्वावधान में 31 मई व 1२3 जून को दो दिवसीय कत्थक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्टीय स्तर पर नृत्य कर चुकी कथक नृत्यांगना एवं एकादमी की निर्देशक डॉ शगुफ्ता खान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कत्थक की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। डॉ शगुफ्ता खान के साथ संगत में तबले पर प्रियांशू ब हारमोनियम पर नीरज पाराशर ने जुगल बंदी की। कार्यशाला में बच्चो के साथ ही बड़ो ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### चीफ कंट्रोलर के बंगले में मिला युवक का शव

झांसी, 02 जून (तरूणमित्र)। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले रेलवे के चीफ कंट्रोलर के बंगले में एक युवक का शव पड़ा मिला है। लाश को उनकी पत्नी ने देखा तो चिल्ला पड़ी। उन्होंने पति को भी फोन कर इसकी जानकारी दी। पति ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। घटनास्थल प्रेमनगर थाना क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 के आसपास रेल अधिकारियों के बंगले का है जहां रेलवे के चीफ कंट्रोलर यशवंत कुमार का बंगला है। यहां वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। सोमवार को जब यशवंत कुमार ड्यूटी पर चले गए थे। वहीं, पत्नी और बच्चे घर में ही थे। दोपहर 2 बजे जब उनकी पत्नी घर से बाहर किसी काम के लिए निकलीं तो उन्होंने बंगले की ही फैंस के अंदर पेड़ के नीचे एक युवक का अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। यह देखते ही वह घबरा गईं और तुरंत पति को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद यशवंत कुमार घर आए और युवक को शराबी समझकर उठाने का प्रयास किया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्रेमननगर थाने की पुलिस को दी। यहां मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से आधार कार्ड, रेल टिकट और 8 हजार रुपए मिले। आधार कार्ड के अनुसार मृतक प्रतापगढ़ के महाराजपुर कैथोला निवासी 47 साल का वीरेंद्र गुप्ता पुत्र मोती लाल गुप्ता है। उसके परिजनों से सम्पर्क का प्रयास किया जा रहा है।

### विश्व ब्राह्मण दिवस पर हुए विप्रजन हुए सम्मानित

झाँसी, 02 जून (तरूणमित्र)। प्रेमनगर नगरा में स्थित श्रीनीलकंठेश्वर शिव महादेव मंदिर पर बुंदेलखंड सत्संग समिति के तत्वावधान में विश्व ब्राह्मण दिवस पर 151 विप्र बंधुओ को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम पूजन-अर्चन कर महाआरती की गयी, उसके पश्चात अध्यक्ष पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण समुदाय ने सदियों से हिंदू धर्म के ज्ञान और संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने वेदों, पुराणों और अन्य धार्मिक ग्रंथों की रचना की है। कार्यक्रम में मुख्य धर्मगुरु आचार्य चंद्रप्रकाश तिवारी, लल्लन महाराज मंडलाचार्य, आचार्य हरिओम थापक राष्ट्रीय भागवताचार्य, पं.रविकांत मिश्र, पं.मैथिलीशरण मुदगिल, पं.अनिल सुडेले, आर.के.सहारिया, दिलीप मुदगिल, विवेक पाठक, श्रवण तिवारी, मिथलेश मिश्रा, आदेश चतुर्वेदी, कैलाश नारायण मालवीय, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, रविन्द्र बाजपेई, दीपक तिवारी, हिर्देश रानू महाराज उपस्थित रहे। आभार नरेश मिश्रा ने किया।

### मंडी में ओवरलोड ट्रकों को लेकर शिकायत, भ्रष्टाचार के आरोप

ललितपुर, 02 जून (तरूणमित्र)। नवीन गल्ला मंडी में ओवरलोड ट्रकों का अवैध कारोबार सड़क सुरक्षा और खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था में भ्रष्टाचार की गंभीर समस्या को उजागर कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसान मोर्चा के जिला मंत्री सुभाष शर्मा ने इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनके पत्र में मंडी समिति और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की कथित मिलीभगत और लापरवाही पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। नवीन गल्ला मंडी में ओवरलोड ट्रकों और खाद्यान्न भ्रष्टाचार का मामला न केवल सड़क सुरक्षा, बल्कि सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को दर्शाता है।

# उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी जनपद की महिलाएं

## सरकार की पहल से बदलेगी जिंदगी की दिशा



**उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** जब नीयत साफ हो और सोच सकारात्मक, तब बदलाव की लहरें खुद रास्ता बना लेती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण की सोच ने जालौन की जमीन पर एक नया अध्याय लिख दिया है।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु जिला पंचायत कार्यालय के सामने एक बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया। खास बात यह रही कि इस केंद्र का शुभारंभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वयं अपने हाथों से फीता काटकर किया। उक्त कदम एक प्रतीकात्मक कदम, जिसने ष्महिलाएं अब नेतृत्व कर रही हैंष का सशक्त संदेश दिया। यह केंद्र सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि एक सपना है, उस आत्मनिर्भरता का जिसमें महिलाएं न केवल घर चला रही हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। यहां महिलाएं अब अपने हाथों से बनाए गए अचार, बड़ी, दलिया, मुरब्बा, सिवईं, चिप्स, पापड़, बुगनु और गया के गोबर से बने दीयों जैसे पारंपरिक उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकेंगी। यह पहल उन्हें न केवल आर्थिक संबल देगी, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान भी प्रदान करेगी। जिलाधिकारी पाण्डेय ने कहा, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन का प्रयास रहा है कि हर महिला को स्वरोजगार का अवसर मिले, ताकि वह अपने परिवार के साथ-साथ समाज को भी समृद्ध बना सके। यह केंद्र उस दिशा में एक ठोस कदम है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह प्रयास सिर्फ योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर उतर कर परिणाम दे रहा है। जालौन की ये महिलाएं आज मिसाल बन चुकी हैं, अपने हाथों से काम कर, अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं, और दूसरों को भी साथ लेकर चल रही हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर सौरभ पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि विजय चैधरी, स्वमं सहायता समूह से रजनी खरे, प्रवेश, सुलक्षणा, आरती, लक्ष्मी, नीलम, ममता, आरधना आदि मौजूद रहे।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने की वेतन दिए जाने की मांग

**कोंच/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** ठेकेदार द्वारा नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती तो कर दी लेकिन 6 माह से वेतन नहीं दिया। जिससे उनका खर्चा चलना मुश्किल हो गया। तब आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि हम कर्मचारियों को विगत 6 माह से वेतन नहीं मिला है और हम लोग माह दिसंबर 2024 से लगातार सफाई का कार्य कर रहे हैं लेकिन वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण भरण पोषण की समस्या हमारे सामने उत्पन्न हो गई है।

कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी से जल्द-से-जल्द वेतन दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान शिव कुमार, सोनिया राजा बाबू, कृष राय सिद्धांत, शैलेंद्र, वीरेश, रविंद्र, राहुल, सुशील, ओम प्रकाश, सुनीता, राजकुमार, दीपू, कुलदीप सहित तमाम आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्य पूर्ण होने के बाद बैरिक को पुलिस विभाग को किया जाएगा सुपुर्द : सीडीओ



**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली परिसर में पुलिस जवानों के लिए लगभग 89 लाख रुपये की लागत से बन रहे चार मंजिला आदर्श बैरिक का सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास व एएसपी प्रदीप वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता, सुविधाओं और खामियों की समीक्षा की और सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को छत पर लगी वेंटिलेशन जाली में खामी मिली, जिसे ठीक करने के निर्देश ठेकेदार सतीश पटेल को दिए। कमरे में कई खिड़कियां ठीक से नहीं खुल रहीं, जिसे सुधारने को कहा गया। फर्श पर बाथरूम और कॉरिडोर में जलभराव दिखा, जिस पर टाइल्स उखाड़कर फर्श की ढाल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। एक पानी की टंकी का ढक्कन टूटा मिला, जिसे तत्काल बदलवाने को कहा गया। मुख्य द्वार पर जलभराव की शिकायत पर इंटरलॉकिंग व जल निकासी व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। एएसपी प्रदीप वर्मा ने कहा कि यह बैरिक पुलिस कर्मियों के जीवन स्तर और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम है। सीडीओ ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग पूरा है, कुछ कमियां मिली हैं जिन्हें दूर किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद बैरिक को पुलिस विभाग को सुपुर्द किया जाएगा।

## सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कृषक ने मरने के बाद की अपनी कृषक भूमि की रजिस्ट्री

**राठ, 02 जून (तरूणमित्र)।** स्थानीय सब रजिस्ट्रार कार्यालय में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जिसमें कृषक के मरने के बाद भी उसने दूसरे पक्ष को अपनी कृषि भूमि की रजिस्ट्री कर दी।

राठ क्षेत्र के ग्राम धनौरी निवासी हरिहर सिंह पुत्र रामनाथ सिंह हाल मुकाम कुइया रोड उरई, लखनऊ में रहने लगे थे। उन्होंने राठ पूर्व में गाटा संख्या 911 रकबा 0.535 काफी पहले खरीदा था। हरिहर सिंह की कोई औलाद नहीं थी, और पत्नी भी नहीं थी। बाद में हरिहर सिंह की भी मृत्यु हो गई। उनकी जमीन के बारे में उनके भाई लक्ष्मी प्रसाद एडवोकेट को भी जानकारी नहीं थी। इस बात का पता चलने पर तथाकथित भूमाफियाओं ने किसी के बताने पर उक्त जमीन की रजिस्ट्री किसी नकली हरिहर सिंह के द्वारा रजिस्टार ऑफिस में करवा ली। जिसके क्रेता आकाश पुत्र श्री भीष्म सिंह निवासी पतखुरी तहसील सरीला(हमीरपुर) हैं। रजिस्ट्री प्रपत्रों में स्वीकार किया गया की हरिहर सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक की चेक संख्या 962446 के माध्यम से ?500000 क्रेता से प्राप्त कर लिए।

जब इस बात का पता हरिहर सिंह के भाई लक्ष्मी प्रसाद राजपूत को लगा तो उन्होंने तहसील जाकर नियमानुसार विरासत करवाई। जिसमें वह जमीन विरासतन लक्ष्मी प्रसाद के नाम आ गई है। अब प्रश्न उठता है कि हरिहर सिंह के मरने के बाद आखिर किसने हरिहर सिंह के नाम से रजिस्ट्री कर दी? जबकि रजिस्टार ऑफिस में दसों उंगलियों के निशान तथा आधार कार्ड उपलब्ध कराना आवश्यक होता है।आधार कार्ड में हरिहर सिंह और उनके पिता तथा पता आदि सब लिखा होता है। फिर भी इस कार्यालय में व्याप्त घनघोर भ्रष्टाचार के चलते सब रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री कर दी।

## एसडीएम ने गौरैया संरक्षण को ले पत्रकारों को बांटे घरौंदा

**कोंच/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** गौरैया प्रजाति की चिड़िया को बचाने के लिए संस्थाओं द्वारा जीत तोड़ मेहनत की जा रही है। वहीं सरकार भी गौरैया संरक्षण हेतु कई आवश्यक कदम उठा रही है। इसका उद्देश्य विलुप्त होती गौरैया प्रजाति को बचाना है क्योंकि पहले के समय में घरों की छत कच्ची हुआ करती थी और छत में लकड़ी की कनिया डाली जाती थी जिन में गौरैया अपना घर बना लेती थी। अब शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी की छत पक्की हो गई है। जहां पर गौरैया अपना घोंसला नहीं बन सकती है इसी पल को लेकर दिन सोमवार को एसडीएम ज्योति सिंह ने गौरैया संरक्षण हेतु एक अनूठी पहल की है। उन्होंने अपने कार्यालय में पत्रकारों को घरौंदा (पक्षी आवास) वितरित किए।

# नगर की समस्याओं को ले एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र निस्तारण की मांग



**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** आगामी सात जून को बकरीद के पर्व पर बिजली और पानी की व्यवस्था समेत नगर की अन्य समस्याओं को लेकर नगर के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई है।

नगर के अशफाक राईन, अभिषेक चतुर्वेदी, नफीस खान, गोल्डी अवस्थी मुलायम सिंह, अब्दुल कयूम, मुबारक, जयकिशोर आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आगामी सात जून को बकरीद का पर्व है। यह पर्व तीन दिनों तक मनाया जाता है। नगर में कई स्थानों पर पानी की पाइप लाइन जहां-जहां टूटी, फूटी पड़ी हैं। पाइप लाइन लीकेज और टूटी होने से कई स्थानों पर गंदा पानी आता है अथवा पानी का प्रेशर कम आता है। ऐसे में उन सभी स्थानों पर पानी की पाइप लाइन को चेक कराकर उसे ठीक करा दिया जाए। पर्व के दौरान साफ सफाई व्यवस्था भी सही कराई जाए। इसके अलावा नगर में जहां निर्माण कार्य होता है, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोग सड़क पर ही बालू, गिट्टी पड़ी छोड़ देते हैं। सड़क पर पड़ी यह बालू गिट्टी बार हादसे का सबब बन जाती है। ऐसी जगहों को चिन्हित कर बालू गिट्टी हटाने के लिए निर्देशित किया जाए। नगर में मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए फॉगिंग कराई जाए साथ ही नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाए। गर्मी के मौसम में सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं के लिए चारे पानी का इंतजाम किया जाए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। पर्व के दौरान 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर में टाउन बिजली घर से लेकर स्टेट बैंक तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। ताकि जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।

## पीड़ित महिला किसान ने की कार्यवाही की मांग

**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** पराली में आग लगाने से खेत में पानी लगाने के लिए पड़े 27 पाइप जलकर राख हो गए हैं। इससे किसान को लगभग 40000 रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित महिला किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी महिला किसान सावित्री देवी ने पुलिस को बताया कि वह मौजा पहाड़पुरा में गाटा संख्या 427 में स्थित खेत को बलकट पर लिए है। खेत में उसने मूंग की फसल बोई है। फसल में पानी की आवश्यकता थी इसके लिए वह खेत में पाइप से पानी लगवा रही थी। पानी लगाने के लिए 27 पाइप मंगवाए थे। जिसकी अनुमानित कीमत 40000 रुपये है। बीते रात पानी लगाने के दौरान जब बिजली चली गई तो वह घर आ गई थी। इसी दौरान पड़ोसी किसान ने खेत की पराली जलाने के लिए अपने खेत में आग लगा दी। आग लगाने से उसके खेत में पड़े 27 पाइप जलकर नष्ट हो गए हैं। पाइप जलने से उसे आर्थिक नुकसान हुआ है। जब उसने पड़ोसी किसान से नुकसान की भरपाई के लिए कहा तो वह झगड़े पर आमादा हो गए। पीड़ित महिला किसान ने पुलिस से मामले में कार्रवाई किए जाने और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी अमित कुमार व संजय का हिरदेशाह निवासी अभय व वैभव के साथ लेन देन था। लेन देन को लेकर दोनों पक्षों के बीच सोमवार की सुबह कहासुनी होने लगी। एक भी पक्ष शांत होने को तैयार नहीं हुआ तो उनके बीच विवाद बढ़ता हुआ मारपीट तक जा पहुंचा। मारपीट होते देख आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन जब वह नहीं माने तो उन्होंने पुलिस बुला ली। पुलिस ने चारों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### पुलिस ने वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में किया पेश

**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा दो वारंटियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी राना व कमलेश के खिलाफ विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। एसआई राजेश वशिष्ठ को सूचना मिली कि दोनों वारंटी गांव में मौजद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां से उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

### पैसे के बदले मिली मारपीट

**कोंच/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** मोहल्ला गोखले नगर निवासी अमित प्रजापति पुत्र जयराम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैं पानी पुरी का ठेला लगाता हूं। घटना दिनांक 1 जून 2025 की है। जब मैं मोहल्ला सुभाष नगर में पानी पुरी का ठेला पर अपनी दुकान दारी कर रहा था तभी यूपी92जे8451 मोटरसाइकिल सवार अज्ञात चार लोग आए और मुझे पानी पुरी खाकर चलने लगे। जब मैंने उनसे पैसे मांगे तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट की और दुकानदारी के लगभग 8 सौ रुपये छीन कर ले गए जाते-जाते जान से मारने की भी धमकी दे गए। अमित ने पुलिस से समुचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# डीएम ने की ग्राम पंचायतों के ऑडिट आपत्तियों की समीक्षा बैठक, दिए कड़े निर्देश




**उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद की ग्राम पंचायतों के वर्ष 2017-18 के वार्षिक प्रतिवेदन से संबंधित लंबित ऑडिट आपत्तियों व प्रस्तरों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित प्रस्तरों का निस्तारण शीघ्र कराया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति जेआरवाई, ग्राम निधि, पुरानी ग्राम निधि, निर्मल भारत अभियान और ब्याज से संबंधित कुल 152 ऑडिट प्रस्तर अभी भी लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका निस्तारण जून माह के अंत तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आठ सचिवों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अग्रिम आदेशों तक उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन सचिवों को प्रोन्नत किया गया है, उनके वेतन से ऑडिट अधिवार की धनराशि की वसूली की जाए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से बैठक आयोजित कर ऑडिट प्रस्तरों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करें और की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र श्रीवास, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, मुख्य वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी विवेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हजरत बिस्मिल्लाह शाह आलमगीर का चालिसवां सालाना उर्स सम्पन्न



**पाटन, उन्नाव, 02 जून (तरूणमित्र)।** हजरत बिस्मिल्लाह शाह आलमगीर का चालिसवां सालाना उर्स विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तहसील क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर में बाबा की मजार पर चादरपोशी व जवाबी कव्वाली के साथ मनाया जा रहा है।

इस बात की जानकारी देते हुए आलम गीरी कमेटी के सरवराकार माजिद हुसैन अलमगीरी हस्सानी ने बताया कि चांद की छह व सात अर्थात 3 व 4 जून को मिलादुन नबी, कुरान खानी, लंगर व गागर सागर के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह होगी। जवाबी कव्वाली का कार्यक्रम जाने माने कव्वाल सावेज, साफेज वारसी देवा शरीफ व अनस चिश्ती ग्वालियर के बीच संपन्न होगा।

# प्रभु श्रीराम के बाल रूप से जुड़ी लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



**जालौन/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्रीय ग्राम कैंथ स्थित खेरेश्वर हनुमान एवं शंकर मंदिर परिसर में आयोजित ग्यारह कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं रामकथा के दूसरे दिन कथा वाचक पं. अनुज महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के बाल रूप से जुड़ी लीलाओं का भाव-विभोर करने वाला वर्णन सुनाया। साथ ही यज्ञाचार्यों द्वारा पूर्ण वैदिक विधि-विधान से यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराई गईं।

कथा के दूसरे दिन कथा व्यास अनुज महाराज ने कहा कि अयोध्या नगरी में जब राजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति की चिंता हुई, तब महर्षि वशिष्ठ के मार्गदर्शन में पुत्रेष्ठि यज्ञ कराया गया। उस यज्ञ के फलस्वरूप चारों भाइयों श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। उन्होंने श्रीराम के जन्म प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि जैसे ही अयोध्या में राम का जन्म हुआ, समस्त ब्रह्मांड आनंदित हो उठा। देवताओं ने पुष्प वर्षा की और समस्त नगरवासी हर्षोल्लास में झूम उठे। बताया कि श्रीराम का जन्म केवल अयोध्या के लिए नहीं, समस्त मानवता के कल्याण के लिए हुआ था। श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, जिनके जीवन से हमें धर्म, सेवा, शील और त्याग की प्रेरणा मिलती है। इस आयोजन में यज्ञाचार्य डॉ. शिवशंकर शुक्ला और पं. रामबाबू त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्यारह कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की विधिवत शुरूआत हुई। यज्ञ स्थल को सुंदर रंगोली, आम्रमंजरियों, और पुष्पमालाओं से सजाया गया था। यज्ञ मंडप में सुबह से ही आचार्य वर्ग द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देने के लिए भारी संख्या में उपस्थित रहे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि यज्ञ का उद्देश्य वातावरण को शुद्ध करना, क्षेत्र में सुख-समृद्धि लाना और जनमानस में धार्मिक चेतना जगाना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ में आहुत किए गए वैदिक मंत्र नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं और सकारात्मकता का संचार करते हैं। इस मौके पर महेंद्र सिंह प्रधान, गजराज, प्रदीप, शिवकुमार, हरिशंकर, श्याम सुंदर, पिंकू गुबरेले, संजीव सुनील, ऊदल, मनोज, राधेश्याम पचैरी, बृजमोहन भास्कर आदि मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत कराया 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**उन्नाव, 02 जून (तरूणमित्र)।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र उन्नाव करूणा राय ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत जनपद के पारम्परिक कारीगर जैसे- बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, कुम्हार, राजमिस्त्री, धोबी एवं हस्तशियों के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किये जाने/बनाने का प्राविधान है। इस योजना के निम्न दो घटक है। कौशल वृद्धि प्रशिक्षण-इसके अंतर्गत पारम्परिक कारीगरों को

उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण पूर्व होने के उपरान्त लाभार्थियों का एसेसमेण्ट कराकर आर0पी0एल0 सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। टूलकिट वितरण-इसके अंतर्गत सेवा/व्यवसाय के सफल संचालन हेतु आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट वितरण कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रदान किया जाता है। उन्होने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट हेतु जनपद उन्नाव को 800 का लक्ष्य आबंटित किया गया है। जिसमें जनपद के कुशल कारीगर विभिन्न टेडवार जैसे-बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, कुम्हार, राजमिस्त्री, धोबी ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र दिनांक 01 अप्रैल से विभागीय वेबसाइट msme.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन-पत्र निःशुल्क कर सकते हैं। आवेदक/आवेदिका की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो एवं आवेदक/आवेदिका पारम्परिक बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई, कुम्हार, राजमिस्त्री, धोबी के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयनोपरान्त लाभार्थियों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्ग सभी लाभार्थियों का प्रशिक्षण ऑन जॉव ट्रेनिंग हेतु मास्टर क्राफ्टमैन द्वारा दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम निःशुल्क एवं आवासीय होगा। 10 दिवसीय प्रशिक्षण स्थल जनपद मुख्यालय पर किया जाएगा। परम्परागत कारीगरों द्वारा प्रयोग किये जा रहे औजार पुरानी तकनीक पर आधारित है। व्यवसाय सफल संचालन हेतु आधुनिकता पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट का विरतण कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रदान किया जाएगा। योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में प्रदीप वर्मा कनिष्ठ सहायक मो0 नं0 6388039029 से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




**महोबा, 02 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी, रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी है। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी,टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

## गांजा पीने से मना करने पर की मारपीट

**कोंच/उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजू पुत्र ढपोल दिन सोमवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 2 जून 2025 समय 11:30 बजे दिन की है। जब मैं नदीगांव रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के पास अपनी दुकान पर बैठा था तभी दुकान के सामने कन्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाले बॉबी पटेल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम चंदुर्रा हाल निवास पटेल नगर आया और दुकान पर गांजा पीने लगा। जिसकी बदबू से दुकान में बैठें ग्राहकों ने एतराज किया तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जिससे मुझे काफी मुद्दी चोटें आई और उसने 5 सौ रुपये कीमत वाली कुर्सी भी तोड़ डाली हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग आ गए तो उक्त जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। राजू ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# बेरी वाले बाबा के उर्स के पहले दिन कव्वालों ने बाधा समां



**उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** सूफियाना लहजे के विश्व प्रसिद्ध कव्वाल उमर दराज चिश्ती सहारनपुर ने हजरत बेरी वाले बाबा के 85वें उर्स की पहली बज्म कव्वाली में खुलकर दिल की बात शेरों के माध्यम से कही। श्रोताओं की समझ पर फिदा उक्त कव्वाल ने फनकारी के लगभग सभी रंग पेश किए।

अल्लाह-अल्लाह, अल्लाह हू, सबके दिल में मौला तू, मैं तो खिलौना मिट्टी का मेरे अंदर बोले तू से रुहानियत का समां बांधा। उन्होंने सूफी शायरों के ऐसे ऐसे शेर पढ़े कि लोग चैंक उठे। उन्होंने कहा ये मुझसे क्या पूछते हो कहां-कहां है रसूल, जहां-जहां है खुदाई वहां-वहां है रसूल और श्वहां जिस्म नहीं और यहां साया नहीं है, दुनियां में कोई ऐसा नबी आया नहीं हैश। दूसरी कव्वाला छोटी तमन्ना कोल्हापुर ने श्सारे बादल हैं उसके वो चाहे मेरे तपते सहरा को समंदर कर दे, नमाजी कि शराबी कोई शर्त नहीं वो चाहे जिसे मुकद्दर का सिकंदर कर देश से माहौल बनाना चाहा मगर दिल में सूफियाना रस लगा चुके श्रोता ठंडे पड़े रहे हालांकि दोनों की पार्टियों को लगभग आधा-आधा समय मिला परंतु इसे चिश्ती बंधु ही सार्थक करते दिखे। संचालक जमाल अहमद पप्पू थापा ने लफ्जों को तौल-तौल कर बोला और उनका यह अंदाज बड़ा प्रभावी रहा। प्रोग्राम में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी भी शामिल रहे। उर्स कमेटी के चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार, अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी, फिरोज खान, भिक्के खां, रिजवान खान, छोटू शाह आदि ने व्यवस्था संभाली। तिलावत का गौरव हाफिज इमरान फैजी के हिस्से में आया। सारी रात दरगाह शरीफ पर अकीदत की फिजा कायम रही।

## बेरी वाले बाबा के उर्स का चादर व गागर से हुआ आगाज

### 85वें उर्स पर दिनभर दरगाह पर चढ़ाई गई चादरें, मांगी दुआएं

**उरई, 02 जून (तरूणमित्र)।** हजरत बेरी वाले बाबा रह. अलै. के 85वें उर्स की बीते दिन शुरूआत हो गई। दिन भर विभिन्न इलाकों से चादर जुलूस की शक्ल में आस्था का नजराना पेश किया गया। अकीदतमंदों ने दुआएं मांगीं।

दरगाह के खादिम नासिर अली शाह ने गणेशगंज स्थित इसरार के परिवार जनों के निवास से उठे चादर जुलूस, दादूपुरा में अब्दुल राइन के आवास से आयी चादर के अलावा नगर के विभिन्न इलाकों से आयी चादरों की अगवानी की। विधिपूर्वक बेरी वाले बाबा की दरगाह में समर्पित किया। खादिम नासिर शाह ने कहा कि चादर के जुलूस सूफीवाद की शक्ल परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं और समाज को सदभाव वाले जीवन जीने का पैगाम देते हैं। उर्स कमेटी के चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार, अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी ने नगर के विभिन्न इलाकों से आये चादर व गागर जुलूस में आये अकीदतमंदों का इस्तकबाल किया। अकीदतमंदों में चादर समर्पित कर अपने जीवन की खुशहाली के लिए आरजू-मिन्नत की। कमेटी के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष रिजवान खान, अकील खान, फिरोज खान, जुबेर खान, पप्पू थापा, छोटू शाह ने व्यवस्था संभाली।

# मुठभेड़ में शातिर बदमाश अंकुर पंडित को लगी गोली

मथुरा, 02 जून (तरूणमित्र)। थाना गोविन्दपुर दिल्ली से नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की घटना में वांछित चल रहे बदमाश अंकुर को मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अंकुर डी 16, 2015 का गैंग का सदस्य शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। अंकुर भारद्वाज पुत्र बृजेन्द्र कुमार निवासी घीयामण्डी चौक बाजार थाना कोतवाली जिला मथुरा, थाना गोविन्द नगर क्षेत्र का एक शातिर किस्म का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस को सूचना मिली कि व अपाचे मोटरसाइकिल काले हल्की लाल रंग से गोवर्धन की तरफ से छटीकरा वृन्दावन की तरफ जा रहा है जिसके पास अवैध असलाह कारतूस है। सूचना पर थाना जैत पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी तो अभियुक्त खुद को बचाने के लिये भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम से अपने आप को घिरा हुआ देख उसके द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश को पुलिस की गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। दिल्ली के थाना गोविन्दपुरी में 16, 2015 का गैंग का सदस्य हिस्ट्रीशीटर अंकुर भारद्वाज के द्वारा एक नाबालिग लडकी के साथ रेप की घटना कारित की गयी।



थाना गोविन्दपुर दिल्ली से नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की घटना में वांछित बदमाश

## दबंगों ने मां बेटे को बेरहमी से पीटा

मथुरा, 02 जून (तरूणमित्र)। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रतन छत्री मोहल्ले में रहने वाले माँ-बेटे के साथ दबंग युवकों ने लाठी डंडे से मारा पीटा एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए पीड़ित महिला ने नामजद के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। देर शाम लहूलुहान हालत में कोतवाली पहुंची रतन छत्री निवासी लक्ष्मी पत्नी सत्यदेव ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह देर सांय अपने खेत से घर वापस लौट रही थी। तभी कालीदह के समीप रूपकिशोर निवासी श्री जी वाटिका ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस बीच चीख पुकार की आवाज सुन उसका बेटा शंकर जब बीच बचाव करने आया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। जब इससे भी दिल नहीं भरा तो रूपकिशोर ने शंकर पर धारदार रेती से प्रहार कर दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। मारपीट की घटना में घायल हुए मां बेटे को पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण से नाराज नगर निगम ने की कार्रवाई, वसूला जुर्माना

अलीगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)। नगर निगम ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, कंपनी बाग से पुराना हाथरस अड्डा तक के क्षेत्र में कार्यवाही की। नगर निगम और यातायात विभाग संयुक्त रूप से स्मार्ट सिटी को जाम मुक्त बनाने का अभियान चला रहे हैं। आगरा रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने से जाम की स्थिति बनती थी। नगर निगम की टीम ने बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण हटाया, दुकानदारों पर जुर्माना लगाया व सड़क पर रखा सामान जब्त किया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों के विरोध के बावजूद कार्यवाही जारी रही।

सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने बताया कि दुकानदारों को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन दुकानदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर कार्यवाही के बाद दुकानदार फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। नगर निगम ने इस बार सख्त चेतावनी दी है, दोबारा अतिक्रमण करने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## लोगों ने नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

अलीगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)। थाना सासनी गेट क्षेत्र के बलदेव बिहार में जलभराव से परेशान लोगों ने सोमवार सुबह प्रदर्शन किया, इस दौरान स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। तो वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत क्षेत्र की मुख्य सड़क को ऊंचा बना दिया गया है। सोसाइटी की कई सड़कें पहले से ही नीची हैं। इस कारण ऊंची सड़क और घरों का पानी नीची सड़कों पर जमा हो जाता है। जलभराव से लोग बीमार पड़ रहे हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ में सैकड़ों करोड़ रुपए विकास कार्यों में खर्च किए जा चुके हैं, सीएम ग्रीड के अंतर्गत शहर की विभिन्न सड़कें बनाई जा रही हैं।

# शादी अनुदान योजना की 715 आवेदनों को मिली स्वीकृति

अमरोहा, 02 जून (तरूणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक में गरीब पिछड़ा वर्ग की बेटियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अंतर्गत 715 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। बैठक में धनौरा विधायक राजीव तरारा व नौगावां सादात विधायक समरपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद को 1482 का लक्ष्य मिला था, जिनमें से सत्यापन के बाद 715 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। समिति ने इन आवेदनों की स्वीकृति देकर धनराशि हस्तांतरण की अनुमति दी। विधायक राजीव तरारा ने योजना की जानकारी के लिए फ्लेक्सी सभी तहसीलों, ब्लॉकों,



नगर पालिकाओं व कलेक्ट्रेट में लगाने के निर्देश दिए ताकि अधिक पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति योजना के नाम पर किसी जनप्रतिनिधि का नाम लेकर काम कराए तो उसकी सत्यता पहले जांचें। मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि दो दिन में सभी स्थानों पर फ्लेक्सी लगाई जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी धनोरा चंद्रकांता, उप जिलाधिकारी हसनपुर विभा श्रीवास्तव समेत संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खनिज फाउन्डेशन न्याय की मद से गौशालाओं में लगेंगी एलईडी लाइट

बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)। सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में खनन विभाग की शासी परिषद व प्रबन्ध समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला खनिज फाउन्डेशन न्याय के लेखों का वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक के किये गये आडिट बिल का भुगतान गगन मेहरोत्रा एण्ड एसोसिएट्स चार्टस एकाउन्टेंट बरेली को किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त के अतिरिक्त बैठक में उपस्थित सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार तथा सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन न्याय बरेली की मद से जनपद में संचालित गौशालाओं में एल.ई.डी. लाइटों की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया।

# कॉरिडोर: गोस्वामियों के बाद अधिकारियों ने सुनी व्यापारियों के 'मन की बात'

**बिहारी जी कॉरिडोर समय की जरूरत, वृंदावन विकास पर खर्च होंगे 2500 करोड़**

मथुरा, 02 जून (तरूणमित्र)। ठा.बांकेबिहारी कॉरिडोर पर गोस्वामियों से लगातार तीन दौर की वार्ता करने के बाद सोमवार को कमिश्नर और डीआईजी के नेतृत्व में अधिकारियों ने वृंदावन वासियों के मन की बात सुनी। इस मुद्दे पर आमराय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कॉरिडोर की आवश्यकता के साथ उससे होने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। गोस्वामी जनों के साथ अधिकारियों की अभी तक की वार्ता बेनतीजा रही है। बैठक में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वृंदावन में बिहारी जी के भक्तजनों को दर्शन दौरान होने वाली दुश्वरियों से निजात दिलाने के लिए काशी के पैटर्न पर कॉरिडोर बनाया जाना है। इसके लिए न्यायालय से हरी झंडी मिल गई है। इस व्यवस्था को देखने के लिए राज्य सरकार ने बिहारी जी मंदिर न्यास की भी घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर जो स्थितियां पहुंच रही हैं उन्हीं के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। वृंदावन में 2500 करोड़ की विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। सोमवार को व्यापारियों के साथ टीएफसी में बैठक के दौरान अवगत कराया कि कॉरिडोर से किसी का अहित नहीं होने वाला है। श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाएगी। व्यापार में इजाफा होगा और अधिक लोगों को यहाँ रोजगार मिलेगा। बनारस इसका उदाहरण है। वृंदावन के पर्यटक सुविधा केंद्र पर आयोजित बैठक में कमिश्नर आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईज शैलेश पांडे, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा अमरेश कुमार, एसडीएम सदर अभिनव जैन सहित स्थानीय भाजपा नेता, पार्षद, बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

**दुकान भी मिलेंगे, मुआवजा भी: डीएम** जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित व्यापारियों को दुकान भी दी जाएंगी। निर्धारित मुआवजा दिया जाना ही है। मंदिर न्यास बनने से गोस्वामी जनों के अधिकारों में कोई कटौती नहीं होगी। सेवा पूजा पूर्ववत रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में धारा 163 लागू

मैनपुरी, 02 जून (तरूणमित्र)। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्याम लता आनन्द ने बताया कि जनपद में माह जून में दि. 07 जून को बकरीद का त्यौहार मनाया जायेगा, उक्त त्यौहार के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय संगठन अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-163 भा.ना.सु.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 30 जून 2025 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन भा.ना.सु.सं-2023 की संगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### टूल किट प्रदान किए जाने को लक्ष्य आवंटित

मैनपुरी, 02 जून (तरूणमित्र)। उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगर यथा बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई आदि ट्रेडों में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है, उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी उद्योग निदेशालय की बेवसाइट पर दि. 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र यथा जाति प्रमाण पत्र, आधार नम्बर, बैंक खाता पासबुक, सम्बन्धित ट्रेड में कार्य करने सम्बभ्धी ग्राम प्रधान, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के सभासद द्वारा जारी प्रमाण पत्र, फोटो, स्कैन किये गये हस्ताक्षर एवं मोबाइल नम्बर अपलोड किये जायेंगे।

### 10 से अधिक अवैध विद्युत कनेक्शन काटे

अमरोहा, 02 जून (तरूणमित्र)। विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने शनिवार को मोहल्ला नौबतखाना सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व निरज कुमार (जेई विजिलेंस), सुनील कुमार (एसआई), अजय कुमार (जेई) तथा लाइन स्टाफ की टीम ने किया। चेकिंग के दौरान विभाग की टीम ने घर-घर जाकर बिजली कनेक्शन की जांच की। इस दौरान 10 से अधिक अवैध बिजली कनेक्शन पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से काट दिया गया। टीम द्वारा मौके पर उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और भविष्य में ऐसी गतिविधियों से बचने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिन उपभोक्ताओं के बिल लंबित हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाए।

# केंद्र व राज्य सरकार से फूड एक्ट में सुधार की मांग

हाथरस, 02 जून (तरूणमित्र)। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश (लोकेश अग्रवाल ) द्वारा फूड एक्ट में व्याप्त विसंगति के खिलाफ प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग मंच नन्नू मल गुप्ता, जिला चैयरमेन कपिल अग्रवाल व जिला महामंत्री उद्योग मंच अनूप अग्रवाल जी के सयुंक्त नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया, व राज्य सरकार के प्रतिनिधि विधायक श्री वीरेंद्र राणा जी को भी सौपा गया जिस में प्रदेश व केंद्र सरकार से निम्न मांग की गयी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही से व्यापारियों को आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिये निम्नानुसार अनुरोध है:- खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने का मानक तय नहीं है। अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खादों का प्रयोग खेती में किया जा रहा है। परन्तु खाद्यय सुरक्षा मानक अधिनियम के मानकों में बदलाव नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि वर्तमान परिस्थिति के अनुसार खाद्यय पदार्थों के मानक तय किये जायें तथा कृषि विभाग को खेती में प्रयोग होने वाले कीटनाशक व रासायनिक खाद के मानक तय करने के लिए लिखा जाए। जब तक नए सिरे से मानक तय नहीं किये जाते हैं। व्यापारियों के सैम्पिल न भरे जाएं।

सभी प्रकार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्टेज्शन के लिए 12 लाख तक के टर्न ओवर की सीमा तय की गई है, परन्तु 12 लाख



रुपए की सीमा मंहगाई के हिसाब से बहुत कम है। अतः आपसे अनुरोध है कि 12 लाख टर्न ओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्न ओवर तक का काम करने वाले व्यापारियों की रजिस्टेज्शन की सीमा में रखा जायें।खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्राविधान खत्म किया जाये। जुमार्ना अधिकतम रजिस्टेज्शन व लाइसेंस फीस का दोगुना किया जाये। प्रशासनिक अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट आदि को न्याय निर्णयक अधिकारी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किये गये हैं। प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे न्याय निर्णय में समय लगता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिये पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके। खाद्य पदार्थों की पैकिंग की आईटम में रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या कमी नहीं कर सकता है एवं का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में दिये गये पैकिंग एण्ड लेवलिंग एक्ट के कानूनों को पूरा करने में रिटेल व थोक के व्यापारी का कोई योगदान नहीं है। पैकिंग कम्पनियों द्वारा तैयार कर भेजी जाती है, जिसमें रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या पैकिंग में कोई संशोधन नहीं कर सकता है। न्याय निर्धारण अधिकारी द्वारा कम्पनियों के साथ-साथ रिटेल व थोक के व्यापारियों को भी दण्डित किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए, होलसेलर व रिटेलर को दण्डित न किया जाये। वर्तमान समय में भारी मात्रा में खाद्य पदार्थों का व्यापार ऑनलाइन फूड चेन सप्लाई व मल्टी नेशनल कम्पनियों के द्वारा किया जा रहा है, परन्तु ऑनलाइन फूड सप्लाई के डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों के पास फूड लाइसेंस नहीं है। अतः आपसे अनुरोध है कि सभी ऑनलाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्यिों के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्टैज्शन व लाइसेंस बनवाये जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मल्टी नेशनल कम्पनी व फूड सप्लाई चेन के डिलीवरी होने वाले सामानों की सैम्पलिंग नहीं की जा रही है। अतः आपसे अनुरोध है कि ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैम्पलिंग भी नियमानुसार की जाये, जिससे आम जनता को सही सामान मिलना सुनिश्चित हो सके। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में निमार्ताओं से ऑनलाइन सालाना व छमाही रिटर्न मॉगी जा रही है।

# जानबूझ कर ऋण आवेदनों को लंबित रखने वाले बैंकों को दी सख्त हिदायत

मथुरा, 02 जून (तरूणमित्र)। जानबूझकर ऋण आवेदनों को लंबित रखने वाले बैंकों को सीडीओ ने सख्त हिदायत दी है। आगामी बैठक तक आवेदनों के निस्तारण के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अपने कार्यालय कक्ष मे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान बैठक के में योजना की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद की समस्त बैंको के जिला समन्वयको एंव जिन बैंको जैसे एसबीआई बल्देव, एसबीआई विजापुर, एसबीआई मांट, बैंक आफ बडोदा बीएसए रोड, यूनियन बैंक आफ इण्डिया सौंख क्रासिंग मथुरा में अत्यधिक संख्या में ऋण आवेदन लम्बित प्रदर्शित हो रहें है, सीडीओ ने इसकी समीक्षा की। जिसमे बैंक आफ बडोदा महोली रोड एंव गोवर्धन शाखा के शाखा प्रबंधक को छह.मई को होने वाली बैठक मे उपस्थित रहने के लिए सम्बन्धित जिला समन्वयक को अद्यतन रिर्पोट सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

अलीगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अहमदी स्कूल फॉर द विजुअली चौलेंज्ड द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर एक सप्ताह का पूर्व-प्रचार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' के अनुरूप, इस अभियान में छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 नायला राशिद ने पर्यावरण की रक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्थायित्व बनाए रखने में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी पर बल दिया। स्कूल की भौतिकी की शिक्षिका नुदरत जहां ने प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डाला और दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। विद्यालय परिसर में सभी ने मिलकर प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली और स्वच्छ, हरित पृथ्वी के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। सप्ताह भर चले इस अभियान में छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी दृष्टि बाधाओं के बावजूद रंगीन चार्ट और मॉडल तैयार किए, जिनमें प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणाम और विकल्पों को रचनात्मक ढंग से दशार्या गया।



## सम्पत्ति जब्तीकरण की पुलिस ने की कार्यवाही

अलीगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)। चोरी के सम्बन्ध में बीएनएस से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त भूपेन्द्र के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 90,00,000 लाख रुपये चोरी करके चोरी के रुपयो से अर्जित की गई मोटरसाईकिल केटीएम एवं आई.फोन 16 नीलाम कराया गया तथा नीलामी से प्राप्त धनराशि 53,100 रूपयो को वादी मुकदमा सोनम शिरिंगग पुत्र वांगछुक दोरजि निवासी सहस्त्र धारा रोड नजदीक डीकेआईआई मोनअस्टर्य, कुलहन देहरादून, उत्तराखण्ड के सुपुर्द किया गया। वादी द्वारा जनपद पुलिस को धन्यवाद कर भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

## पेज 1 का शेष...

### बिहार विस की सभी सीटें अकेले लड़ेगी...

पार्टी भविष्य की चुनावी लड़ाईयों की तैयारी करते हुए पूरे भारत में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को मजबूत करना चाहती है। पार्टी ने भविष्य की चुनावी तैयारियों के लिहाज से पार्टी ने राज्यों को दो समूहों में वगीर्कृत किया है। श्रेणी ए में वे राज्य शामिल हैं, जहां महत्वपूर्ण मुकाबले हैं और जहां अरविंद केजरीवाल सक्रिय रूप से शामिल होंगे। ये राज्य हैं गुजरात, हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली और गोवा। इसके विपरीत, श्रेणी बी में वे राज्य शामिल हैं जहां स्थानीय नेतृत्व चुनाव रणनीतियों का मार्गदर्शन करेगा। फिलहाल इतना तय है कि अरविन्द केजरीवाल अब दिल्ली की पराजय की कड़वी यादें भूल चुके हैं और आम आदमी पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार चुनाव इस तैयारी की प्रथम कड़ी है।

### भाजपा सरकार ने असम को धोखा दिया...

निचले इलाकों और नदियों के तटीय इलाकों में हालात ज्यादा खराब हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के हालात पर चिंता जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'असम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हुई मौतों का समाचार अत्यंत दुखद है। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ईश्वर सभी की रक्षा करें। केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ उठानी पड़े। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं से भी आग्रह करती हूं कि प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद करें।'

वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर पूर्वी राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की है। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि मोदी सरकार उत्तर पूर्व के लोगों के साथ इस मुश्किल घड़ी में मजबूती के साथ खड़ी है। मौसम विभाग ने उत्तर पूर्वी राज्यों में 5 जून तक बारिश का अनुमान जारी किया है। कुछ इलाकों में इस दौरान भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### हम आतंकवाद के खिलाफ कंधे से कंधा...

कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।' उन्होंने कहा कि भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोरोना महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी।'

### संगठित अपराध के खिलाफ होगी ...

सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। हमारी पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में होगी। प्रदेश सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए एआई की मदद लेंगे। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोखथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है।

साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन से पुलिसिंग की दिशा स्पष्ट और निरंतर रही है। इस दिशा में ये कार्य उनके मार्गदर्शन में नए जोश और रणनीतिक जोर के साथ जारी रहेगें। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहें। निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। मेरा प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि ये सभी बिंदु उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करेंगे और मुझे विश्वास है कि बल के सभी सदस्य इनमें से प्रत्येक को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

## नगर आयुक्त ने की नाला सफाई की समीक्षा

अलीगढ़, 02 जून (तरूणमित्र)। बीती रात मूसलाधार बारिश में शहर में जल भराव को देखकर सोमवार को कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में नाला सफाई की नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ने सभी नालो को 15 जून तक हर हाल में साफ करने के निर्देश दिए। नालो की सफाई का भौतिक सत्यापन इस बार स्वच्छता निरीक्षकों के साथ सभी अवर अभियंता को करने के लिए कहा गया सभी अवर अभियंता को नाला सफाई के पर्यवेक्षण का जिम्मा सौपा गया है। नगर आयुक्त ने नालो से निकली सिल्ट को सड़क पर न डालने के लिए भी अधीनस्थों को निर्देश दिए है।


**मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, गोण्डा**

ई-निविदा सूचना दिनांक :0206.2025

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1-ई.नि.वि.सं.-26/विविमं(गो)/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ, गोण्डा क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 100 के.वी.ए. से अधिक क्षमता वाले वितरण परिवर्तकों हेतु Tailless fuse unit की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य, प्रपत्र शुल्क 3540.00 तथा धरोहर धनराशि रू. 99.960.00 है।
2-ई.नि.वि.सं.-27/विविमं(गो)/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय, गोण्डा के क्षेत्रान्तर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों पर लाइनों के मरम्मत के कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति। प्रपत्र शुल्क 1180.00 तथा धरोहर धनराशि रू. 3,380.00 है।

**ई-निविदा की अंतिम तिथि 18 जून 2025, 17:00 बजे**

**(राधेश्याम भास्कर) अधीक्षण अभियन्ता-विद्युत वितरण मण्डल, गोण्डा**

**राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं। बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाएं।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**पत्रांकः- 2573-वि.वि.मं.(गो.)/टी-17 दिनांकः 02.06.2025**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लधु डाल नहर खण्ड, लखनऊ।
पताः– 3/435 ए विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांकः– 783 /ई–नि0सू0/अधि0अभि0/ल0डा0न0ख0ल0/2025–26/दिनॉक–28/05/2025

–:शुद्धि पत्रः–

इस कार्यालय के पत्रांक सं0 688/अधि0अभि0/ल0डा0न0ख0ल0/2025–26 / दिनॉक–09.05.2025 द्वारा खण्ड के अन्तर्गत जनपद सीतापुर में स्थापित गोकुलपुर पम्प नहर की अल्पकालीन ई–निविदा सू0सं0 10/नि0सू0/अधि0अभि0/ल0डा0न0ख0ल0/2025–26 आमंत्रित की गयी थी। जिसकी ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि दिनॉक 21.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनॉक 29.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक थी एंव तकनीकी बिड दिनांक 29.05.2025 को अपराहन्न 03:00 बजे खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणवश उक्त ई–निविदा अब दिनॉक 09.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जायेगी एंव तकनीकी बिड दिनांक 11.06.2025 को अपराहन्न 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
लधु डाल नहर खण्ड,लखनऊ

U.P. 234515 dt. 02/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


## गुमशुदा की तलाश



नाम- अवनीश
उम्र- 28 वर्ष लगभग
पिता का नाम- मंशाराम वर्मा
ग्राम-पीरा नगर उमरपुर
थाना- देवा, जनपद-बाराबंकी
सूचनाकर्ता नाम व मोबाइल नं. मंशाराम वर्मा (पिता)मो0नं0- 9129079719, 7398088175

**हुलिया**-कद लगभग 5 फिट, सांवला रंग, शरीर दुबला पतला, तथा आंख, नाक व कान कद औसतन, तथा बोली हिंदी है, **पहनावा**-ग्रे रंग की लोवर व मटमैला टी शर्ट पहने हुए था, **विवरण-गुमशुदा**-अवनीश जो दिनांक-04.05.2025 को शाम 07:00 बजे खेत में काम करने के लिए गांव में ही मजदूरों को ढूढ़ने के लिए घर से निकला था, वापस नहीं लौटा व तभी से लापता है, काफी तलाश किया किन्तु पता नहीं चला, यदि इस सम्बन्ध में कोई सूचना मिलती है तो निम्न मोबाइल नम्बर पर अवगत कराने का कष्ट करें।

जांचकर्ता/ विवेचक एसआई
अखिलेश प्रजापति- 8299311814
प्रभारी निरीक्षक देवा- 9454403060,
क्षेत्राधिकारी नगर- 9454401386
जनपद-बाराबंकी

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रोहित वर्मा व पुत्रवधू सुनैना वर्मा पुत्री हंसराज वर्मा निवासीगण-544ग/1189, बरौरा हुसैनबाड़ी, जनपद-लखनऊ का व्यवहार, घरेलू एवं सामाजिक व पारिवारिक प्रतिष्ठा के विपरीत है शपथी के पुत्र का विवाह दिनांक-17.05.2023 में हुआ था जिसके पश्चात से ही पुत्र व पुत्रवधू शपथी व परिवार से अलग निवास करते आ रहे हैं। शपथी का पुत्र व पुत्रवधू न तो शपथी का कहना मानते हैं और न ही शपथी की देखभाल में सहयोग करते हैं परिवार वालों के प्रति अत्यधिक क्रूरतापूर्वक, असामाजिक तरीके से पेश आते हैं तथा आये दिन लड़ाई झगड़ा किया करते हैं, इससे परेशान हो हमने अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं और उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राम विलास वर्मा, पुत्र बराती लाल वर्मा निवासी 544ग/1189, बरौरा हुसैनबाड़ी, जनपद-लखनऊ**

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# हाथ में रोटी लेकर कहा 'मुख्यमंत्री जी रोटी दो'

## प्रदर्शनः टीईटी, डीएलएड/बीटीसी प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल

- दो जून को दो जून की रोटी के लिए शिक्षक भर्ती को लेकर प्रदर्शन
- रात में टॉर्च की रोशनी में चल रहा धरना





**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** लखनऊ के ईको गार्डन में प्रदेश भर के शिक्षामित्रो ने ईको गार्डेन में प्रदर्शन और प्रयागराज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग पर शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर शिक्षक बेरोजगारों का धरना दिया। सोमवार को दो जून की रोटी के लिए महाधरना शुरू हुआ।

धरने में हर जिले के अभ्यर्थी पहुंच रहे हैं। महाआंदोलन में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण, डीएलएड/ बीटीसी प्रशिक्षित अभ्यर्थी शामिल हैं। दरअसल बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के 2 लाख खाली पदों पर भर्ती की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं ने आंदोलन शुरू किया है। एलनगंज स्थित उप्र शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के दफ्तर के बाहर यह धरना 26 मई से चल रहा है। अभ्यर्थी दिन-रात यहीं पर धरना दे रहे हैं। रात में अभ्यर्थी टॉर्च की रोशनी में धरना दे रहे हैं। पूरा परिसर भर्ती दो, भर्ती दो के नारों से गूंज रहा है। जबकि लखनऊ के ईको गार्डन के शिक्षामित्रों का प्रदर्शन जारी है। ह्यदो जून की रोटी की मांग को लेकर हजारों की संख्या में प्रदेशभर से आए शिक्षामित्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

इन सभी ने टीईटी और सीटीईटी पास कर शिक्षक बनने का सपना संजोया था, लेकिन वर्षों के इंतजार और अनिश्चित भविष्य ने उन्हें मजबूर कर दिया कि वे सड़क पर उतरे और सरकार से अपना हक मांगें। प्रदेश के 75 जनपदों से आए शिक्षामित्रों का कहना है कि वे लंबे समय से नियोजन, वेतनमान और स्थायी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। अनेक बार सरकार से गुहार लगाने के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है।

उनका कहना है कि वे राज्य की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं, फिर भी उन्हें न्यूनतम मानदेय और अस्थायी भविष्य के भरोसे छोड़ दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में रोटी लेकर प्रदर्शन किया, जो प्रतीक था उनकी आर्थिक तंगी और असुरक्षा का। उनका स्पष्ट संदेश था कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे हैं। वे बार-बार यह दोहरा रहे थे कि हमें सिर्फ नौकरी नहीं, जीवन जीने का अधिकार चाहिए।

दो वक्त की रोटी भी नहीं मिल पा रही है, तो कैसे करें बच्चों का पालन? वर्षों तक सेवा देने के बावजूद शिक्षामित्रों को न तो पूर्ण शिक्षक का दर्जा मिला और न ही उनके अनुभव का लाभ। अनेक शिक्षामित्रों का कहना है कि वे 10-15 साल से शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन आज भी संविदा कर्मी की तरह काम करने को मजबूर हैं। कुछ ने कहा कि वे अब मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शिक्षा मंत्री से निम्नलिखित मांगें रखीं जिनमे सभी टीईटी और सीटीईटी पास शिक्षामित्रों को प्राथमिक विद्यालयों में स्थायी नियुक्ति दी जाए।

पुरानी सेवा अवधि को शिक्षक भर्ती में जोड़ा जाए। मानदेय में वृद्धि कर न्यूनतम वेतन रू. 25,000 किया जाए। शिक्षामित्रों के लिए अलग से नीति बने ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किए गए वादों को लागू किया जाए। अब तक राज्य सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि कुछ विधायकों ने व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। विपक्षी दलों ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी और नौकरी के नाम पर धोखा है। कांग्रेस और सपा के कुछ नेताओं ने प्रदर्शन में पहुंचकर शिक्षामित्रों का समर्थन भी किया। प्रदर्शन को देखते हुए लखनऊ पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इको गार्डन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, हालांकि शाम होते-होते भीड़ को हटाने के प्रयास शुरू किए गए।

### अखिलेश ने किया सरकार पर हमला

अखिलेश ने वीडियो एक्स पर वीडियो करते हुए लिखा है कि प्रयागराज में शिक्षा चयन बोर्ड के सामने बेसिक शिक्षक के अभ्यर्थियों और लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेश भर के शिक्षामित्रों के 2 जून को 2 जून की रोटी के संघर्ष का प्रदर्शन सच में चिंतनीय है क्योंकि एक तरफ 7 सालों से शिक्षा चयन बोर्ड की बेसिक शिक्षकों की वैकेंसी नहीं आई है और दूसरी तरफ शिक्षा मित्रों को मात्र 11 महीने ही वेतन मिलता है और वो भी केवल 10 हजार प्रति माह।

शिक्षामित्र जानते हैं कि रोटी को थाली की तरह बजाने से आवाज नहीं आती है, इसीलिए वो सोती सरकार को जगाने के लिए गुहार-पुकार का भी सहारा ले रहे हैं। केवल परिवारवाले ही ये जानते हैं कि चंद पैसों में परिवार चलाना कितना मुश्किल होता है। हम हर शिक्षामित्र और उनके परिवार के साथ हैं।



कुकरैल नदी की डी-शिल्टिंग/ड्रेजिंग के किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण करती मंडलायुक्त रौशन जैकब। छायाः तरूणमित्र

## सपा महिला कार्यकर्ताओं का हंगामा पुलिस ने घसीटकर वैन में डाला



### हजरतगंज चौराहे पर हंगामा, इको गार्डन में छोड़ा

**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी की महिला सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। हजरतगंज चौराहे पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाएं हाथ में बैनर लिए थीं, जिसपर लिखा था-बीजेपी नेताओं से बहन बचाव बेटी बचाओ-मैनपुरी अश्लील वीडियो'। महिलाओं ने नारा लगाया-बलात्कार के मामलों में यूपी सबसे आगे है। एनसीआरबी कहती है कि रेप में यूपी सबसे आगे है।

इस दौरान महिलाओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। पुलिस से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर देर शाम इको गार्डन में छोड़ दिया। सपा महिला नेता समयून खान ने कहा कि महिला अपराध में यूपी नंबर वन है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिला अपराध में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। प्रतिदिन महिलाओं के साथ रेप, हत्या जैसी खबरें सामने आ रही हैं।

मिजोरम में महिलाओं को नग्न करके सड़कों पर घुमाया गया। भाजपा के नेताओं को शर्म नहीं आती है। यह लोग झूठे वादे और आंकड़े पेश करते हैं। समयून खान ने कहा कि यूपी में रेप आम बात हो गई है। आए दिन दलित महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। 6 वर्ष की मासूम बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां पर सिर्फ कागजों में कानून व्यवस्था सुगम है। उत्तर प्रदेश में जब से योगी सरकार आई है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जितना विपक्ष की महिलाओं को प्रदर्शन से रोकने के लिए संघर्ष कर रही है। उतना अपराध को रोकने के लिए प्रयास करे तो महिलाएं सुरक्षित हो जाएं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के ऊपर अभद्रता करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन में छोड़ दिया है।



तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। छायाः तरूणमित्र

## शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे को मार डाला

### जानकीपुरम थाना क्षेत्र का मामला

**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** जानकीपुरम इलाके में सोमवार को बड़े भाई ने छोटे भाई को मार डाला। दोनों शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ी कि बड़े ने छोटे का गला दबा दिया। कुछ ही देर में छोटे की जान चली गई।

घटना जानकीपुरम इलाके की सुबह करीब 7:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक जानकीपुरम के सेक्टर-6 निवासी अमित मिश्रा (35) ने शराब के नशे में अपने छोटे भाई रवि मिश्रा (20) की गला दबाकर हत्या कर दी। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

मृतक के पिता राम लखन दवा की दुकान पर काम करते हैं। मौत की सूचना के बाद घर में जो भी पहुंच रहा है, उससे मां बड़े बेटे को बचाने की गुहार लगा रही हैं। वह सबसे रोते हुए कहती हैं कि मेरे बड़े बेटे को बचा लो। उसने अपने भाई की हत्या नहीं की। यह दोनों के बीच मारपीट के दौरान हुआ हादसा है। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के मुताबिक, नशेबाजी के विवाद में बड़े भाई ने छोटे की हत्या की है।

रवि की मां की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आरोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, जानकीपुरम इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि दो भाइयों में शराब के नशे में विवाद हुआ है। झगड़े में एक भाई की जान चली गई। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महिलाओं युवाओं और बुजुर्गों के हितों की सुरक्षा की गारंटी दे रही सरकार



**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** बीजेपी किसानों व्यापारियों मजदूर महिलाओं युवाओं और बुजुर्गों के हितों की सुरक्षा की गारंटी देते हुए उन्हें विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रही है। आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से छूटा हो देश और प्रदेश में विकास के कार्यों को देखते हुए आने वाले दिनों में भारत को विश्व गुरु के पटल पर चमकने से कोई नहीं रोक सकता, यह बात आज वरिष्ठ व्यापारी नेता सनी सरना ने कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भाजपा ने देश को उन्नत की ओर ले जाने की पहल की है। आज व्यापारियों किसानों महिलाओं बुजुर्गों एवं नौजवानों का उत्थान किया जा रहा है, उनकी छोटी सी छोटी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। सरना ने कहा पूर्व की सरकारों ने हमेशा जनता को धोखा दिया जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए लेकिन हकीकत में कुछ भी नहीं किया। देश और प्रदेश की जनता भली-भांति जान चुकी है कि भाजपा ही देश का उत्थान कर सकती है।

## ऊर्जा मंत्री बताएं निजीकरण के बाद सरकार सब्सिडी देगी या नहीं

**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा यह स्पष्ट करें कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत निगम के निजीकरण के बाद सरकार निजी घरानों को सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं। समिति ने आरोप लगाया है कि ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के मामले में पावर कॉरपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे अधिवक्ताओं से राय लेकर निदेशक वित्त ने फाइल पर क्लिन चिट दे दी है। निजीकरण के विरोध में सोमवार को 187 वें दिन प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। आज प्रयागराज में बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से पूछा है कि वह बताएं कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों का निजीकरण हो जाने के बाद निजी कंपनी को उत्तर प्रदेश सरकार सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं देगी। समिति ने कहा कि विगत वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22000 करोड़ रुपए से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है।

## फाइन आर्ट वर्कशॉप का हुआ उत्साहपूर्वक आगाज

**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** सरोजनी नगर स्थित श्रीकृष्ण दत्त एकेडमी वृंदावन में बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में प्रकृति से जोड़ने और उनके अंदर स्थित कला का सुचारू रूप से विस्तार करने,रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए छह दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। 2 जून से 6 जून तक कार्यशाला चलेगी तदोपरांत प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। प्रथम तीन स्थान आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## केजीएमयूः ट्रामा में आईसीयू वेंटीलेटर बेड के लिए नहीं लगानी होगी भागदौड़



**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में अब जनता और मरीज के तीमारदारों को आईसीयू और वेंटीलेटर बेड के लिए भाग–दौड़ नहीं करनी होगी। जोकि खाली बेडो की जानकारी अब रियल टाइम में ऐप प्राप्त होगी। ये जानकारी डॉ अमिय अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक ट्रामा, केजीएमयू ने दी। उन्होंने बताया सोमवार को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में एक जनहितैषी तकनीकी नवाचार की शुरूआत की गई। ट्रामा सेंटर में आईसीयू वेंटीलेटर बेड की उपलब्धता अब रियल टाइम में ऐप आधारित डैशबोर्ड के माध्यम से सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। इस व्यवस्था का शुभारंभ उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा कुलपति प्रो.(डा.) सोनिया नित्यानंद की उपस्थिति में किया गया।

डॉ अमिय के मुताबिक, इस डैशबोर्ड का उद्देश्य आईसीयू में उपलब्ध वेंटिलेटर बेड की वास्तविक समय स्थिति को पारदर्शी रूप से आम जनता और तीमारदारों के समक्ष प्रस्तुत करना है। डॉ अमिय अग्रवाल चिकित्सा अधीक्षक ट्रामा ने इसकी कुछ मुख्य विशेषताएं बताते हुए कहा कि डैशबोर्ड ट्रामा कॉरिडोर जैसे सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित रहेगा। आईसीयू वेंटीलेटर बेड की रिक्तता या भरे होने की स्थिति रियल टाइम में दर्शाएगा। किसी मरीज को डिस्चार्ज होते ही जानकारी अपने आप अपडेट हो जाएगी। उन्होंने बताया यह प्रणाली उस आम धारणा को तोड़ेगी कि वेंटिलेटर बेड पर वीआईपी को प्राथमिकता दी जाती है। पारदर्शिता से आम जन का विश्वास स्वास्थ्य व्यवस्था पर और मजबूत होगा। लोग स्वयं स्क्रीन पर देखकर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि बेड उपलब्ध है। इस अवसर पर सावधान डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### आम धारणा को तोड़ेगी कि वेंटिलेटर बेड पर सिर्फ वीआईपी का हकः डॉ. अमिय

साथ ही न्यूमेटिक ट्यूब सिस्टम का भी उद्घाटन हुआ, जिससे मरीजों को उनके वार्ड में ही दवाइयां और रिपोर्ट्स शीघ्रता से प्राप्त होंगी। समारोह के दौरान उप-मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर डॉ. सोमिल जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ट्रॉमा सेंटर, डॉ. समीर मिश्रा, प्रभारी, स्कूल ऑफ स्किल एवं डॉ. धीरेंद्र पटेल एवं डॉ. समीर कुमार, कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर, ट्रामा, केजीएमयू उपस्थित रहे।

## लविवि कैंटीन में बोतल बंद पानी में मिला मच्छर



**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** लविवि की कैंटीन में बोतलबंद पानी में मरा मच्छर मिला है। इसके बाद लोगों ने मामले की शिकायत की है। उनका कहना है कि कंपनी लापरवाही से बोतल में पानी पैक कर रही, जिसके कारण लोगों की सेहत खराब होने का खतरा बना हुआ है। उनका कहना है कि कस्टमर के हाइजीन का ख्याल नहीं रखा जा रहा।

लखनऊ विश्वविद्यालय की कैंटीन का संचालन आकाश त्रिपाठी करते हैं। उनका कहना है कि सोमवार को यूनिवर्सिटी के बच्चे कैंटीन में पानी लेने के लिए पहुंचे, तो फ्रिज से पानी निकाल कर दिया। इस दौरान बच्चों ने कहा कि पानी में मच्छर मरा हुआ है। इसके बाद कस्टमर को दूसरे ब्रांड का पानी दिया गया। उन्होंने कहा कि अमृत ब्रांड का पानी हमने खरीदा था। इसमें यह समस्या मिलने के बाद पूरा पानी कंपनी को वापस करने का फैसला किया है। आकाश ने बताया कि मामले में शिकायत की है।

कंज्यूमर फोरम में कंपनी के खिलाफ शिकायत भी करेंगे, ताकि कस्टमर के हाइजीन का ख्याल भी रखा जाए। उन्होंने कहा कि पानी की बोतल कस्टमर को देने के बाद पहले विश्वास भी नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है, लेकिन देखने के बाद पता चला कि एक लीटर पानी में मरा हुआ मच्छर मिला है।


## रेलवे बोर्ड के ऑपरेशन एंड बिजनेस डेवलपमेंट सदस्य ने किया निरीक्षण



**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** सोमवार रेलवे के ऑपरेशन एण्ड बिजनेस डेवलपमेंट सदस्य हितेंद्र मल्होत्रा ने लखनऊ के रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे सुनील कुमार वर्मा एवं मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर रेलखंड की संरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने मार्ग में उतरेटिया और ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशनों का निरीक्षण किया। मल्होत्रा ने उतरेटिया रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन पर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## चेयरमैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर पार्षदों का हंगामा

### 75 जनपदों से सभासद और पूर्व सभासद लखनऊ पहुंचे




**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** सोमवार इको गार्डन में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। उत्तर प्रदेश सभासद संगठन (नगरीय निकाय) ने प्रदर्शन हुआ। ईइसमें यूपी के 75 जनपदों से सभासद और पूर्व सभासद धरना देने लखनऊ पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। इस दौरान प्रदेश सरकार से 10 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

चिलचिलाती हुई धूप में प्रदेश भर के सभासद नारा लगा रहे थे 'चाहे जो मजबूरी हो-हमारी मांगे पूरी हो'। प्रदर्शनकारियों ने इको गार्डन से निकलने का प्रयास किया इस दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शन कर रहे सभासद ने कहा कि आज हमारा परिवार भूखमरी भरी की कगार पर आ गया है।

सारी व्यवस्थाएं अध्यक्ष के लिए है सभासद को कुछ भी नहीं मिल रहा है। हमारे सामने रोटी का संकट है। घर का खर्च पूरा नहीं हो रहा है। प्रयागराज से प्रदर्शन में शामिल होने आए अरशद ने कहा कि फूलपुर नगर पंचायत से सभासद है। 10 सूत्री मांगों को लेकर भीषण गर्मी में प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं।

पार्षद के पास कोई शक्ति नहीं है वित्तीय पावर सारी अध्यक्ष के पास होती है। सभासद को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया जाता है। सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर लागू करने में सभासद मुख्य भूमिका निभाता है। निस्वार्थ सेवा और कार्यों के बदले में हमें अपमान का घूंट पीना पड़ता है। अरशद उल्ला ने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि सभी सभासदों को 15 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए।

वार्ड में विकास के लिए सालाना बजट 35 लाख रुपए जारी किया जाए। प्रदेश के मेयर और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लागू किया जाए। ताकि अध्यक्ष की लगाम सभासद के हाथ में आ जाए। अविश्वास प्रस्ताव खत्म होने से मेयर और अध्यक्ष निरंकुश हो चुके हैं। सभासद के आकस्मिक मृत्यु पर परिजन को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। अयोध्या से आए आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि विकास काम जो कुछ भी करता है वह सभासद ही करता है। अगर जिताने का काम सभासद कर सकते है तो हराने के काम भी कर सकते हैं। अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो 2027 में बहुत बुरा हाल होगा। सभासद का भी परिवार होता है हम लोग भी भोजन करते हैं हमें भी आर्थिक सहयोग की जरूरत है। नगर पंचायत में 15 हजार रुपये आता है जिसे भ्रष्ट चेयरमैन अकेले खा जाते हैं। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो इको गार्डन का गेट तोड़कर विधानसभा कूच कर जाएंगे। हम लोग रुकने वाले नहीं है जब तक मांग पूरी नहीं होगी संघर्ष जारी रहेगा।

## प्राइवेट गाड़ियों से सवारी ढोने वालों पर परिवहन कसेगा शिकंजा

**लखनऊ।** उप्र परिवहन विभाग अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा और प्राइवेट वाहनों पर एक बार फिर से शिकंजा कसने जा रहा है। अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह ने बताया कि 1 जून से 15 जून तक लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान खासतौर पर अपंजीकृत ई-रिक्शा और व्यावसायिक कार्यों में लगे निजी नंबर वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पॉलिटेक्निक चौराहा, कमता, चारबाग, आलमबाग और एक्सप्रेसवे रोड जैसे इलाकों से प्राइवेट गाड़ियों में सवारियां ले जाई जाती हैं। गाड़ियों में ऑल्टो, वैगनआर, बोलेरो जैसे निजी नंबर वाले वाहन शामिल हैं, जो बिना किसी परमिट के टैक्सी या कैब की तरह चल रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान के दौरान पकड़े जाने पर वाहन मालिकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त चालान, जुमार्ना और वाहन सीज जैसी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई वाहन बार-बार नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसका रजिस्ट्रेशन तक रद्द किया जा सकता है। कार्यालय परिवहन आयुक्त, लखनऊ की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यह अभियान प्रदेशभर में समान रूप से लागू किया जाएगा।

## त्यौहार–गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड परः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ, 02 जून (तरूणमित्र)।** आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी मेडिकल संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दवाएं, मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। सोमवार को डिप्टी सीएम के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे।

डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। 102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। कम समय में मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए। अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का इंतजाम रखें। खासतौर पर गर्मी से होने वाली बीमारियों की। एन्टी स्नैक वेनम और एन्टी रैबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। 24 घंटे पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी समेत दूसरे उपकरण क्रियाशील रखे जाये।

### ये भी दिए निर्देश

संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रभावी कार्यवाही अन्तर्विभागीय समन्वय, जन सहभागिता, प्रतिरक्षा, सर्विलांस, केस बेस्ड एक्टिविटी एवं बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा भवनों की स्ट्रक्चर सुरक्षा, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा का सतत अनुश्रवण किया जाये। अस्पतालों में बिजली एवं पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।